लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 63, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों जरूरी हो जाती है इच्छामृत्यु व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 39 | सूर्यास्त 18 : 36

हल्द्वानी, रविवार, 21 अप्रैल 2024

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज...13

भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी को सजा

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी एक व्यवसायी को रिश्वतखोरी और कर चोरी के जुर्म में 18 महीने की परिवीक्षा और 200 घंटे की सामुदायिक सेवा की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अरमान आमिरशाही (46) कई रिश्वतखोरी संबंधी कई योजनाओं में शामिल था। इनको मैरीलैंड स्थित कैपिटल हाइट्स के एंथनी मेरिट और डीसी ऑफिस ऑफ टैक्स एंड रेवेन्यू (ओटीआर) के पूर्व प्रबंधक विंसेंट स्लेटर ने बनाया था।

शंभू रेलवे स्टेशन पर पटरियों से नहीं हटे किसान, 54 ट्रेन रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब के पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का पटरियों पर धरना चौथे दिन भी जारी रहने के कारण अंबाला-अमृतसर मार्ग पर कुल 54 ट्रेनें शनिवार को रद करनी पड़ीं।

रेलवे अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शन के कारण पिछले तीन दिन में 380 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तार किसानों की रिहाई के लिए बुधवार को पंजाब-हरियाणा सीमा के पास शंभू में पटरियों पर बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि जब तक तीनों किसानों को रिहा नहीं किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

● तीनों किसानों को रिहाई को लेकर किसान ट्रैक पर डटे

मनमोहक

गर्मियों में मैदानी क्षेत्रों में भले ही धूल के गुबार उठते हों लेकिन पहाड़ में इन दिनों आसमान साफ है। ऐसे में सरोवर नगरी से हिमालय की चोटियां साफ नजर आती हैं। नैनीताल में शनिवार को हिमालय दर्शन से हिमालय के पंचाचूली पर्वत का विहंगम नजारा कैमरे में कैद हुआ। ● संतोष बोरा

शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न के आरोपी को उम्रकैद

नैनीताल। नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने अनुसूचित जाति की युवती को शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक यौन उत्पीड़न के आरोपी को शनिवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 16 फरवरी 2022 को हल्द्वानी थाने में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक निजी अस्पताल में सेवारत है और उसी अस्पताल में वार्ड ब्वाय के रूप में कार्यरत गौलापार निवासी रोहित पलडिया ने शादी का झांसा देकर उसके साथ अलग अलग स्थानों में दुराचार किया था।

कम मतदान से सियासी दलों की उड़ी नींद

2009 के बाद फिर घटा मतदान, वोट प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम को झटका, आयोग ने दी सफाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः चुनाव आयोग ने राज्य में 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने को तमाम कवायद की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके विपरीत मतदान का प्रतिशत घटकर राज्य में 15 साल पहले के परिणाम पर जा पहुंचा। इससे निर्वाचन आयोग की अधिक मतदान कराने की मुहिम को तो झटका लगा है, वहीं सियासी दलों की भी नींद उड़ गई है। कम मतदान का किसे फायदा होगा अथवा किसे नुकसान, इस पर विश्लेषक समीक्षा करने में जुट गए हैं।

उत्तराखंड में निर्वाचन आयोग के साथ ही राजनीतिक दलों की कोशिशों के बावजूद मतदान गिर गया। उत्तराखंड मत प्रतिशत के मामले में फिर से 2009 वाली स्थिति में आ गया है। 2004 में मतदान 49.25 प्रतिशत, 2009 में 53.96 प्रतिशत हुआ था। इसके बाद 2014 में मतदान प्रतिशत बढ़कर 62.15 प्रतिशत पर पहुंच गया। फिर 2019 में यह आंकड़ा गिरकर 61.50 प्रतिशत पर आया। इस बार यह आंकड़ा 2009 के आसपास यानी 55.89 प्रतिशत तक आ गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को चुनाव आयोग ने प्रदेश भर में स्वीप की मदद से 60 लाख लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई थी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे का मानना है कि कम मतदान के कई कारण हो सकते हैं। वह कहते हैं कि शादी-विवाह अधिक थे। मैदानी जिलों में गर्मी भी ज्यादा थी। इस वजह से भी मतदान कम हुआ होगा।

सियासी दलों की बात करें तो सभी अपने-अपने दावे कर रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में मत प्रतिशत 60 प्रतिशत के पार हो गया था और भाजपा को पांचों सीटें मिली थीं लेकिन इस बार मत प्रतिशत कम रहना भाजपा के लिए चिंता की बात हो सकती है, हालांकि भाजपा नेताओं का कहना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उधर कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया है कि भाजपा को चुनाव में भारी नुकसान होने वाला है। कम प्रतिशत से भाजपा को ही नुकसान होगा।

विपक्ष ने हार स्वीकारी, इसीलिए कम मतदान : भाजपा

देहरादून। भाजपा ने उत्तराखंड में मतदान प्रतिशत कम होने के लिए कांग्रेस मतदाताओं की उदासीनता को भी जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि शुक्रवार को 75 फीसदी मतदान भाजपा के पक्ष में हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी की उम्मीद के मुताबिक ही जनता नरेंद्र मोदी को वोट करने निकली। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत कम होने में विपक्ष के हार स्वीकारने और उनके कोर वोटरों की उदासीनता के अलावा वैवाहिक सीजन तथा मौसम का अहम रोल रहा है।

पोलिंग पार्टियों के पहुंचने और स्क्रुटनी के बाद बढ़ सकते हैं आंकड़े : आयोग

उत्तराखंड के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि राज्य की 05 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सभी पोलिंग पार्टियों के पहुंचने और स्क्रूटनी के बाद मतदान प्रतिशत का पूरा आंकड़ा प्राप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि 12 हजार 670 ऐसे मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, दिव्यांग मतदाता और आवश्यक सेवा वाले विभागों से जुड़े कार्मिक हैं। राज्य में 93 हजार 187 सर्विस वोटर भी हैं। जिन सर्विस वोटरों के मतगणना दिवस तक प्रात : 08 बजे तक डाक मतपत्र आरओ तक पहुंच जायेंगे, उन सभी को मतगणना में शामिल किया जायेगा।

पिछले दो लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत में काफी उछाल आया था। जिसका लाभ भाजपा को मिला था। इस बार भाजपा ने ध्रुवीकरण की बहुत कोशिशें की। उन्माद फैलाया गया। उसके बाद भी मत प्रतिशत नहीं बढ़ा। कांग्रेस ने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है। हर जगह हमने केवल मुद्दों की बात ही करी है। नौकरी पेशा, व्यापारी, किसान बड़ी संख्या में भाजपा से नाराज हैं। हमने बड़ी सभाओं की जगह छोटी सभाओं पर जोर दिया है। हम चुनाव में अभी तक बढ़त में हैं। भाजपा के अबकी बार 400 पार के जुमले की जल्द ही पोल खुलने वाली है। **-करन माहरा**-कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

उत्तराखंड से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की वजह से बाहर रहते हैं। जिसका असर मतदान पर पड़ता है। इस समय शादी का भी सीजन चल रहा है। इसी तरह फसल कटाई का भी दौर चल रहा है। किसान और श्रमिक बड़ी संख्या में खेतों में हैं। इस वजह से मतदान में गिरावट आई है, हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि मतदाताओं में पिछले दो लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार मतदान को लेकर थोड़ी उदासीनता तो रही है लेकिन कम मतदान से भाजपा के प्रदर्शन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम भारी मतों से पांचों सीटें जीत रहे हैं। **-राजेंद्र सिंह बिष्ट**, प्रदेश महामंत्री, भाजपा

मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था।



लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मुरादाबाद सीट से उन्हें चौथी बार प्रत्याशी बनाया था। वह 2009 से लगातार लोकसभा चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी रहे। जिसमें 2014 में वह इस सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने। जबकि 2019 में वह सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से हार गए। 2024 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया। वह 12 अप्रैल को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में मंच पर आए थे। उनके निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक जताया और कहा कि कुंवर सर्वेश का निधन भारतीय जनता पार्टी और उनके लिए व्यक्तिगत आघात है। वह पार्टी के स्तंभ थे। एक बार सांसद व पांच बार पार्टी के विधायक रहे।

भाजपा ने अमीरों को पैसा बांटा, हम गरीबों को देंगे

अमरोहा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली और विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है भाजपा

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया, हम गरीबों को देंगे। केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा।

युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रेंटिस का हक दिया जाएगा। अग्निवीर योजना को रद कर दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा है। पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलती थी। शहीद होने का दर्जा मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह सब बंद कर दिया। अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं को बेरोजगार रखना चाहती है। जितनी भी परीक्षाएं हुईं, सबका पेपर लीक हुआ है। भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन लेना कर दिया था बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन का इंजेक्शन बंद कर दिया था और वह साधारण मधुमेह रोधी दवा ले रहे थे। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भेजी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी।

आप नेता आतिशी ने कहा कि रिपोर्ट ने भाजपा की साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने पूछा भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है? उन्होंने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे। अधिकारियों ने तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल ने कुछ महीने पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था और गिरफ्तारी के समय मेटफॉर्मिन नामक एक साधारण मधुमेह रोधी गोली का सेवन कर रहे थे। केजरीवाल तेलंगाना के एक निजी चिकित्सक से मधुमेह का उपचार करा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिहाड़ जेल में अपनी स्वास्थ्य जांच के दौरान केजरीवाल ने चिकित्सकों को बताया कि वह पिछले कुछ वर्षों से इंसुलिन ले रहे थे और कुछ महीने पहले इसे लेना बंद कर दिया था।

तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट

जोमैटो को 11.82 करोड़ का कर नोटिस

नई दिल्ली । जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11.82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा में प्राची और शुभम टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। शनिवार को घोषित परिणामों के अनुसार, दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जहां छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 7.35 ज्यादा रहा वहीं इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 10.64 अधिक रहा। हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी जबकि इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए। 10वीं के परीक्षाफल में जहां टॉप 3 में छात्राओं ने बाजी मारी वहीं 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 अंक के साथ टॉप किया।

प्राची निगम

शुभम वर्मा

दरअसल, इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के ही परीक्षार्थियों ने उप्र. में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक और 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। इस परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 जबकि, बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इंटरमीडिएट में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक और 9,82,778 बालिकाएं हैं। इसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। कुल परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है। हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 29,36,353 संस्थागत एवं 11,982 व्यक्तिगत समेत कुल 29,47,335 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए।

इनमें 27,38,999 संस्थागत और 10,365 व्यक्तिगत यानी कुल 27,49,384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 14,39,243 बालक जबकि 13,10,121 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें 24,55,041 संस्थागत और 6.985 व्यक्तिगत समेत कुल 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए।

टेस्ला के मालिक मस्क ने रद किया भारत दौरा

नई दिल्ली, एजेंसी

टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा टाल दिया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से यात्रा टाल दी ।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है।

दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली इसलिए भारत दौरा रद कर दिया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित करने को लेकर मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। मस्क ने कहा कि भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि, मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (मोदी) से मिलने भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और यात्रा स्थगित करने का फैसला किया।

लॉरेंस बिश्नोई व उसके भाई को वांछित आरोपी घोषित किया

मुंबई। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि मामले में गिरफ्तार विक्की गुप्ता और सागर पाल को कथित तौर पर बिश्नोई बंधुओं से निर्देश मिल रहे थे। अधिकारी ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई एक अन्य मामले में गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल में बंद है, लेकिन माना जाता है कि उसका भाई कनाडा या अमेरिका में है। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस जल्द ही लॉरेंस की हिरासत मांग सकती है।

रहस्य-रोमांच | बैंगनी बैक्टीरिया में कई प्रकार की परिस्थितियों में पनप सकता है जीवन

बैगनी रंग के ग्रहों में छिपा हो सकता एलियंस का जीवन

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : एलियंस की तलाश पृथ्वी के हरे रंग के विपरित बैगनी रंग के ग्रहों में करनी होगी। बैंगनी वह रंग है, जिसमें बैक्टीरिया कई प्रकार की परिस्थितियों में जीवन पनपाने में सक्षम है। एलियंस की तलाश में जुटे वैज्ञानिकों को यह सुझाव कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दिया है।

दरअसल कई दशक बीत जाने के बावजूद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी भी अधूरी है। एलियंस की खोज की दिशा में दुनिया के कई संस्थाओं के वैज्ञानिक जुटे हुए हैं। मगर कोई सुराग आजतक हाथ नही लग सका है। अब एक नया सुझाव सामने आया है। जिसमें पृथ्वी के हरे रंग की विशेषता बताई गई है और किस प्रकार से अन्य ग्रहों पर बैगनी मे जीवन हो सकता है, इस संदर्भ में बताया गया है।

रसायनिक तकनीक आधारित दूरबीनों का निर्माण हो

तकनीकी रूप से बैंगनी बैक्टीरिया के कई रंग होते हैं, जिनमें पीला, नारंगी, भूरा और लाल रंग हैं। ये सभी बैक्टीरिया ऐसी स्थितियों में रहते हैं जो जीवित रहने के लिए अवरक्त प्रकाश या गर्मी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में एलियंस की तलाश में एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप और हैबिटेबल वर्ल्ड्स वेधशाला जुटी हुई हैं।

कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार जब हम अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हैं तो पृथ्वी हरे रंग में रंगी नजर आती है। हरे रंग का अर्थ जीवन होता है। यह पेड़, घास, फसलों और क्लोरोफिल की मदद से उगने वाली हर चीज़ का प्रतिनिधित्व करता है। क्लोरोफिल एक वर्णक है, जो लगभग सभी पौधों में पाया जाता है जो सूर्य से ऊर्जा को अवशोषित करने और प्रकाश को ईंधन में बदलने के लिए प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करता हैं। क्लोरोफिल पौधों को हरा रंग भी देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश या ऑक्सीजन के बिना पृथ्वी के वातावरणों में जीवन ऊर्जा के लिए अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है। इनके अलावा कई बैक्टीरिया बैंगनी रंग के होते हैं। अब सोचने वाली बात है कि क्या किसी अन्य ग्रह की दुनिया में जीवन सूर्य के प्रकाश के बजाय अवरक्त विकिरण का उपयोग करता है।

इस सोच की वजह से हमें बैंगनी ग्रहों की तलाश करनी होगी। इस संदर्भ में कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। इस शोध का विषय पर्पल इज़ द न्यू ग्रीन है। शोध में इस बात की जांच की गई है कि इन्फ्रारेड आधारित जीवन कैसा दिख सकता है। वर्तमान में इंफ्रारेड तकनीक के जरिए कई प्रकार की खोजें की जा चुकी हैं।

नैनीताल में पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है, शनिवार को विभिन्न स्थानों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन कर प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। ● अमृत विचार



पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

सरोवर नगरी में मैदान की भीषण गर्मी से राहत पा रहे सैलानी

पर्यटन सीजन शुरू होते ही सभी पर्वतीय क्षेत्र गुलजार, सरोवर नगरी में पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन और बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : महानगरों में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अब अलग-अलग राज्यों से सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल का रुख करने लगें हैं। पर्यटन सीजन भी शुरू हो चुका है।

शनिवार को वीकेंड पर भी कई राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे। इस दौरान सैलानियों ने विश्वविख्यात नैनी झील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। इसके अलावा सरियाताल, केप गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू आदि पर्यटन क्षेत्रों से नगर की नैसर्गिक सुंदरता व हिमालय दर्शन क्षेत्र से त्रिशूल पर्वत, नंदा देवी, पंचाचूली के विहंगम दृश्यों को अपने कैमरों में कैद किया। पंत पार्क, फड़ बाजार, भोटिया मार्केट, माल रोड से जमकर खरीदारी भी की। जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिली। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मां नयना देवी व्यापार मंडल की बैठक 23 को

पुनीत टंडन।

नैनीताल : पर्यटन सीजन लगभग शुरू हो चुका है ऐसे में अब धीरे-धीरे पर्यटक काफी संख्या में नैनीताल पहुंचने लगे हैं। सीजन के दौरान व्यवस्थाओं को दुरस्त किए जाने को लेकर लेकर मां नयना देवी व्यापार मंडल की ओर से मंगलवार को बैठक बुलाई है। व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि प्रशासन और पुलिस ने अभी तक व्यवस्था को लेकर कोई बैठक नहीं की है। अब चुनाव भी संपन्न हो चुके हैं तो ऐसे में अब व्यापार मंडल खुद ही मंगलवार को बैठक करने जा रहा है। बैठक का निमंत्रण जिला प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन, पुलिस व व्यापारियों को भेजा जा रहा है। नैनीताल की पर्यटन व्यवसाय के अस्तित्व को बचाने के लिए सभी का साथ अपेक्षित है।

भीमताल में व्यवस्था ठीक नहीं, रोष

▸▸ **पार्किंग, पर्यटक सूचना केन्द्र, परिवहन, सड़क, बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग**

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में अब धीरे-धीरे पर्यटक भी पर्वतीय क्षेत्रों का रुख करने लगे हैं। वर्तमान में अभी पर्यटकों की संख्या काफी कम है, लेकिन फिर भी परेशानियां उत्पन्न होने लगी हैं।

अब जब कि पर्यटक वाहनों की संख्या ना के बराबर है। तब भीमताल में यातायात जाम लगना आम बात हो गई है। भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग, भीमताल-भवाली मोटर मार्ग, भीमताल नगर के भीतर के मार्ग जहां वाहन जाते हैं प्रत्येक दिवस यातायात जाम लगने से सभी परेशान हैं। स्थानीय होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद विभागों के द्वारा लाइसेंस देने से अब इनके संचालकों के द्वारा अपने वहां ठहरे पर्यटकों के वाहन को सड़क के किनारे खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों की मानें तो कई बार कहने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। रोडवेज बस स्टैंड और पर्यटक सूचना केन्द्र नहीं होने के कारण पर्यटकों को भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटक स्थलों की जानकारी ही नहीं रहती। बिजली का फीडर अलग करने की मांग लंबित है। जिस पर लगभग 110 किमी दूरी पर थोड़ा सा फाल्ट होने पर बिजली गुल होने से और होटल, रिर्सोट आदि में जेनरेटर चलने से ध्वनि प्रदूषण होने से पर्यटन प्रभावित है।

मोटर मार्ग की दशा को पर्यटन सीजन प्रारंभ होने से पूर्व ही विभाग को ठीक कर लेना चाहिए ताकि परेशानी से बचा जा सके। **-पूरन वृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता

सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। वाहन होने के बावजूद स्थान स्थान पर कूड़े की थैलियां दिखाई देती हैं। व्यवस्था ठीक हो। **-चंदन नौगाई**, पूर्व बीडीसी मेंबर

बिजली की व्यवस्था ठीक हो इसके लिए कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है। बिजली नहीं होने से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती है। **-भारत लोशाली**, निर्वतमान सभासद



वैसे तो नगर पंचायत के द्वारा स्थान-स्थान पर सोलर लाइट और स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं, पर अब भी कई स्थान ऐसे हैं जहां स्ट्रीट लाइट का अभाव है। लग जाए तो राहत हो जाएगी। **-विपिन चंद्रा**, स्थानीय निवासी

पर्यटन, खेल और धर्म का संगम है नल दमयंती ताल

भीमताल के वार्ड संख्या छह में स्थित नल दमयंती झील। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

▸▸ **नल दमयंती ताल बनता जा रहा भीमताल की पहचान**

अमृत विचार : भीमताल के वार्ड संख्या छह में शामिल नल दमयंती ताल भीमताल की पहचान बनते जा रहा है। चारों तरफ से घने जंगल से घिरे इस ताल को देखने अब काफी अधिक संख्या में पर्यटक भी आने लगे हैं। इस स्थान में ना केवल गर्मी के दिनों में ठंडी हवा चलती है बल्कि झील होने के कारण हवा कूलर से निकलने वाली सी प्रतीत होती है।

सवेरे और शाम को खासी संख्या में स्थानीय लोग भी यहां घूमने आते हैं। नल दमयंति ताल में धार्मिक महत्व की मछलियों के भी दीदार आसानी से हो जाते हैं। इन मछलियों की पीठ में विशेष प्रकार का चिन्ह है। इन मछलियों को द्वापर युग से यहां होना माना जाता है। यहां भीमताल नगर का एक मात्र नगर पंचायत के द्वारा निर्मित बैडमिंटन कोर्ट भी है, जहां सवेरे से लेकर शाम तक खिलाड़ियों का जमावड़ा रहता है। इस स्थान पर पर्यटक और स्थानीय खलाड़ी बैडमिनटन का अभ्यास करते हैं। वहीं इसी स्थान में अति प्रचीन शिव मंदिर भी है, जिसकी खासी मान्यता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मंदिर में जहां प्रचीन मूर्ति है तो वहीं यहां भगवान शिव साक्षात विराजमान हैं।

मंदिर में निवास करने वाले और देखभाल करने वाले केदार नाथ बताते हैं कि झील में समय समय पर धार्मिक कैलेंडर के मुताबिक रोचक घटनाएं होती रहती हैं।

गेहूं की मड़ाई के समय महिला का हाथ कटा

रामनगर : ग्राम गैबुआ क्षेत्र में गेहूं की कटाई मड़ाई करते समय ग्राम गैबुआ निवासी कमला देवी पत्नी राजेंद्र सिंह बिष्ट का हाथ मशीन में आ गया, जिससे महिला का हाथ कट गया। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने बताया कि ग्राम प्रधान माया गोस्वामी, पूर्व ग्राम प्रधान हेम पाठक, राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि ने मौके पहुंचकर घायल को साईं अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि महिला का बाया हाथ पूरी तरह से अलग हो गया है।

दिल्ली से वोट डालने आई वृद्धा की मतदान के बाद मौत

रामनगर : दिल्ली से वोट डालने आई 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला पारू देवी की शुक्रवार को मतदान करने के कुछ घंटे बाद ही मौत हो गयी। शांतिकुंज गली नंबर सात की रहने वाली पारू देवी कुछ समय से दिल्ली में बच्चों के पास रहती थी। दिल्ली में हार्ट की दिक्कत होने पर बच्चों ने मां का हार्ट का ऑपरेशन करवाया था। तब से वृद्धा दिल्ली में ही अपनी लड़कियों के घर पर रह रही थी। महिला को बूथ तक ले जाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने कहा कि जब पारू देवी को पता चला कि 19 अप्रैल को मतदान है तो उसने अपने बच्चों से रामनगर छोड़ने की जिद की। जिस पर बुजुर्ग की बेटी अपनी मां को मतदान के लिए दिल्ली से रामनगर घर छोड़ गई थी। बताया जा रहा है कि मतदान के बाद कुछ समय बाद ही महिला की मौत हो गयी।

पारू देवी।

पैडल रिक्शों के स्थान पर छह और नए ई-रिक्शे आए

नैनीताल : पैडल रिक्शों को पूरी तरह से बन्द करने के बाद शनिवार को 6 और नए ई-रिक्शा लाए गए। पहले शहर में कुल 14 ई-रिक्शा थे, जो अब बढ़कर 20 हो चुके हैं। जल्द ही 7 ई-रिक्शा और लाए जाएंगे, जिसके बाद शहर में कुल 27 ई-रिक्शा चलाए जाएंगे। साथ ही पालिका की ओर से डीएसए मैदान के पास ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट भी बना दिया गया है। रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष नन्दा बल्लभ जोशी ने बताया कि नैनीताल में अब 20 ई-रिक्शा चलाये जा रहे हैं। दो सप्ताह के भीतर 7 ई-रिक्शा और लाए जाएंगे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

सार-संक्षेप

दुर्गा देवी मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

भीमताल : दुर्गा देवी मंदिर विकास भवन परिसर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शनिवार को सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान भाभी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्त शुभम नैनवाल और पुजारी जगदीश नैनवाल ने बताया कि रमेश पलड़िया और मंडली हल्द्वानी की ओर से सुंदरकांड का गायन किया गया।

बाघ के नहीं पकड़े जाने पर गुस्साए ग्रामीणों की बैठक कल

रामनगर : बासीटीला में बाघ के हमले में प्रमोद तिवारी की मौत के तीन दिन बाद भी हमलावर बाघ को न पकड़ने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा। ग्रामीणों ने इस सन्दर्भ में सोमवार को आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए गांव में ही बैठक बुलाई है। संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि आदमखोर बाघ ने ग्रामीण प्रमोद तिवारी को मार डाला था। घटना को 3 दिन बीत गए हैं और वन प्रशासन द्वारा अभी तक बाघ को न तो मारा गया है और ना ही पकड़ा गया है। सोवन तड़ियाल ने कहा कि सरकार ने हम ग्रामीणों की जान की कीमत 6 लाख रुपये लगा दी है। संजय मेहता ने कहा कि पिछले 5 महीने से लगातार क्षेत्र में लोग जंगली जानवरों के आतंक का शिकार हो रहे हैं परंतु सरकार और कार्बेट प्रशासन जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुआ है।

डॉ.गौरव कांडपाल को दी श्रद्धांजलि

नैनीताल : रामगढ़ सीएचसी सेंटर के प्रभारी डॉ. गौरव कांडपाल का शुक्रवार को मल्ला रामगढ़ के पास वाहन दुर्घटना में निधन हो गया था। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार को जिला चिकित्सालय बीडी पांडे में शोक सभा का आयोजन किया गया। डॉक्टरों का कहना था कि दिवंगत डॉ. गौरव कांडपाल को लोकसभा चुनाव के दौरान नोडल अधिकारी बनाया था। वहीं चुनाव के दौरान वे विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर रहे थे कि तभी उनका वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया जिसमें निधन हो गया। सभी डॉक्टरों व अन्य स्टाफ ने उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

भागवत कथा का भंडारे के साथ पारायण

गरमपानी : कोसी नदी के तट पर स्थित दुर्गापुरी मंदिर में हवन पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगे भंडारे के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का पारायण हो गया। दुर्गापुरी मंदिर में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान पान सिंह जलाल, चंपा जलाल, भगत रावत, बीना रावत से विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना की गई। कथा व्यास आचार्य खजान चंद्र पंत ने कथा पाठ किया। बाद में हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगाया गया। आयोजन समिति में प्रताप सिंह बोहरा, पुष्कर जलाल, तारा भंडारी, लीलाधर पंत, जगत पांडे, संजय, हेम आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

कालाढूंगी : कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकारा गई, जिसमें सवार बाल-बाल बचे। शनिवार को शाम को कोटाबाग से कालाढूंगी को आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर कोटाबाग के जंगल ब्रह्म बुबू मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में कार के परख्च्चे उड़ गये। जिसमें सवार बाल-बाल बच गये। लोगों ने बताया कि स्कार्पियो में चार युवक सवार थे।

एसटीएच में डॉक्टरों के सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में चोरों ने डॉक्टरों के सामान पर ही हाथ साफ कर दिया। सीसीटीवी चोर भी नजर आ रहा है। दो डॉक्टरों ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को भी दी है। शुक्रवार को बेस अस्पताल के वार्ड बी, सी और डी में डॉक्टरों को पता चला कि उनका सामान गायब है। जांच करने पर पता चला कि करीब पांच डॉक्टरों के लैपटॉप, आईफोन, आईपेड, चार्जर आदि सामान गायब हैं। यह देख डॉक्टर हक्के-बक्के रह गए। बाद में सीसीटीवी में पता चला कि एक व्यक्ति सामान ले जा रहा है। अस्पताल में कार्यरत डॉ. यामीनी रावत और डॉ. राहुल बिष्ट ने पुलिस को सूचना भी दी है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नैनीताल में हुई मत कर नशा गीत की शूटिंग

हाईकोर्ट के निर्देश पर नशा मुक्ति गीत की शूटिंग करते कलाकार।

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशे की लत को दूर करने के लिए अब हाईकोर्ट भी आगे आ गया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मत कर नशा मत कर गाने का फिल्मांकन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने युवा पीढ़ी को नशे दे दूर रहने के लिए जागरूक भी किया। गीत की शूटिंग कर रहे रितेश सागर ने बताया कि हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश पर नशा मुक्त देश, प्रदेश की मुहिम के तहत गाने का निर्माण किया जा रहा। इस गीत के लेखक हेमंत बिष्ट व रितेश सागर हैं, जबकि गीत आयुषी कनवाल के निर्देशन में बन रहा है। गीत की शूटिंग में स्थानीय कलाकार प्रिंस सिंह दुग्ताल, मानसी मनराल, डीके शर्मा, मिथिलेश पांडे, नीरज डालाकोटी आदि मौजूद थे।

डीएसबी के पूर्व प्रो. वियज पंत का निधन

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. व समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार पंत का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को हल्द्वानी स्थित उनके आवास में निधन हो गया। वे करीब 83 वर्ष के थे। उनके निधन पर समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसरों सहित कई अन्य ने शोक व्यक्त किया।

उनके निधन पर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। दुख व्यक्त करने वालों में कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, महासचिव डॉ.विजय कुमार, प्रो नीलू लोधियाल, डॉ दीपक कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ दीपाक्षी जोशी, डॉ दीपिका गोस्वामी, प्रो अनिल बिष्ट, डॉ उमंग सैनी, डॉ पैनी जोशी, डॉ सीमा चौहान इत्यादि ने दुख व्यक्त किया।

जंगलों में लगी भीषण आग

▸▸ **अब तक हजारों हेक्टेयर वन संपदा जलकर खाक हो चुकी**

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गर्मी के चलते फायर सीजन में तैयारियों के बाद भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

शुक्रवार रात से लेकर अब तक नैनीताल के पटवाडांगर, देवीधुरा, पापड़ी, दो गांव, भवाली और भीमताल समेत आसपास के जंगलों में चारों तरफ आग लगी है, जिससे अब तक हजारों हेक्टेयर वन संपदा जलकर खाक हो गई।

बीते दो दिनों से पटवाडांगर क्षेत्र में भी आग लगी हुई है, 24 घंटे मशक्कत के बाद भी विभाग आग पर काबू नहीं पा पाया है। धीरे-धीरे आग देवीधुरा गांव की ओर बढ़ रही है वहीं वन विभाग की टीम क्षेत्र में आग बुझाने में जुटी हुई है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि खड़ी चट्टान में आग लगने और तेज हवा के चलते आग पर नियंत्रण पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

देवीधुरा पापड़ी गांव के जंगल में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

टांडा गांव में आग लगने से कई पेड़ जले

भीमताल : ओखलकांडा ब्लॉक के टांडा गांव के जंगलों में भीषण आग लगातार फैलने से तीन प्लांटेशन और कई पेड़ जल गए। जंगल में लगी आग गांव तक पहुंच गई है। आग को वन विभाग की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से बमुश्किल से बुझाया गया। मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ओखलकांडा मदन परगाईं ने कहा कि आग के प्रति लगातार सब लोगों को चेताया जाना चाहिए, जिस तरह से आज घरों के करीब तक आग पहुंच रही है कभी बड़ी हानि भी हो सकती है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से अनुरोध किया कि वनों को आग से बचाने के लिए वह विभाग की मदद के लिए आगे आएं। आग बुझाने वालों में फारेस्ट गार्ड मंजीत सिंह, हरीश चन्द्र, लाल सिंह बोहरा, सतीश पलड़िया, विरेन्द्र सिंह बर्गली, शेर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद फायर वाचर एवं रमेश परगाईं समेत कई गांव के लोग मौजूद रहे।

एक नजर

रामनगर के गेस्ट टीचर की वाहन की टक्कर से मौत

हल्द्वानी : चुनाव ड्यूटी के बाद सीसीटीवी कैमरा जमा करने एमबीपीजी जा रहे रामनगर के गेस्ट टीचर की सड़क हादसे में मौत हो गई है। उन्हें लामाचौड़ में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रामनगर के ग्राम चोरपानी जोशी कालोनी निवासी 42 वर्षीय अरुण उप्रेती पुत्र गोपाल दत्त उप्रेती देवीपुरा मालधनचौड़ में गेस्ट टीचर थे। सांवल्दे स्कूल में वेब कास्टिंग में उनकी चुनाव ड्यूटी लगी थी। शनिवार सुबह वह बाइक से एमबीपीजी के स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा जमा करने जा रहे थे। लामाचौड़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं।

छह साल से बदहाल सड़क का कोई सुधलेवा नहीं, नगर निगम ने सड़क की मरम्मत करना तक नहीं समझा जरूरी, राहगीर और वाहन चालक परेशान

अनदेखी: 7 हजार की आबादी को जोड़ने वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दमुवाढूंगा में सरदार की कोठी के पास वार्ड नंबर 36 में सात हजार की आबादी को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। पहले यह सड़क लोक निर्माण विभाग के पास थी। बाद में इसका जिम्मा नगर निगम के पास आ गया। नगर निगम ने अभी छह माह पहले शहर में सड़कों की मरम्मत करवाई लेकिन इस सड़क को छोड़ दिया।

पनचक्की से चंबल पुल रोड को सरदार की कोठी के पास चौराहा से एक सड़क शिवपुरी कॉलोनी को जाती है। करीब 300 मीटर लंबा आगे जाकर रकसिया नाले पर बने रपटे में जाकर मिल जाता है। इस सड़क से ही देवनगर कॉलोनी होते हुए पनचक्की चौराहा के लिए भी रास्ता जाता है। शिवपुरी, कुमाऊं कॉलोनी, मित्रपुरम आदि स्थानों पर जाने के लिए यह अहम मार्ग है। करीब सात हजार की आबादी इस मार्ग का इस्तेमाल करती है। इस सड़क का सबसे पहले निर्माण उत्तर प्रदेश के समय में साल 2000 में लोनिवि ने करवाया गया था। इसके बाद तत्कालीन लोनिवि मंत्री इंदिरा हृदयेश के समय इस सड़क पर पांच साल में दो बार डामर करवाया गया। बाद में यह सड़क खस्ताहाल हो गई। स्थानीय लोगों की गुहार के बाद लोनिवि ने साल अगस्त 2017 में इस सड़क को सीमेंटेड सड़क बना दिया। उस समय भी सड़क की गुणवत्ता को लेकर कई बार सवाल उठे थे। सड़क बनने के एक साल बाद ही खराब होने लगी। इस समय सड़क पर चलना भी मुश्किल हो जाता है। गड्ढों से सड़क परहदसे होती रहते हैं।

दमुवाढूंगा में जर्जर हो चुकी सड़क का हाल ● अमृत विचार

नगर निगम के पास आया जिम्मा

हल्द्वानी : साल 2022 में इस सड़क की जिम्मेदारी लोनिवि से हटकर नगर निगम के पास आ गई। नगर निगम ने छह माह पहले शहर में नगर निगम की सड़कों पर पैचवर्क किया था। तब भी इस सड़क को छोड़ दिया गया। अब नगर निगम का कहना है कि अगला बजट जारी होने के बाद इस सड़क पर पैचवर्क किया जाएगा।

देश नगर निगम के पास बजट आते ही सड़क पर पैचवर्क कर दिया जाएगा। सड़क की हालत संज्ञान में है।
–नवल नौटियाल, अवर अभियंता, नगर निगम, हल्द्वानी

बोले लोग

सड़क पर पैचवर्क नहीं बल्कि इसे दोबारा बनाना चाहिए। सड़क अब पूरी तरह से खस्ताहाल हो गई। इस पर वाहन चलाने में भी डर लगता है।
–जगत सिंह पंवार, शिवपुरी

बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाता है। उस समय पता ही नहीं चलता कि सड़क में कहां-कहां गड्ढे हैं। इस वजह से सड़क में दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं।
–गौरव मेहरा, शिवपुरी

इस सड़क से रोजाना ही हजारों लोगों का आना-जाना होता है। सड़क से ट्रक भी गुजरते हैं। गड्ढे होने की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल है।
–करुण जोशी, शिवपुरी

नगर निगम को कम से कम इस सड़क पर पैचवर्क तो कर ही देना चाहिए था। वार्ड में अन्य जगह पर पैचवर्क किया गया लेकिन इस सड़क पर नहीं हुआ।
–नवीन मेहरा, मित्रपुरम

रामनगर में सबसे अधिक व नैनीताल में सबसे कम वोटिंग

नैनीताल जिले में इस बार मत प्रतिशत में आई गिरावट, मात्र 59.10 प्रतिशत मतदाताओं ने ही किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले में इस बार मत प्रतिशत में गिरावट रही। केवल 59.10 प्रतिशत मतदाताओं ने ही वोट दिया है। जिले की रामनगर विधानसभा सीट पौड़ी गढ़वाल सीट के अंतर्गत है, जिसमें सबसे ज्यादा वोट पड़े। बाकी पांचों विधानसभा सीटें नैनीताल लोकसभा सीट में शामिल हैं। सबसे कम कमदान नैनीताल विधानसभा सीट पर हुआ। नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 110683 है। इनमें 58432 पुरुष और 52251 महिला मतदाता हैं। इनमें से 29359 पुरुष मतदाताओं और 27817 महिला मतदाताओं ने वोट दिया। कुल 57176 वोटरों ने मतदान किया।

भीमताल विस सीट पर कुल 58315 मतदाताओं ने वोट दिया था। यहां 31255 पुरुष और 27060 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। कुल मतदाताओं की संख्या 103421 थी।

पौड़ी गढ़वाल सीट में शामिल रामनगर में यहां कुल मतदाताओं की संख्या 121917 है। इनमें 62730 पुरुष और 59186 महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव वाले दिन यहां कुल 77784 वोट पड़े, जिनमें 39502 पुरुष और 38282 महिला मतदाता रहे।

हल्द्वानी में कुल मतदाताओं की संख्या 156040 है। इनमें 80772 पुरुष और 75261 महिला मतदाता हैं और सात अन्य मतदाता हैं।

इनमें 48818 पुरुष और 43659 महिला मतदाताओं ने वोट दिया है। सात अन्य मतदाताओं ने भी मतदान किया। मतदान करने वालों की कुल संख्या 92484 रही है। लालकुआं विधानसभा सीट में कुल मतदाताओं की संख्या 126003 है। यहां पुरुष मतदाता 65245 और महिला मतदाता 60756 हैं। साथ ही दो अन्य मतदाता हैं। इनमें 40058 पुरुष और 37349 महिला मतदाताओं ने वोट दिया है। कुल मतदाताओं की संख्या 77407 रही। भाजपा का गढ़ कहे जाने वाली कालाढूंगी सीट में कुल मतदाताओं की संख्या 182055 है। यहां 92711 पुरुष और 89338 महिला मतदाता हैं। छह अन्य मतदाता हैं। इनमें से 55166 पुरुष और 54744 पुरुष मतदाता हैं। दो अन्य ने भी वोट दिया है। कुल 109912 वोटर्स ने वोट किया है।

स्ट्रॉग रूम को सील करतीं जिलाधिकारी वंदना। ● अमृत विचार

एमबीपीजी कॉलेज में इसी बिल्डिंग में बनाया गया स्ट्रांग रूम। ● अमृत विचार

नैनीताल जिले में यह रहा मत प्रतिशत

● लालकुआं	61.43 प्रतिशत	● हल्द्वानी	59.18 प्रतिशत
● भीमताल	56.38 प्रतिशत	● कालाढूंगी	60.36 प्रतिशत
● नैनीताल	51.64 प्रतिशत	● रामनगर	63.76 प्रतिशत

ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील, चारों ओर कड़ा पहरा

हल्द्वानी, अमृत विचार : चुनाव के खत्म होते ही ईवीएम को स्ट्रांग रूम पहुंचा दिया। यहां कड़ी सुरक्षा के बीच जिलाधिकारी ने सांसद उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सील करा दिया। चुनाव के बाद जिले की छह विधानसभाओं की सभी 1010 पोलिंग पार्टियां मतदान कराने के बाद वापस स्ट्रांग रूम लौट आईं। पोलिंग पार्टियों का आने का सिलसिला 19 अप्रैल की देर शाम से 20 अप्रैल की दोपहर तक चलता रहा। 993 पोलिंग टीमें देर रात को स्ट्रांग रूम पहुंच गई थी। जबकि दूरस्थ की 17 मतदान टीमें 20 अप्रैल की सुबह स्ट्रांग रूम पहुंची। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह एमबीपीजी कालेज में स्ट्रॉग रूम में मौजूद रहीं। राजनैतिक दलों व सांसद उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम शुक्रवार को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक टी शंकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, एआरओ एपी बाजपेई, परितोष वर्मा, राहुल शाह, प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, केएन गोस्वामी और उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

77 हजार 784 मतदाताओं ने रामनगर में किया मतदान

57 हजार 176 वोटरों ने नैनीताल विस क्षेत्र में किया मतदान

नैनीताल शहर में अधिकांश बूथों पर 40 प्रतिशत से कम मतदान

नैनीताल, अमृत विचार : प्रदेश में भले ही नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर मत प्रतिशत दूसरे नंबर में रहा हो, मगर नैनीताल में मतदान बेहद कम हुआ। शहर में मतदान के लिए 70 मतदान केन्द्र बने थे, जिसमें 48 हजार 677 मतदाता थे। इसमें से मात्र 24 हजार 347 मतदाओं ने अपने मतों का प्रयोग किया, जबकि नैनीताल शहर में 33 हजार 29 वोटरों में से मात्र 15 हजार 585 वोटर ही अपना सांसद चुनने के लिए मतदान केन्द्रों तक पहुंचे। शहर का कोई भी मतदान केन्द्र ऐसा नहीं है जहां पर 40 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ हो। ऐसे में कांग्रेस इसे अपने लिए फायदेमंद बता रही है और सरकार पर जनता की उपेक्षा का आरोप लगा रही है।

पहले भी थी गर्मी लेकिन अधिक हुआ था मतदान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत में आई भारी गिरावट की वजह से प्रशासन और स्वीप हक्के-बक्के हैं। नैनीताल लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनावों में लगातार मत प्रतिशत बढ़ रहा था। मत प्रतिशत क्यों गिरा अभी इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है लेकिन अगर यह कहा जाए कि मत प्रतिशत गर्मी, गेहूं की कटाई का मौसम आदि कारणों से गिरा है तो शायद यह जल्दबाजी होगी।

स्वीप ने मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिए पिछले कई महीनों से अभियान शुरू कर दिया था। स्कूल-कॉलेजों, सरकारी विभागों आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने भी स्वीप के अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वोट करेगा नैनीताल अभियान भी चलाया गया। इसके बावजूद मतदान शुरू होने के कुछ ही घंटे बाद पता चलने लगा कि इस बार मत प्रतिशत में गिरावट आ सकती है और अंत में मत प्रतिशत केवल 59.10 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। साल 2014 और साल 2019 में नैनीताल लोकसभा सीट पर मत प्रतिशत 68 प्रतिशत को पार कर गया था। जब वह चुनाव हुए तब भी गेहूं काटने का मौसम था। शादियों का सीजन था। गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद पिछले दो लोकसभा चुनावों में लगातार मत प्रतिशत बढ़े थे। इसलिए मत प्रतिशत गिरने में इन कारणों को जोड़ना अभी सही नहीं होगा।

यह भी देखना होगा कि इस बार बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर बैठे मतदान करने की योजना पर तक काम किया गया था। बूथों पर पहले की अपेक्षा काफी सुविधाएं भी जोड़ी गईं थीं। फिर भी नैनीताल लोकसभा सीट का मतदाता काफी उदासीन ही रहा।

पड़ताल

- 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव भी गर्मियों में हुए थे
- गर्मी, गेहूं काटना जैसे कारणों को वोटिंग से जोड़ना कितना सही

39 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: हल्द्वानी में दिन के समय लू चलने लगी है। गर्म हवाओं से आम जन-जीवन भी प्रभावित हो रहा है। तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया तो वहीं आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और भी बढ़ने का अनुमान है।

शनिवार को सुबह से ही तेज धूप निकली रही। पूर्वाह्न बाद से गर्म हवाएं चलने लगीं। दोपहर के समय लू की वजह से लोगों का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया। गर्म हवा के थपेड़ों से वाहनों को चलाने में भी दिक्कत आ रही थी। अपरान्ह तक लू का असर रहा। शाम होने के बाद ही गर्मी से थोड़ी राहत मिली। शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों ने अनुमान जताया है कि जल्द ही पारा 40 डिग्री को छू लेगा। अलनीनो साल होने की वजह से इस बार गर्मी के पिछले कई रिकार्ड टूटेंगे। अप्रैल में अभी 10 दिन बचे हैं और मई की तरह गर्मी पड़ रही है। इस बार लू भी 15 से 20 दिन चलेगी। सामान्य तौर पर लू 6 से आठ दिनों तक ही चलती है। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार लोग दोपहर के समय घर से बाहर निकलते समय खास ध्यान रखें। गर्मी अभी और बढ़ेगी।

उफ ये गर्मी

- दिन में सूरज की तपिश से परेशान लोग
- मौसम विभाग ने कहा, अभी शुरुआत है



कई घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

हल्द्वानी, अमृत विचार : गर्मी के साथ ही बिजली कटौती की समस्या भी दिन पे दिन गहराती जा रही है। शनिवार को भी अलग-अलग इलाकों में करीब 2 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली कटौती से लोगों को निजात मिलते नहीं दिख रहा है, आए दिन अघोषित बिजली कटौती के चलते घंटे बिजली गुल हो रही है। हीरानगर, मुखानी, रामपुर रोड समेत कई इलाकों में करीब 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इधर बनभूलपुर में करीब 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही जिसके चलते लोगों के रोजमर्रा के काम बाधित रहा।

देर रात सड़क हादसे में किशोर की दर्दनाक मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बीती रात रामपुर रोड में एक किशोर हादसे का शिकार हो गया। अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस न तो टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान कर पाई और किशोर की शिनाख्त करने में भी उसे 12 घंटे से अधिक का समय लगा गया। शनिवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे की है। चुनाव ड्यूटी से लौट रहीं महिला पीएसी कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी कि रामपुर रोड स्थित एक बारात घर के पास किशोर सड़क पर लहूलुहान पड़ा है। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त न होने पर शव को मॉर्चरी भेज दिया गया। इधर, पूरी रात किशोर के घर न पहुंचने से चिंतित उसके परिजन उसकी तलाश करते हुए टीपीनगर चौकी पहुंचे तो उन्हें एक किशोर के मौत की सूचना मिली। उन्हें पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया तो उन्होंने किशोर की शिनाख्त की। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि मृतक रामपुर रोड जीतपुर नेगी निवासी संदीप (17 वर्ष) पुत्र सुरेश राम है। चौकी प्रभारी का कहना है कि हादसा कैसे हुआ, इसके लिए सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

दिल्ली का चोर दंपति गिरफ्तार

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : जल्द अमीर बनने के लिए दिल्ली का शातिर दंपति चोरी करने लगा। कपड़ों की फेरी के आड़ में दोनों दिन में मिलकर रेकी करते और रात बंद घरों के ताले तोड़ते। इस दौरान पत्नी बाहर खड़ी होकर निगरानी करती, लेकिन शातिर तब हत्थे चढ़ गए जब वह एक चोरी का लॉकेट बेचने पहुंच गए। पुलिस ने इनके पास से लाखों के जेवर और हजारों रुपये बरामद किए हैं।

मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी लालकुआं संगीता ने बताया कि बीती 4 मार्च को डुंगरपुर लालकुआं निवासी हेम चन्द्र जोशी ने लालकुआं थाने में मुकदमा दर्ज करया था। कहा था, चोरों ने घर का ताला तोड़कर मंगल सूत्र, कंगन, घड़ियां, पायल और एक मोबाइल आदि चोरी कर लिया। इसी तरह बीती 18 अप्रैल को दुर्गापालपुर परमा हल्दूचौड़ निवासी चंदन सिंह बिष्ट ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। 19 अप्रैल को खबर मिली कि बेरीपड़ाव स्थित महालक्ष्मी मंदिर के पास एक दंपति किसी को सोने के लॉकेट बेच रहा है। पुलिस ने यहां से चंदेर विहार मंडावली पूर्वी दिल्ली के निवासी मुनेंद्र सिंह उर्फ निक्कू और उसकी पत्नी अनुष्का को पकड़ लिया। पूछताछ दोनों ने जुर्म स्वीकार लिया। मुनेन्द्र ने बताया कि वह पत्नी के साथ हल्दूचौड़ के गोपीपुरम में किराए पर रहता है। दोनों दिन फेरी के बहाने घरों की रेकी करते और बंद घरों के ताले तोड़कर चोरी करते थे। इनके पास से करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण और 40 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

चोरी का खुलासा करतीं क्षेत्राधिकारी संगीता, साथ में आरोपी दंपति। ● अमृत विचार

हालात मुक्तेश्वर, नैनी- जागेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा सहित दर्जनों पर्वतीय मार्गों पर लंबे समय से नहीं चलाई जा रही परिवहन निगम की बसें

पर्वतीय मार्गों पर बंद है रोडवेज बसों का संचालन, यात्री परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है और परिवहन निगम भी इसके लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा कर रहा है। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से बंद पड़े व नए पर्वतीय मार्गों पर बसें चलाने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद अभी तक कई पर्वतीय मार्गों पर बसें नहीं चलाई जा रही हैं जिससे पर्यटन सीजन में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नए मार्गों पर बसों का संचालन शुरू होना तो दूर कई पुराने मार्गों में बसों का संचालन शुरू नहीं किया गया है। नैनीताल को छोड़कर कई प्रमुख पर्वतीय मार्गों पर बसें नहीं चलाई जा रही हैं। वर्तमान में हल्द्वानी डिपो से चलने वाली 16 पर्वतीय मार्गों पर बसों का संचालन बंद है। इनमें दूनागिरी, मुक्तेश्वर, पोखरी, चनौती, खनस्यू - पतलोट, लमगड़ा - पौधार, जैंती - जमाड़ - शिमलखेत, बाराकोट, सुनकिया सूपी, भनोली, नैनी - जागेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा, भटेलिया, ल्वेशाल, हरतोला शामिल हैं। मुक्तेश्वर, नैनी - जागेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा सहित अन्य मार्ग भी पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इन मार्गों पर वर्तमान में परिवहन निगम की कोई भी बस नहीं चलती है। चनौती मार्ग पर 1 साल से संचालन बंद है। वहीं दूनागिरी मार्ग पर लगभग 1.5 साल, शिमलखेत लगभग 2.5 साल और पौधार, मुक्तेश्वर और पतलोट सहित कई अन्य मार्गों पर लगभग 10 साल से बसों का संचालन बंद है। परिवहन निगम के कर्मचारियों ने बताया कि वर्तमान में निगम में बड़ी बसों का बेड़ा है जो 50 - 52 सीटर हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्रालय को इन मार्गों के लिए निगम की 34 - 36 सीटर बसें खरीदकर संचालन शुरू करना चाहिए जिससे इन मार्गों पर आवागमन सुगम हो सके और लोगों को राहत मिले।

130 बसों का बेड़ा बढ़ने पर मिल सकती है राहत

परिवहन निगम ने बोर्ड बैठक में प्रदेशभर में 130 बसों का बेड़ा बढ़ाने की घोषणा की थी, हालांकि इन बसों का आवंटन किस तरह किया जाएगा, अभी यह तय नहीं है। हल्द्वानी डिपो को पर्याप्त बसें मिलने पर बंद पड़े पर्वतीय मार्गों व कुछ नए मार्गों पर बसें चलाने की उम्मीद है।

केमू बसें लौटी, रोडवेज की बसें आज लौटेंगी

चुनाव समाप्त होने के बाद केमू की लगभग 80 प्रतिशत बसें वापस लौट गई हैं। केमू के अध्यक्ष सुरेश डसीला ने बताया कि 21 अप्रैल रविवार से केमू की सभी सेवाएं संचालित होंगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव के कारण केमू की बसें शादियों की बुकिंग में भी शामिल नहीं हो पाईं। वहीं, परिवहन निगम की पर्वतीय मार्गों पर भेजी गई 8 बसें लौट गई हैं जबकि मथुरा और गौतमबुद्ध नगर भेजी गई शेष 17 बसें आज (रविवार) लौटेंगी। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगी सभी बसें वापस लौटने से यात्रियों को राहत मिलेगी।

गंगोलीहाट-पिथौरागढ़ के लिए बस सेवा शुरू

हल्द्वानी : गंगोलीहाट, जौरासी और पिथौरागढ़ के लिए बस सेवा का संचालन शुरू हो गया है। इन मार्गों पर लंबे समय से बसों का संचालन बंद था। एक बार फिर से मार्ग पर बस चलने से यात्रियों को बहुत राहत मिलेगी। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि रविवार से इन मार्गों पर बसें चलाई जाएंगी। इधर, उन्होंने बताया कि रविवार (आज) को बरेली में प्रतियोगी परीक्षा होनी है जिसके लिए रोडवेज स्टेशन से सुबह 5 बसें बरेली के लिए रवाना की जाएंगी।

केएमवीएन के 60 फीसदी गेस्ट हाउस की बुकिंग फुल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्यटन को भी पंख लगे हैं। कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के नैनीताल, भीमताल सहित अन्य पर्यटन स्थलों में बुकिंग बढ़ने लगी है। बाहरी राज्यों से भारी संख्या में लोग नैनीताल पहुंचने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

करीब एक माह पहले से ही लोगों ने केएमवीएन के गेस्ट हाउस बुक करने शुरू कर दिए थे, जिससे केएमवीएन को भी अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है। केएमवीएन की ओर से आदि कैलाश यात्रा कराए जाने के साथ ही कुमाऊं के विभिन्न पर्यटक स्थलों में देश-विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पर्यटकों को रिझाने के लिए केएमवीएन ने कुछ साल पूर्व अपने ज्यादातर गेस्ट हाउसों का नवीनीकरण कर उन्हें हाईटेक बना दिया है। केएमवीएन के पर्यटन विकास अधिकारी ललित तिवारी ने बताया कि पर्यटकों की ओर से अब तक करीब 60 प्रतिशत गेस्ट हाउसों की बुकिंग की जा चुकी है। बताया कि केएमवीएन के नैनीताल, भीमताल, मुक्तेश्वर, नकुचियाताल, सूखाताल, बिनसर, चंपावत, कॉर्बेट, कौसानी, रानीखेत, अल्मोड़ा, मुनस्यारी आदि जगहों में पर्यटन विश्राम गृह हैं।

न आशियाना बचा न सामान, खुले में बितानी पड़ी रात

रात में हुए अग्निकांड के पीड़ितों के पास खाने का सामान तक नहीं बचा, बिस्तर, कपड़े, अनाज, बर्तन सब कुछ हो गया राख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शुक्रवार रात करीब 12 बजे हुए अग्निकांड ने गरीबों का सब कुछ छीन लिया। न लकड़ियों पर टिकी पॉलीथिन और टीन की छत बची और न बिछौना। कुछ बचा है तो राख और खुला मैदान। आग शांत हुई तो इनकी रात सिसकते-सिसकते गुजर गई। सुबह हुई तो बच्चों के लिए निवाले का इंतजाम परेशान बन गया। क्योंकि आग ने तो सब कुछ खाक कर दिया था। दोपहर गर्म थपेड़ों के बीच खुले मैदान में दिन गुजारना मजबूरी बन गया। इस अग्निकांड ने 25 लोगों के सिर से छत छीन ली है।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के पास चिराग अली शाह बाबा की दरगाह के पास शुक्रवार देर रात अचानक झोपड़पट्टी में आग लग गई। आग ने एक के बाद एक 25 झोपड़ियों को अपनी जद में ले लिया। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां भी आग पर काबू नहीं पा सकीं। आग तब बुझी जब उसने झोपड़ियों को जलाकर राख कर दिया। इस आग में गनीमत सिर्फ इतनी रही कि किसी की जान नहीं गई। बाकी आग ने न तो पहनने को कपड़े छोड़े और न बिछाने को बिस्तर। आलम यह है कि खाने के लिए भी अब औरों का मुंह ताकना पड़ रहा है। जलने वाली झोपड़ियों में एक झोपड़ी बन्नो बेगम की भी थी। पति का सालों पहले देहांत हो चुका है। इसी झोपड़ी में अपने 6 बच्चों को पालते-पालते वह बीमार हो गईं। दो-दो ऑपरेशन हुए और अब जब लगा कि सब ठीक हो रहा है कि रात आग ने उनका झोपड़ा भी खाक कर दिया। बन्नो का कहना है कि हमारे पास पक्का घर तो नहीं था, लेकिन टीन और पॉलीथिन की छत आसरा तो दे ही रही थी। पेशे से राजमिस्त्री कल्लू भी अपने बच्चों और पत्नी के साथ यहीं रहते हैं। उनका भी सब खाक हो गया। बमुश्किल वह झोपड़े में सोते बच्चों को बचा पाए। अब वह खुले मैदान में परिवार के साथ वक्त काट रहे हैं और चिंता इस बात की है कि अब झोपड़ा कैसे बनेगा। कल्लू के घर में रखी 25 हजार की नगदी, बिस्तर व सामान सब कुछ जल चुका है।

रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार रात झुग्गी झोपड़ियों में लगी आग से राख हुए छप्पर, अनाज व सामान।

आग में सब कुछ जल जाने के बाद पीड़ित खुले आकाश के नीचे इस तरह रहने को हैं मजबूर। ● अमृत विचार

25 लोगों के सिर से छत छीन ली अग्निकांड ने

12 बजे शुक्रवार रात करीब झोपड़पट्टी में आग लगी

06 दमकल वाहन भी आग को समय रहते नहीं बुझा सके

खाक हुए इन सभी के छप्पर

- यासीन पुत्र जुल्फकार
- मुस्तफा पुत्र मो. जमाल
- शदाब खान पुत्र मुन्ना खान
- अनवर अली पुत्र अजगर अली
- शाहवेज कुरैशी पुत्र कादिर कुरैशी
- वसीम कुरैशी पुत्र नईम कुरैशी
- सुहैल कुरैशी पुत्र शफिक कुरैशी
- नौशाद कुरैशी पुत्र एजाज कुरैशी
- सेबू पुत्र बब्लू
- अनीस पुत्र अब्दुल अजीज
- मुन्ना पुत्र शेरा
- सलीम पुत्र मोहम्मद शफीक
- शैलून पुत्र बाहदुर
- शाजमा पति इकबाल
- नफीसा पति सुहेब
- रुकइया पति अब्दुल मननान
- आसमा पति इंतयाज
- शमीम बानो पति अब्दुल कादिर
- अमन पुत्र मो. इरफान
- शाह मोहम्मद पुत्र दीन मोहम्मद
- तरनुम पति सलीम
- शाहना पुत्र अली हुसैन
- फरजाना पति राजू
- परवीन पति अली हुसैन

शिबा का निकाह के लिए जोड़ा सामान जला

हल्द्वानी : अनवर ने बताया कि उनकी बेटी शिबा के निकाह की तैयारी चल रही है। उन्होंने 70 हजार का सामान जोड़ दिया था। शुक्रवार की रात आग से सारा सामान जल गया है। उनका कहना था कि उनके समुदाय में निकाह से पहले सामान जोड़कर रखना होता है। बेटी के निकाह की बात बरेली से चल रही थी। शिबा बताती है ईद पर उसे सात हजार रुपये भाइयों व रिश्तेदारों ने दिए थे। उसके रुपये भी जल चुके हैं।

रिश्तेदारों के घर भेजे बच्चे, पड़ोसियों ने दिया आसरा

हल्द्वानी : जहां अग्निकांड हुआ, वहां सौ से अधिक झोपड़ियां बनी हैं। कई परिवार की आपस में रिश्तेदारी भी है। छोटी झोपड़ियों में बड़े परिवार रहते हैं। फिर भी जब संकट आया तो वह परिवार मदद को आगे आए, जिनकी झोपड़ियां बच गई थीं। बच्चों को रिश्तेदारों ने अपने घर में आसरा दिया तो पड़ोसियों ने भी आगे बढ़कर मदद की। खाना खिलाया और पानी भी दिया।

सिर्फ तन पर बचे हैं पहने हुए कपड़े

हल्द्वानी : शाजमा की रात रोते-रोते कटी। वो अपने जलते घर को देखतीं और बस आंसू पोंछतीं। शाजमा का कहना है कि तन पर सिर्फ पहने हुए कपड़े बचे हैं। बच्चों का हाल भी ऐसा ही है। समझ नहीं आ रहा कि आगे का वक्त कैसे गुजरेगा। मजदूरी करके बच्चों के खाने का इंतजाम तो हो जाएगा, लेकिन फिर से घर कैसे बनेगा और ये कब तक हो पाएगा।

सार-संक्षेप

सिर पर रॉड मारकर निकाली एक साल पुरानी रंजिश

हल्द्वानी : एक साल पहले हुई तकरार का बदला दोस्त ने दोस्त के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर लिया और जान की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना को 10 दिन गुजर चुके हैं। घायल की मां मुकदमा दर्ज कराने के लिए भटक रही है और पुलिस उसे टरका रही है। मानपुर पश्चिम रामपुर रोड निवासी विमला बोरा के मुताबिक उनका बेटा कन्हैया कमलुवागांजा स्थित खाद्यपूर्ति गोदाम में संविदा कर्मी है। एक साल पहले कन्हैया का एक लड़के से विवाद हुआ था। रामपुर रोड स्थित जिस कैंटीन में दोनों का विवाद हुआ। बीती 10 अप्रैल को दोनों फिर उसी कैंटीन में आमने सामने आ गए। दोनों में पहले गाली-गलौज हुई और फिर आरोपी ने सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर कन्हैया को लहूलुहान कर दिया। अगले ही दिन टीपीनगर चौकी में विमला ने तहरीर दी। सुनवाई नहीं हुई तो वह हल्द्वानी कोतवाली भी गईं, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि चौकी प्रभारी को कार्रवाई के निर्देशदिएहैं।

भारत विकास परिषद की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

अमन बने भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष

रामनगर : भारत विकास परिषद के प्रांतीय अद्यक्ष नरेश कांशल की ओर से अमन अग्रवाल को अध्यक्ष एवं शलभ बंसल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि अंशुल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। महिला संयोजिका प्रिया अग्रवाल, अनूप मेहरोत्रा,अखिल मित्तल, ऋषभ अग्रवाल नितिन अग्रवाल उपसचिव, सेवा संयोजक प्रवीण गुप्ता, सम्पर्क संयोजक विकास अग्रवाल आदि को शपथ दिलाई गईं। कार्यक्रम में मौजूद प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रांतीय ग्राम विकास चेयर पर्सन एवं रामनगर शाखा के संरक्षक कमल किशोर सिंघल ने विश्वास जताया कि भारत विकास परिषद की नई कार्यकरिणी रामनगर में ओर भी बेहतर ढंग से परिषद के हिट में रचनात्मक व सृजनात्मक कार्य करेगी।

अयोध्या के बच्चों ने रॉक क्लाइंबिंग का प्रशिक्षण

नैनीताल : अयोध्या से आपदा प्रबंधन के गुर सीखने नैनीताल पहुंचे छात्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया। पांच दिन तक अयोध्या के छात्रों के दल ने रॉक क्लाइंबिंग, रैप्लिंग, बोल्डरिंग, बेलेइंग, एंकरिंग, लंबी पिच समेत विभिन्न विधाओं को बारीकी से सीखा। नैनीताल माउंट ट्रेनिंग क्लब के सचिव अमित साह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत स्कूली पाठ्यक्रम में आपदा के विषय को शामिल किए जाने के बाद अयोध्या से 102 स्कूली छात्रों का दल आपदा प्रबंधन और रॉक क्लाइंबिंग के गुरु सीखने के लिए नैनीताल पहुंचा था जिनको क्लब के सदस्यों ने प्रशिक्षण दिया।

चकलुवा बाजार में कटखने बदंरों का आतंक

कालाढूंगी : चकलुवा बाजार में कटखने बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है। आये दिन बंदर दुकानों व चलते राहगीरों के सामान पर झपट्टा मार रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का महौल है। आलम यह है कि बच्चों व महिलाओं को तो बंदर निशाना बनाकर उनसे छीनाछपटी कर रहे हैं। दुकानदार कुकु पांडे, कपिल कन्याल, मुन्ना बौरा, दिनेश देउपा, भारत खोलिया, जाकीर हुसैन, मोनू तोमर, उमेद देउपा, प्रमोद तोमर ने बताया कि दुकानों के बाहर जाली लगाने के बाद भी बंदर पलक झपकते ही अंदर से फल, सब्जी, बिस्कुट, चिप्स व अन्य सामान पार कर ले जा रहे हैं। लोगों ने बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है।

हैदराबाद में हुए सम्मेलन में उपस्थित यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी व अन्य।

कौशल विकास और रोजगार बढ़ाने को लेकर एमओयू

हल्द्वानी : मुक्त शैक्षिक संसाधनों ओईआर पर मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के गोलमेज सम्मेलन के दौरान उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने ओईआर के क्षेत्र में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की ओर से की गई पहल पर प्रकाश डाला। डॉ. बीआर अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के हैदराबाद परिसर में आयोजित सम्मेलन के दौरान यूओयू और डॉ. बीआर अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत अनुसंधान सहयोग, शैक्षणिक कार्यक्रमों में भागीदारी, ओईआर और बड़े पैमाने पर ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) को बढ़ावा देना शामिल है। इसका उद्देश्य कौशल विकास कार्यक्रमों, रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। प्रो. नेगी ने अनुसंधान के लिए मुक्त विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

घरों में दूषित पानी आने से भड़के लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: काठगोदाम के तुलसीनगर पॉलीशीट इलाके में पेयजल आपूर्ति में सीवर का गंदा पानी आने से लोगों ने प्रदर्शन किया।

शनिवार को तुलसीनगर पॉलीशीट इलाके के करीब 6 से 7 घरों में होने वाली पेयजल आपूर्ति में 2 माह से सीवर का दूषित पानी आ रहा है। जिसकी शिकायत लोगों ने जल संस्थान के अधिकारियों से भी की लेकिन समस्या को दूर नहीं किया जा सका है। दूषित पानी आने के चलते यहां के निवासियों को पेट संबंधी बीमारियां घेर रही हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। इसके चलते यहां के लोगों में रोष व्याप्त है। लंबे समय से समस्या का हल नहीं होने गुस्साए लोगों ने शनिवार को जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र स्वच्छ पानी के आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में कमल तिवारी, गोविंद बिष्ट, त्रिलोक सिंह, गौरव जोशी, भावना जोशी, सोनू तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

दूषित पेयजल आपूर्ति के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन। ● अमृत विचार

चार दिन बाद ठीक होगा देवला मल्ला का ट्यूबवेल

हल्द्वानी, अमृत विचार : गौलापार के देवला मल्ला में तीन दिन से लोग पानी को तरस गए हैं। यहां स्थित सिंचाई विभाग का ट्यूबवेल खराब होने के कारण 2 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी बढ़ने पर लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान यहां 1-2 टैंकर भेजकर खानापूर्ति कर रहा है, जिससे लोग दूर स्थित दूसरे ट्यूबवेल से पानी लाने को मजबूर हैं और कई लोग अपनी जेब ढीली कर निजी टैंकर मंगा रहे हैं। सिंचाई विभाग नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि 3-4 दिन बाद यह ठीक हो जाएगा।

पाइप लाइन से नहीं मिल पा रही लोगों को आपूर्ति

हल्द्वानी : गर्मी का पार चढ़ने के साथ शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण हिस्सों के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। जिसके चलते हजारों की आबादी के सामने पानी का संकट बना रहा। पेयजल पाइप लाइनों से होने वाली पानी की आपूर्ति बाधित होने से घरों में लोगों को पानी नहीं मिल पाया जिसके चलते लोगों के रोजमर्रा के कार्य भी बाधित रहे। इसमें भोटिया पड़ाव, जगदंबा नगर, कुसुमखेड़ा, मुखानी शीवपुरम, लामाचौड़ समेत अन्य जगहों पर पेयजल पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई हैं। वहीं सुबह के समय ट्यूबेल से होने वाली आपूर्ति भी बाधित रही। जिसके बाद पानी के लिए लोगों को अन्य विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ा।

बेस में डॉ. कांडपाल के निधन पर शोक

हल्द्वानी, अमृत विचार: शनिवार को बेस अस्पताल में आयोजित शोक सभा में सड़क हादसे में मारे गए सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के चिकित्सक डॉ. गौरव कांडपाल को श्रद्धांजलि दी गई।

डॉ. गौरव कांडपाल लोकसभा चुनाव में रामगढ़ ब्लॉक के नोडल अधिकारी थे। शुक्रवार को जब डॉ. कांडपाल रामगढ़ में बूथों के निरीक्षण में जा रहे थे, उसी दौरान उनकी कार खाई में गिर गई। हादसे में उनकी मौत हो गई। यहां पीएमएस डॉ. केके पांडे, डॉ. एसएस बिष्ट, , डॉ. आरएस भौत, डॉ. राहुल लसपाल, डॉ. केसी किरण, डॉ. निखिल, डॉ. विजय जोशी रहे।

गौलापार स्टेडियम में 3 सामान्य व एक टर्फ पिच का होगा निर्माण

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए 4 क्रिकेट पिच का निर्माण किया जाएगा। इसमें 3 सीमेंट और 1 टर्फ विकेट की पिच बनाई जाएगी। टर्फ पिच के निर्माण में लगने वाली मिट्टी को राजस्थान से मंगाया जाएगा।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में समय-समय पर क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खेल शिविर संचालित किए जाते हैं, लेकिन क्रिकेट खिलाड़ियों के पास अभ्यास करने के लिए मानक के अनुरूप पिच नहीं है। जिसके चलते खिलाड़ियों को पिच के अभाव में प्रशिक्षण मिलता था। इसी क्रम में खेल विभाग की ओर से लगभग 20 लाख रुपये की लागत से नेट सीमेंटेड और टर्फ विकेट पिच को तैयार किया जाएगा। इसमें प्रयोग होने वाली मिट्टी को राजस्थान से लाया जाएगा। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम स्पोर्ट्स की ओर से स्टेडियम में पार्किंग के पास पिच बनाने के लिए नापजोख भी करा ली गई है। इधर क्रिकेट कोच त्रिलोक सिंह जीना ने बताया कि नए सत्र में शिविर शुरू होने के बाद क्रिकेट खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए नेट वाला पिच मिलेंगे। इसमें तीन सीमेंटेड और एक टर्फ पिच बनाई जाएगी।

खेल-खिलाड़ी

- राजस्थान से मंगाई जाएगी टर्फ विकेट पिच के लिए मिट्टी
- करीब 20 लाख रुपये की लागत से पिचों का होगा निर्माण

स्वच्छता कर्मियों को नहीं मिल रहा एरियर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शासनादेश के बावजूद 700 मोहल्ला स्वच्छता कर्मचारियों को एरियर नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों को पिछले एक साल से एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनमें रोष है।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री अमित कुमार ने बताया कि मोहल्ला स्वच्छता कर्मचारियों के एरियर को लेकर साल 2022 में शासनादेश लागू हो गया था लेकिन नगर निगम की ओर से इसे साल अप्रैल 2023 से लागू किया गया। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का एक साल का एरियर का भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी है। बताया कि उक्त शासनादेश के तहत कर्मचारियों के 275 रुपये प्रतिदिन के मानदेय को बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है लेकिन नगर निगम की ओर से अभी तक एक साल के एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को शासनादेश लागू होने के वर्ष 2022 से ही एरियर का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मोहल्ला स्वच्छता कर्मचारियों का ईपीएफ भी जमा नहीं किया जा रहा है। इधर, नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट का कहना है कि इन मामलों के लेकर कर्मचारी संगठनों से चर्चा की जाएगी, जिसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।



मतदान के बाद बगवाड़ा मंडी पहुंचीं 1465 पोलिंग पार्टियां

शाम सात बजे से शुरू हो गया था पोलिंग पार्टियों के पहुंचने का सिलसिला, ईवीएम जमा करने के बाद अपने घरों को लौटे कार्मिक

बगवाड़ा मंडी में चुनाव सामग्री लेकर जातीं पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच उधमसिंह नगर जनपद की सभी विधानसभाओं में गईं 1465 पोलिंग पार्टियां बगवाड़ा मंडी में पहुंच गईं। शुक्रवार देर सायं से पोलिंग पार्टियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। देर रात पोलिंग पार्टियों ने मतदान सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट सौंपे गए। इसके बाद अपने-अपने घरों को रवाना हुए।

यहां बता दें कि गुरुवार को बगवाड़ा मंडी से जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की देखरेख में सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट के साथ पोलिंग स्टेशनों को रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों की हौसला अफजाई की व आपसी समन्वय के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए अपने दायित्वों का भलिभांति निर्वहन कर मतदान संपन्न कराने को कहा।

वहीं शुक्रवार को मतदान के बाद शाम 7 बजे से पोलिंग पार्टियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। विधानसभा किच्छा बूथ नंबर 8 राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगापुर लोहरी की टीम सबसे पहले मतदान कराकर बगवाड़ा मंडी स्ट्रांग रूम पहुंची। इसके बाद एक के बाद पोलिंग पार्टियां आती रहीं। यह सिलसिला 12 बजे तक चलता रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियां शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराकर वापस लौट आई हैं।

बूथों की जांच के बाद स्ट्रांग रूम हुए सील

सुरक्षा

- सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बूथों की जांच
- जांच में सभी बूथों पर मतदान की प्रक्रिया पाई गई सही

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होने के बाद बगवाड़ा मंडी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने विधानसभावार सबसे अधिक मतदान बूथ व सबसे कम मतदान वाले बूथों की जांच की। साथ ही उन्होंने क्रिटिकल व वर्नेबल बूथों की भी रेंडमली जांच की। इसमें सभी बूथों पर मतदान प्रक्रिया सही पाई गई।

बगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम को सील करते एआरओ। ● अमृत विचार

शनिवार को सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में सभी एआरओ ने प्रत्याशी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपने-अपने स्ट्रांग रूम सील किए गए। वहीं उन्होंने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कार्मिकों व निर्वाचन की व्यवस्था से जुड़े सभी कार्मिकों को बधाई दी। इस अवसर पर नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, नोडल प्रेक्षक बीएस चलाल, एआरओ मनीष बिष्ट, डॉ. अमृता शर्मा, रविंद्र बिष्ट, रविंद्र जुवांठा, गौरव पांडे, गौरव चटवाल, राकेश कुमार तिवारी, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह सहित प्रत्याशी प्रतिनिधि भाजपा प्रमोद मित्तल, कांग्रेस के सौरभ चिलाना, मोहन खेड़ा, एसपी योगेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

चार सुरक्षा चक्र में रहेगी ईवीएम, 24 घंटे पहरा

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा करते पैरामिलिट्री के जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

सतर्कता

- पैरामिलिट्री के हवाले रहेगा पहला सुरक्षा घेरा
- सीसीटीवी से होगी निगहबानी, एलआईयू रहेगी सक्रिय

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को बेहद ही कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। मशीनों को चार सुरक्षा चक्र में रखा गया है। इसके अलावा पहले चक्र की सुरक्षा आईटीबीपी के जवानों को सौंपी गई है। इसके अलावा एलआईयू की एक यूनिट हमेशा आने-जाने वाले लोगों की निगहबानी करती रहेगी।

बताते चलें कि शुक्रवार को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा चुनाव के बाद देर रात तक ईवीएम मशीनों के आने का सिलसिला चलता रहा। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधीनस्थों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद ही देर रात को ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने विधानसभा वार स्ट्रांग कक्ष में ताला लगाकर सील बंद कर दिया गया।

स्ट्रांग रूम को चार सुरक्षा चक्र में रखा गया है। पहले चक्र में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आईटीबीपी के जवानों को सौंपी गई है। दूसरे चक्र में पीएसी, तीसरे चक्र में पुलिस के सशस्त्र बल और चौथे चक्र में एलआईयू व सिविल पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पूरे परिसर

को सीसीटीवी कैमरों की नजर में रखा गया है।

जिसकी प्रतिदिन आने जाने वालों की मॉनिटरिंग होगी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि परिसर की सुरक्षा के लिए दो राजपत्रित अधिकारी, तीन निरीक्षक, एक प्लाटून केंद्रीय फोर्स, एक प्लाटून पीएसी के अलावा सशस्त्र पुलिस व सिविल पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा परिसर की चौबीस घंटे जवान निगरानी करते रहेंगे।

64.58 फीसदी मतदान ने उड़ाई राजनीतिज्ञों की नींद

कयासबाजी

- घर में बैठकर वोटों का गुणा-भाग करने में जुटे नेता और समर्थक
- 4 जून को खुलेगा प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गयी। कई दिनों की कड़ी मेहनत कर भाजपा-कांग्रेस के नेता जीत का आंकड़ा बढ़ाने की कसरत में जुटे थे। वहीं जिला प्रशासन ने भी 85 फीसदी मतदान कराने का लक्ष्य रखा था। बावजूद 64.58 फीसदी मतदान ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ ही चुनाव का नेतृत्व करने वाले नेता सोचने पर मजबूर हो गए है। अब घर पर बैठकर वोटों के आंकड़ों गुणा भाग करने लगे हैं। हालांकि प्रत्याशियों के भाग्य फैसला 4 जून को आएगा।

बताते चलें कि मार्च माह में भारत निर्वाचन आयोग ने सात चरणों में मतदान करने की घोषणा की थी। पहले चरण में 19 अप्रैल को उत्तराखंड के अलावा यूपी के कई जिलों में लोकसभा चुनाव का मतदान प्रारंभ हुआ। चुनाव को लेकर जहां नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के अलावा बसपा सहित दस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज करने के साथ ही जीत का आंकड़ा बढ़ाने की जी तोड़ मेहनत की थी। वहीं सत्ताधारी पार्टी के नेता एक लाख से अधिक जीत का दावा कर रहे थे।

वहीं ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में महज 64.58 फीसदी ही हुए मतदान के बाद भाजपा व कांग्रेस के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीर पड़ने लगी है। जहां भाजपा नेता वोट प्रतिशत के हिसाब से जीत का आंकड़ा बनाने में लगे हुए हैं। वहीं कांग्रेस नेता अब यह जुगत में आंकड़े लगाने लगी है कि कांग्रेस के पक्ष में कितना मतदान हुआ होगा। जिससे जीत का स्वाद चखा जा सकें। चर्चा यह भी है कि नेताओं ने अपने-अपने बूथ एजेंट को बुलाकर मतदान को लेकर मंथन भी शुरू कर दिया है। अब किसका आंकड़ा और रणनीति सफल रहेगी। यह 4 जून को मतगणना के बाद पता चल पाएगा।

जीत-हार के दावों में दिनभर लगे रहे समर्थक

खटीमा : लोकसभा सीट का मतदान संपन्न होने के बाद शनिवार को प्रत्याशियों के समर्थक अपनी जीत हार के गुणा गणित लगे रहे। वहीं गली मोहल्लों सहित चाय की दुकानों पर भी लोग भाजपा और कांग्रेस की जीत हार पर बहस करते देखे गए। शनिवार सुबह लोगों में एक ही चर्चा रही कि कौन जीत रहा है। मतदान के दिन बूथों पर कांग्रेस और भाजपा के ही कार्यकर्ता नजर आ रहे थे जबकि बसपा, सपा सहित किसी भी प्रत्याशी के समर्थक नदारद थे जिसको लेकर लोग भिन्न-भिन्न कयास लगा रहे थे। दोनों दलों के पोलिंग बूथ एजेंट पूरे दिन गुणा गणित लगा अपने प्रत्याशी की स्थिति को समझाने में लगे रहे। इधर लोकसभा चुनाव के पहले फेस में चुनाव संपन्न होने पर जहां प्रत्याशी सहित उनके समर्थक इस बात को लेकर खुश हैं कि चुनाव कम खर्च में संपन्न हो गया। वरना ज्यों ज्यों चरण बढ़ते जाते प्रत्याशियों का अनौपचारिक खर्च बढ़ता जाता। उधर इस बात को लेकर बेचैनी बढ़ गई है कि मतदान तो हो गया लेकिन उन्हें परिणाम के लिए 45 दिन का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अब ज्यों ज्यों दिन गुजरते जायेंगे स्थिति स्पष्ट होती जाएगी।

नानकमत्ता में महंगाई के मुद्दे पर हुआ मतदान

नानकमत्ता : लोकसभा चुनाव में नानकमत्ता विधानसभा में मतदाताओं ने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर वोट डाले। मोदी फैक्टर के चलते इस बार भाजपा और कांग्रेस में कड़ी टक्कर मानी जा रही है। आज दिनभर जीत-हार को लेकर लोगों में चर्चा होती रही।

रुद्रपुर के बगवाड़ा मंडी में ईवीएम की सुरक्षा के लिए तैनात जवान। ● अमृत विचार

ऊधमसिंह नगर में हुआ कुल 64.58 फीसदी मतदान

उत्साह

- 13,37,607 में से 8,63,884 मतदाताओं ने डाले वोट, मतदान करने वाले पुरुष 4,51,109 और महिलाएं 4,12,765 हैं

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हुआ था। देर सायं तक मतदान के बाद ऊधमसिंह की नौ विधानसभाओं में कुल 64.58 फीसदी मतदान हुआ। इसमें कुल 13,37,607 में से 8,63,884 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 4,51,109 और महिला मतदाताओं की संख्या 4,12,765 है। इस दौरान सितारगंज विधानसभा में सबसे अधिक मतदान हुआ। यहां मतदान का प्रतिशत सबसे अधिक 71.44 फीसदी रहा। वहीं 38 थर्ड जेंडर मतदाताओं में से 10 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

किस विधानसभा में कितना हुआ मतदान

विधानसभा	कुल मतदाता	मतदान किया	मतदान प्रतिशत
जसपुर	133185	87863	65.97
काशीपुर	173761	101278	58.29
बाजपुर	160015	100297	62.87
गदरपुर	149066	103540	69.46
रुद्रपुर	201663	125044	62.01
किच्छा	145481	92929	63.88
सितारगंज	128121	91524	71.44
नानकमत्ता	124180	81996	66.03
खटीमा	122135	79413	65.02
कुल	13,37,607	863884	64.58

ऊधमसिंह नगर में रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। इन सभी विधानसभाओं में सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। निर्वाचन आयोग के नियमानुसार जिन मतदाताओं का पांच बजे तक मतदान नहीं हुआ उन मतदाताओं से देर सायं सात बजे तक मतदान कराया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान 13,37,607 मतदाताओं में 8,63,884 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस दौरान जसपुर विधानसभा में 87863 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 46500, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 41362 है। इसी तरह काशीपुर में 101278 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 53531 और महिलाओं की संख्या 47744, बाजपुर में 100297 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों की संख्या 532448 और महिलाओं की संख्या 47049, गदरपुर में 103540 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों की संख्या 53875 और महिलाओं की संख्या 49664 है। रुद्रपुर में 125044 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों की संख्या 66009 और महिलाओं की संख्या 59035 है। इसी तरह किच्छा विधानसभा में 92929 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों की संख्या 49230 और महिलाओं की संख्या 43698 है। सितारगंज में 91524 ने मतदान किया। इसमें पुरुषों की संख्या 48784 और महिलाओं की संख्या 42738 है। नानकमत्ता में 81996 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुषों की संख्या 41210 और महिला मतदाताओं की संख्या 40784 है। खटीमा विधानसभा में 79413 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 38722 और महिला मतदाताओं की संख्या 40691 है।

उदासीनता | पुरुषों का वोट प्रतिशत 1.83 फीसदी तो महिलाओं का वोट प्रतिशत 8.83 फीसदी घटा

पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार 5.32 फीसदी कम मतदान

- वर्ष 2019 में पुरुषों का वोट प्रतिशत था 66.81 फीसदी और महिलाओं का 72.99 फीसदी

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में जिला प्रशासन ने इस लोकसभा चुनाव में 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा हुआ था। लेकिन इस बार लक्ष्य तो दूर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से 5.32 फीसदी कम मतदान हुआ है। पिछले लोकसभा चुनाव वोटों का प्रतिशत 69.90 फीसदी था, जबकि इस बार वोटों का प्रतिशत 64.58 फीसदी रहा है। वहीं अगर पिछले लोकसभा चुनाव और इस लोकसभा चुनाव में पुरुषों और

महिलाओं का वोट प्रतिशत में नजर डालें तो इस बार पुरुषों के वोट प्रतिशत 1.83 फीसदी की कमी आयी है। इसी तरह महिलाओं के वोट प्रतिशत में 8.83 फीसदी की कमी आयी है।

ऊधमसिंह नगर में रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में इन विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या 1190062 थी। 810593 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 444183 और महिला मतदाताओं की संख्या 366410 थी। वहीं इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत 69.90 रहा था। इसमें पुरुषों का मतदान प्रतिशत 66.81 फीसदी था, जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 72.99 फीसदी रहा था।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 1337607 मतदाताओं में 863884 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 451109 और महिला मतदाताओं की संख्या 412765 रही। इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत भी पिछले चुनाव से घटा है। इस बार सभी विधानसभाओं में वोटों का प्रतिशत 64.58 फीसदी रहा है। इसमें पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.98 फीसदी था, जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 64.16 फीसदी रहा।

इस बार सितारगंज में वोट प्रतिशत रहा सबसे अधिक

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2019 में गदरपुर विधानसभा में वोटों का प्रतिशत सबसे अधिक 75.96 रहा था। इसमें पुरुषों को मतदान प्रतिशत 75.72 और महिलाओं का मतदान प्रतिशत 76.19 रहा था। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में सितारगंज विधानसभा में वोटों का प्रतिशत सबसे अधिक 71.44 प्रतिशत रहा है। इसमें पुरुषों को वोट प्रतिशत 73.08 और महिलाओं का वोट प्रतिशत 69.65 रहा है।

किच्छा में 63.88 फीसदी पड़े वोट

राजेंद्र सहगल 'राजू', किच्छा

उम्मीद

- आंकड़ों के अनुसार समर्थक कर रहे अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में कुल 49230 पुरुष एवं 43698 महिला मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 45 हजार 481 है। मतदान प्रक्रिया में किच्छा विधानसभा क्षेत्र में करीब 63.88 प्रतिशत मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। विगत लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच खासा उत्साह नजर आया था, लेकिन इस बार चुनाव में पिछली बार की अपेक्षा मतदाता कम उत्साहित दिखाई दिए।

किच्छा विधानसभा क्षेत्र के कुल एक लाख 45 हजार 481 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 76 हजार 172 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 69 हजार 306 है। शुक्रवार को संपन्न हुई मतदान की प्रक्रिया में 49 हजार 230 पुरुष तथा 43 हजार 698 महिलाओं ने अपने वोट का उपयोग किया। विधानसभा के कुल एक लाख 45 हजार 481 वोटरों में कुल 92 हजार 929 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इस तरह विधानसभा से करीब 64.63 प्रतिशत पुरुष तथा 63.05 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। चुनाव में दिव्यांग जनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और 12 पुरुष तथा 7 दिव्यांग महिलाओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के 15 पुरुष एवं 16 महिला वोटरों ने अपने मत का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागिता सुनिश्चित की। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में एएसडी मतदाताओं की कुल संख्या 2429 है, जिसमें मात्र एक मतदाता ने अपने मत का उपयोग किया तथा 655 मतदाताओं ने ईडीसी के माध्यम से अपना वोट डाला। वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अब ईवीएम मशीनों में कैद हो गया है। जबकि प्रत्याशियों के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों द्वारा जोड़-तोड़ कर आंकड़े बताते हुए अपने अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर हार जीत की बाजी लगाई जा रही है। अब यह तो आने वाला समय ही बताया कि किस प्रत्याशी को अपना समर्थन देकर मतदाताओं ने अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। फिलहाल मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चर्चाओं का दौर तेजी से गर्म हो गया है।

सार संक्षेप

पंतनगर में चेंज ओवर कर रवाना हुए राहुल गांधी

राहुल गांधी इस चार्टर्ड विमान से पहुंचे पंतनगर एयरपोर्ट। ● अमृत विचार

पंतनगर : झारखंड में चुनावी रैली को संबोधित कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को चार्टर्ड विमान से 3 .20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय, नगर अध्यक्ष गिरधर सिंह फर्त्याल व राकी टाकुली ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वह एयरपोर्ट में पहले से खड़े हेलीकॉप्टर में सवार होकर चुनावी रैली को संबोधित करने अमरोहा के लिए निकल गए। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि राहुल अमरोहा में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साझा उम्मीदवार दानिश अली के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल

खटीमा में कार की टक्कर से घायल हुए लोगों को उठाती पुलिस। ● अमृत विचार

खटीमा : टनकपुर रोड पर स्थित प्रयास हॉस्पिटल के सामने कार सवार ने टक्कर मारकर बाइक सवार दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बाइक संख्या यूपी25 एजेड 4832 से बरेली उत्तर प्रदेश निवासी मोहन स्वरूप गंगवार अपने साथी तुलाराम राठौर को छोड़ने बनबसा जा रहा था। वह प्रयास हॉस्पिटल के पास पहुंचा ही था कि एक कार चालक ने टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े जबकि कार चालक कार लेकर फरार हो गया। मेन रोड पर हुए हादसे को देखते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना 108 और पुलिस को दी। 108 से पहले मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने सड़क हादसे में घायलों के मामले में जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आसपास के प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी में दुर्घटना करने वाली कार की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क पर हिरन आने से बाइक सवार तीन घायल

काशीपुर : सड़क पर अचानक हिरन आने से बाइक सवार माता-पिता और पुत्र घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्रतापपुर निवासी अतुल कुमार अपनी पत्नी अनुराधा और पुत्र प्रीत सिंह के साथ शनिवार की सुबह करीब पांच बजे रामनगर से बाइक से काशीपुर आ रहे थे। रास्ते में बाइक के आगे अचानक हिरन आ गया। इसके बाद नियंत्रण खोने से बाइक सड़क किनारे फिसल गई। इससे तीनों घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज कर अस्पताल से छुट्टी कर दी हुई।

बाइक सवार युवकों ने दी जान से मारने की धमकी

काशीपुर : ग्राम चांदपुर में हरे पेड़ों को काटने की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर अपनी जान माल का खतरा बताया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। जसपुर खुर्द निवासी हरदीप शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम चांदपुर प्रतापपुर में 1101 हरे भरे फलदार वृक्षों को काटकर अवैध कॉलोनी लगभग 150 बीघा जमीन पर बनाई जा रही है। इस बात की शिकायत उनके द्वारा कई स्तरों पर देकर जांच कराई जा रही है। बीती 16 अप्रैल को एनजीटी टीम दिल्ली ने मौका मुआयना कर इसकी जांच भी की थी। बताया कि शुक्रवार शाम को वह चैती मेला से घर आ रहे थे। तभी दो अज्ञात बाइक सवार लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। पीड़ित ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महावीर जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

काशीपुर : भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के महामंत्री सीए विनय जैन ने बताया कि भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रात: 7 बजे से मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा, पूजा पाठ का आयोजन किया जाएगा। वही सुबह 11 बजे से 1 बजे तक मानपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और उसके बाद 1.30 बजे से भव्य रथ यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकलेगी। जो वापस मंदिर परिसर में आकर संपन्न होगी।

हरे रामा हरे कृष्णा के जाप से माहौल हो गया भक्तिमय

हरे रामा हरे कृष्णा का जाप करती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : श्री बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव का पांच दिवसीय कार्यक्रम जारी है। कीर्तन मंडली ने संकीर्तन किया। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा के जाप से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। संस्थापक हरनाम चंद गुरुजी ने बताया कि प्रभु नाम के सिमरन से मनुष्य की वैतरणी पार हो जाती है। जीवन में प्रत्येक मनुष्य को हरी नाम का संकीर्तन अवश्य करना चाहिए। वर्तमान में भागदौड़ की जिंदगी में प्रभु नाम का सिमरन अति आवश्यक है। श्री बालाजी धाम के पदाधिकारियों ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें प्रतिदिन प्रभु नाम का सुमिरन किया जाएगा और विशाल भंडारे का अंतिम दिन आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री बालाजी धाम के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, उपाध्यक्ष रवि बठला, महामंत्री पवन जिंदल, विजय अरोड़ा, मंत्री मुकेश घई, कैलाश राजपूत, राजेंद्र सिधर, भारत भूषण चुघ, प्रीतम अरोड़ा, राजकुमार श्रीधर, गिरीश चंद्र पांडे, सतीश हुड़िया, राजकुमार सिंघल, मोहित राजपूत आदि मौजूद थे।

चैती मंदिर में निशा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

मां बाल सुंदरी देवी मंदिर के भवन में भव्य जागरण का आयोजन, माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हुआ

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : चैती परिसर स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर के भवन में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जहां माता रानी के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजन गायिका निशा अरोरा के भजनों पर श्रद्धालु झूमते दिखे।

शुक्रवार शाम को मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में आयोजित जागरण में भक्त झूमते-नाचते-गाते माता रानी की भक्ति में लीन दिखाई दिए। इस अवसर पर श्री बाल सुंदरी जागरण मंडली के भजन गायकों व काशीपुर की बेटी निशा अरोरा ने भजन कीर्तन किया। इसमें उन्होंने एक हार बना माली, शेरों वाली को पहनाना है, के माध्यम से मां का मनमोहक गुणगान किया। इससे पूर्व मां की पावन ज्योत मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री एवं जागरण मण्डली के महंत बलराम प्रजापति द्वारा प्रज्ज्वलित की गई और आरती के पश्चात प्रसाद वितरण कर जागरण का समापन किया गया। इस अवसर पर पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री, पंडा मनोज अग्निहोत्री, पंडा संदीप अग्निहोत्री, पंडा शक्ति अग्निहोत्री, पंडा कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, पंडा शिवा अग्निहोत्री, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे।

चैती मंदिर परिसर में भजन कीर्तन करती निशा अरोरा। ● अमृत विचार

मोटेश्वर महादेव मंदिर में महादेव के भव्य श्रृंगार की जानकारी देते समाजसेवी।

आज होगा मोटेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार

काशीपुर : गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अप्रैल को चैती मेला परिसर स्थित मोटेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसमें हजारों भक्त दर्शन करेंगे। माता मंदिर रोड स्थित एक होटल के सभागार में समाजसेवी विकास शर्मा, अरुण मेहरोत्रा, सौरभ अग्निहोत्री, जतिन नरूला आदि ने बताया कि रविवार यानि 21 अप्रैल को चैती मेला परिसर स्थित मंदिर में मोटेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसमें भक्तों को शाम 7 से रात्रि 12 बजे तक बाबा अपने दर्शन देंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से मंदिर पहुंचकर मोटेश्वर महादेव के भव्य श्रृंगार के दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। यहां वैभव भारद्वाज, जतिन अग्रवाल, अकांशु अग्रवाल, शीतल कौशिक, शुभव छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

धोखाधड़ी से लिया फास्ट टैग

काशीपुर। एक व्यक्ति के नाम से आरोपी ने अपनी कार का फास्ट टैग ले लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

मानपुर रोड अंतर्गत राजपुरम कॉलोनी निवासी विपिन कुमार अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस को देकर बताया कि उन्होंने अपनी कार के लिए एक कंपनी का फास्ट टैग लिया है। बीती 18 अप्रैल को वह अपने व्यक्तिगत कार्य से अपनी कार से देहरादून गए थे। जगतपुर पट्टी टोल प्लाजा पर पहुंचने पर पता चला कि उनका फास्ट टैग ब्लॉक है। फास्ट टैग के संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि उनके वाहन पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा 19 फरवरी 2024 को एक बैंक के माध्यम से फास्ट टैग लिया है। मामले की छानबीन में पता चला कि धोखाधड़ी कर किसी के द्वारा अपनी कार के लिए उनके नाम से फास्ट टैग लिया है। जिसमें बिल डिटेल को छिपाया गया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

बिजलीघर के पास झाड़ियों में लगी आग

अग्निकांड

- 3 लाख रुपये का तार जलकर राख, किच्छा की बिजली गुल

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: रुद्रपुर मार्ग स्थित विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के निकट झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग पावर हाउस तथा निकट स्थित राइस मिल की ओर बढ़ने लगी। घटना की सूचना पर तमाम विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग के भीषण रूप धारण करने के चलते पूरे शहर की विद्युत सप्लाई को बंद करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा नुकसान होने से बच गया। घटना में करीब 3 लाख रुपये कीमत के बिजली के तार जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। सूचना पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सहित तमाम व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। इधर, नगर के किच्छा बाईपास स्थित आबादी क्षेत्र के निकट झाड़ियों में लगी आग को फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते बुझा दिया।

नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के निकट सूखी झाड़ियों में रात्रि करीब 9:30 बजे अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगीं। घटना की सूचना पर एसडीओ डीसी गुरुरानी सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसडीओ गुरुरानी की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गई। काफी बड़े क्षेत्रफल में आग लगने के कारण दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया। इसके चलते दमकल की टीम को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच हौज पाइप खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जेई ओम कुमार, जेई पिटकुल चंद्रपाल सहित प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। आग लगने की घटना के तुरंत बाद पूरे शहर की विद्युत सप्लाई को बंद कर दिया गया। काफी देर तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग से उठ रही ऊंची ऊंची लपटों के कारण मौके से गुजर रही विद्युत केबल जलकर राख हो गई। एसडीओ डीसी गुरुरानी ने बताया कि अग्निकांड में हुए नुकसान की पूरी जानकारी आकलन करने के बाद ही सामने आएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर अग्निकांड में करीब 3 लाख रुपये का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। इधर पावर हाउस के निकट झाड़ियों में आग लगने के बाद आग लगातार पावर हाउस तथा निकट स्थित पाहवा राइस मिल की ओर बढ़ने लगी। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। राइस मिल स्वामी सुधीर पाहवा सहित दर्जनों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

आग बुझने के बाद तमाम लोगों ने राहत की सांस ली। समय रहते आग पर काबू पाने के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान होने से बच गया। इधर बाईपास पर काली मंदिर के निकट झाड़ियों में अचानक आग लगने के बाद आग आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। समय पर सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।



किच्छा में आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

पेंशन से संबंधित हाईकोर्ट के फैसले पर जताई खुशी

बैठक में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को सम्मानित करते एसोसिएशन के सदस्य।

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पेंशनर्स एसोसिएशन की रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मजदूर यूनियन के कार्यालय में बैठक हुई। इसमें पेंशनर्स एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के संयुक्त महामंत्री अमिय रमण ने बताया कि कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के बाद उसकी पेंशन से कामूटेशन की कटौती 15 वर्ष तक होती है जो कि गलत है।

इस मुद्दे को भारत पेंशनर समाज राष्ट्रीय स्तर की मीटिंगों में कई बार उठा चुका है जबकि केंद्र सरकार कर्मचारी की पेंशन से इसकी वसूली मात्र 12 साल में ही कर लेती है, जो कि सरासर ग़लत है। भारत पेंशनर्स समाज ने इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने उनकी मांग को जायज ठहराते हुए तत्काल प्रभाव से 12 वर्ष के बाद की जाने वाली कटौती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने के निर्देश केंद्र सरकार को दिए हैं। अमिय रमण ने इसे पेंशनर्स एसोसिएशन की बड़ी जीत बताते हुए सभी पेंशनर्स को बधाई दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रेलवे मजदूर यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान सुरेश शर्मा ने केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अमय रमण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी और पूर्व सीएस राजकुमार सिंह का जन्मदिन भी मनाया गया।

दीपक मिस्टर व सृष्टि बनीं मिस फ्रेशर

जसपुर के आरएलएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : आरएलएसएम डिग्री कॉलेज में बीएड अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

आरएस मेमोरियल महाविद्यालय किशनपुर, जसपुर में आयोजित फ्रेशर पार्टी के मिस्टर फ्रेशर दीपक कुमार व मिस फ्रेशर सृष्टि मल्होत्रा को चुना गया। प्रबंध कमेटी के सचिव विनय चौहान एवं प्राचार्या डॉ. भुवनेश कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव विनय चौहान ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम में विवेक कुमार, विपिन कुमार, दीपक कुमार, सचिन कुमार, विवेक कुमार वत्सल, आसमा परवीन, सलीम, सुभाष, गीता चौधरी, राजवीर, मोहम्मद दानिश, प्रीति वर्मा एवं अभिलाषा शर्मा ने भी अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से फ्रेशर पार्टी में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम संचालन शगुन चौहान, सुमित कुमार एवं प्रियम सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से की गई जो भावना आर्य, शिवानी ध्यानी ने गाया। अन्य विद्यर्थियों में सृष्टि मेहरोत्रा, पूजा नेगी, रश्मि, खुशी अग्रवाल, कुनिका मेहरा, स्नेहा एवं मानसी मिश्रा ने फिल्मी गीत एवं पहाड़ी गीतों से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इसके साथ ही दीपक कुमार, अभिषेक व दशरथ शाह ने अपने उद्बोधन से सभी का दिल जीत लिया।

शासनादेश के अनुसार बढ़ी मजदूरी दिलाने की मांग

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : ठेका मज़दूर कल्याण समिति की ओर से शनिवार को कुलपति और निदेशक प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उत्तराखंड शासन से जारी अधिसूचना के अनुसार बढ़ी हुई मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की गई।

दरअसल न्यूनतम वेतन अधिनियम-1948 के हिसाब से दिहाड़ी मजदूर, दैनिक वेतन भोगी, ठेका मजदूरों का हर पांच साल में वेतन पुनरीक्षण किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2019 में वेतन पुनरीक्षण के क्रम में पांच साल बाद उत्तराखंड शासन ने 15 मार्च को अधिसूचना जारी कर प्रदेश में दिहाड़ी, दैनिक वेतन भोगी व ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत कर्मियों का वेतन पुनरीक्षण कर पहली अप्रैल से मज़दूरी में वृद्धि कर दी है।

इसी अधिसूचना (शासनादेश) को ज्ञापन के साथ संलग्न करते हुए पंतनगर विवि में दिहाड़ी, दैनिक वेतन भोगी, ठेका मजदूर, सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत ठेका मजदूरों को शासनादेश के अनुसार पहली से बढ़ी हुई मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने अपनी मांगें जल्द से जल्द पूरी करने को कहा है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

प्राइवेट बस की चपेट में आने से दो भाई घायल

बाजपुर : प्राइवेट बस की चपेट में आकर बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस से बाजपुर के उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे भौना इस्लामनगर निवासी विनीत (18) पुत्र पप्पू सागर बाइक से अपने भाई शिवम के साथ घर से रुद्रपुर किसी कार्य के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच ग्राम पिपलिया के नजदीक पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया। इसमें दोनों भाई बाइक से उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस वाहन सेवा के जरिये सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों भाइयों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। वहीं एक अन्य घटना में ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी सिराजुद् दीन घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खेत के चौकीदार पर हाथियों का हमला

बाजपुर : फसल की रखवाली के लिए खेत किनारे झोपड़ी में सो रहे चौकीदार पर हाथियों ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं हाथियों के झुंड ने गन्ना व गेहूं की फसल को भी अपने पैरों से कुचलकर तहस-नहस कर दिया। घायल चौकीदार को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बन्नाखेड़ा वन से सटे ग्राम चनकपुर के अंतर्गत उप प्रधान सुखवंत सिंह की करीब तीन एकड़ भूमि जंगल के किनारे है। इसमें इस समय गन्ना व गेहूं की फसल है। फसल की रखवाली करने के लिए उन्होंने ग्राम भैंसिया निवासी दिनेश शर्मा को चौकीदार रखा हुआ है। वह खेत के एक कोने में झोपड़ी बनाकर रहता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात वहां जंगल से निकलकर पहुंचे हाथियों के झुंड ने फसल को रौंदना शुरू कर दिया। हाथी की चिंघाड़ से जागे दिनेश शर्मा ने बाहर आकर उसे भगाने का प्रयास किया तो हाथी ने उस पर भी हमला कर दिया। इसमें चौकीदार घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे किसान ने घायल चौकीदार को एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रतिभा रत्न सम्मान समारोह कल

काशीपुर : काशीपुर गौरव राष्ट्रकवि स्व. अनिल सारस्वत की पावन स्मृति में 101वां प्रतिभा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन 22 अप्रैल को शिवाय रिसॉर्ट में किया जाएगा। आयोजन की तैयारी चल रही है।

शुक्रवार की देर रात किच्छा से आई थी बारात, शनिवार की सुबह बैरंग लौटा दूल्हा, दोनों पक्षों में हुआ समझौता

रविंद्र नगर में बारातियों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आवास-विकास चौकी इलाके के रविंद्र नगर में उस वक्त अचानक खूनी संघर्ष हो गया जब वर-वधू पक्ष के लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसमें बाराती पक्ष के पांच लोगों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह होने पर चौकी में लोगों का जमावड़ा लगा रहा और बाद में लड़की के शादी से इंकार करने पर दूल्हे को बैरंग ही लौटना पड़ा और दोनों पक्षों ने समझौता नामा पुलिस को दे दिया है।

किच्छा के गैस एजेंसी निवासी सन्नी कुमार शुक्रवार की रात 9 बजे रविंद्र नगर बारात लेकर पहुंचा। गेट प्रवेश के बाद अचानक वर और वधू पक्ष के लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि रात 10 बजे कार्यक्रम स्थल में भगदड़ मचने लगी। दोनों पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के कारण दूल्हे के भाई पवन कुमार, दीपक कुमार, विक्की कुमार, राजा सागर और शिवनगर निवासी राजन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा रोडवेज संविदा चालक विशाल वर्मा और डीजे संचालक अभिषेक वर्मा भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया और पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शनिवार की सुबह दोनों पक्षों की भीड़ आवास विकास चौकी में जुटने लगी। जहां काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार वर-वधू पक्ष में समझौता हो गया। वहीं वधू ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में लेनदेन के बाद आपसी समझौता हो गया और बारात बिना दुल्हन के ही बैरंग किच्छा के लिए लौट गई।

घायल वर पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

महिलाओं ने लगाया लूटपाट करने का आरोप

रुद्रपुर : रविंद्र नगर में दूल्हे के साथ आई बाराती महिलाओं ने वधू पक्ष की ओर से कुछ लड़कों पर लूटपाट करने का आरोप लगाया है। आरोप था कि जब बारात बस से उतरने लगी तो अचानक वधू पक्ष की ओर से आए युवकों ने हमला कर दिया। एक महिला कविता का आरोप था कि उसके गले से सोने की चेन लूटी गई। इसके अलावा शीला देवी का आरोप था कि उसका मोबाइल व चार हजार की नगदी भी लूटी गई, जबकि वर पक्ष की ओर से किसी ने विवाद नहीं किया। संघर्ष में तीन महिलाएं भी घायल हुई हैं।

डीजे में हुई तोड़फोड़, डेढ़ लाख का नुकसान

रुद्रपुर : रविंद्र नगर में हुए खूनी संघर्ष के बाद जहां वर पक्ष के कई लोग घायल हो गए। वहीं इस घटना में डीजे संचालक अभिषेक वर्मा भी घायल हो गए। डीजे संचालक ने बताया कि संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के हमलावरों ने आठ डीजे लाइट और दो स्पीकर को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बवाल की सूचना मिलने पर उसकी मां किरन वर्मा वहां पहुंची तो उसे भी चोटिल कर दिया। इस कारण उसका डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पलट गई बग्गी, अपशगुन होने की चर्चा

रुद्रपुर। किच्छा के रहने वाले दूल्हे की बारात में अपशगुन होने की चर्चा पहले से हो रही थी। बताया जा रहा है कि जब दूल्हा बग्गी पर बैठकर वधू पक्ष के घर की ओर बारात लेकर जा रहा था। इस बीच शिव नगर ट्रांजिट कैंप मार्ग पर अचानक बग्गी में बंधे घोड़े बिदक गए और बग्गी पलट गई। दूल्हे ने बग्गी से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके अलावा वैवाहिक स्थल गेट पर भी अपशगुन होने की चर्चा रही।

रोडवेज चालक हुआ बेवजह हमले का शिकार

रुद्रपुर : रविंद्र नगर निवासी रोडवेज बस चालक विशाल वर्मा ने बताया कि वह संविदा कर्मचारी है और लोकसभा में लगी चुनाव ड्यूटी के बाद शुक्रवार की देर रात घर लौट रहा था। वैवाहिक स्थल के समीप ही उसका घर है। जब आपसी संघर्ष देखा तो वह दीवार की ओट लेकर बचकर निकल रहा था। हमलावर युवकों की नजर उस पर पड़ी। आशंका जताई कि हमलावरों ने वर पक्ष का समझकर उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया। इस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शुक्रवार की रात 11 बजे रविंद्र नगर में बारातियों और वधू पक्ष के बीच संघर्ष होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही घटनास्थल जाकर जानकारी ली गई और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। शनिवार की सुबह दोनों पक्षों ने चौकी में आकर आपसी समझौतानामा प्रस्तुत कर कोई कार्रवाई नहीं करने की मांग की। मारपीट प्रकरण व शादी का रिश्ता टूटने का समझौता पत्र दिया है। इसके बाद भी यदि कोई शिकायती पत्र देता है तो कार्रवाई होगी। **-अरविंद बहुगुणा**, आवास विकास, चौकी प्रभारी

ओवरब्रिज यातायात के लिए फिर बंद

बिना लोड टेस्टिंग के रेलवे ओवरब्रिज को भाजपाइयों ने करा दिया था शुरू

संवाददाता, काशीपुर

03 घंटे बाद ही प्रशासन ने आरओबी पर तीन व चारपहिया वाहनों का आवागमन बंद करा दिया था

03 दिन का समय लगेगा लोड टेस्टिंग में, उसके बाद शुरू होने की उम्मीद

अमृत विचार : बिना लोडिंग टेस्टिंग के चल रहे बाजपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को आवागमन के लिए एनएच ने फिर बंद कर दिया है। आरओबी पर यातायात लोड टेस्टिंग के बाद ही शुरू होगा। आरओबी के बंद होने से एक बार फिर जनता को मायूसी हाथ लगी है।

सात साल में बना आरओबी को सात दिन के अंदर ही यातायात के लिए बंद कर दिया गया। पांच दिन पहले भाजपाइयों ने आरओबी यातायात के लिए जबरन खोल दिया था। जबकि अधिकारी तकनीकी जांच व अन्य शेष कार्यों का हवाला देकर इसे खोलने के मूड में नहीं थे। आरओबी के चालू होने के तीन घंटे बाद ही प्रशासन से आरओबी पर तीन व चारपहिया वाहनों का आवागमन बंद करा दिया था। इसके बाद सिर्फ दोपहिया वाहन ही गुजर रहे थे। शनिवार को एनएच के अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यदायी संस्था ने आरओबी के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया और दोपहिया वाहनों की भी नो एंट्री कर दी। एनएच के एसडीओ प्रमोद सुयाल और कार्यदायी संस्था के अजय शर्मा का कहना है कि आरओबी पर अभी लोड टेस्टिंग का कार्य शुरू होना है। इसमें तीन दिन का समय लगेगा। वहीं कुछ शेष आवश्यक कार्य भी बचे हैं। उनको पूर्ण करना जरूरी है। इसके बाद ही उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरओबी को पुनः यातायात के लिए खोला जाएगा।

काशीपुर में बैरिकेडिंग कर आरओबी का रास्ता बंद करते कार्यदायी संस्था के कर्मी।

आरओबी बंद होने के बाद अधिकारियों से बहस करते स्थानीय लोग।

आरओबी के बंद होने से भड़का लोगों का गुस्सा

काशीपुर : आरओबी पर आवाजाही बंद करने से स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया। उनकी मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से तीखी बहस भी हुई। अधिकारियों ने बमुश्किल लोगों को समझाया और जल्द ही आरओबी पर यातायात सुचारू होने की बात कही।

एनएच के निर्देशन में शुरू हुआ लोड टेस्ट

काशीपुर : आरओबी पर शनिवार को आवाजाही रोककर लोड टेस्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। एनएच के निर्देशन में पुल का भार परीक्षण तकरीबन 72 घंटे तक चलेगा। जिसमें किसी प्रकार के वाहनों को इधर से निकलने की अनुमति नहीं होगी। एनएच के अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि शनिवार से इस आरओबी पर भार परीक्षण शुरू किया गया है। जिसमें तकरीबन 72 घंटे तक का समय लगा सकता है, इसमें लोड ट्रकों को इसके ऊपर रखकर पुल की क्षमता का आंकलन किया जाएगा। इस दौरान अन्य सुरक्षा मानकों को भी परखने का काम किया जाएगा।

हाइवे किनारे पड़ा मिला फैक्ट्री श्रमिक का शव

काशीपुर: घर से मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकले एक फैक्ट्री कर्मी का शव लहूलुहान हालत में हाईवे किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवराजपुर पट्टी निवासी जितेंद्र कुमार (25 वर्ष) पुत्र नरेश बाजपुर रोड स्थित एक सरिया फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह मोटरसाइकिल से आए दो सहकर्मी उसे फैक्ट्री जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। देर रात तक जब जितेंद्र घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी ढूंढ खोज शुरू की, लेकिन जितेंद्र के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शनिवार की सुबह मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री के पार्टनर ने पुलिस को फैक्ट्री के पास एक युवक का शव पड़े होने की सूचना दी। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में में ले लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। मृतक के परिवार में तीन भाई दो बहनें है। भाई-बहनों में वह सबसे बड़ा था। उधर उसको काम पर साथ ले गए युवकों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मासूम की हत्यारोपी मां को भेजा गया जेल

बच्ची की हत्या करने वाली सौतेली मां को कोर्ट लेकर जाती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : आठ वर्षीय बच्ची की हत्या करके शव को मकान में दबाने के मामले में पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

शनिवार को सीओ अनुषा बडोला ने थाना आईटीआई में हत्याकांड का खुलासा किया। बताया कि खड़कपुर देवीपुरा निवासी मोनू कुमार ने 18 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि उसकी आठ वर्षीय पुत्री सोनी 17 अप्रैल को दोपहर करीब डेढ़ बजे दुकान पर सामान लेने गई थी, लेकिन अभी तक वापस नहीं आई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी की धारा 365 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बरामदगी के लिए एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम का गठन किया। इस दौरान आसपास के खंगाले सीसीटीवी कैमरे में सौतेली मां लक्ष्मी की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। इसके बाद उससे सख्ती से पूछा गया तो उसने बच्ची की गला दबाकर हत्या की बात कबूली। उसने बच्ची के ऊपर खौलता हुआ पानी भी डाला था। उसने शव को बोरे में बंद कर पास के एक निर्माणाधीन मकान में दफना दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबाने से बच्ची की मौत की पुष्टि हुई है। सीओ बडोला ने बताया कि आरोपी महिला मृतक बच्ची से ईर्ष्या रखती थी। बताया जा रहा है कि घर के अन्य सदस्य सोनी को अधिक प्यार करते थे। इसके चलते वह सोनी से अधिक नफरत करने लगी और उसे अपने बच्चे के लिए संपत्ति का लालच भी आ गया। इस कारण महिला ने सोनी की हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ उसके पति की तहरीर पर हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

खेतों के पास झाड़ियों में लगी आग बुझाई

जसपुर क्षेत्र के ग्राम करनपुर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

तत्परता

▸▸ **झाड़ियों से आग खेतों की ओर तेजी से बढ़ रही थी**

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: खेतों के पास झाड़ियों में आग लगने से आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, इससे आसपास की गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ने से बच गई।

ग्राम करनपुर कुंडा में गेहूं के खेतों के पास झाड़ियों में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। जहां प्यारा सिंह के गेहूं के खेत के पास झाड़ियों में लगी थी। आग आसपास के गेहूं के खेतों की तरफ तेजी से बढ़ रही थी। फायर यूनिट ने आग को फैलने से रोका। फायर यूनिट में चालक अमरीश कुमार, विजेन्द्र सिंह, जीवन चन्द्र, शैलेन्द्र गुसाईं व विशु कुमार शामिल रहे।

आर्यनगर में घर में लगी आग, घरेलू सामान जला

काशीपुर : आर्यनगर स्थित एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से घर का सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार देर रात आर्यनगर स्थित सुनील कुमार के मकान के एक कमरे में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते मकान के अन्य कमरों में आग लगने से बचा लिया गया। लेकिन तब तक कमरे का सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग से सामान का आकलन किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड टीम में फायरमैन अर्जुन सिंह, सोमवीर पवार, प्रकाश चंद्र परगाई, महिला फायरमैन नमिता टम्टा रश्मि, चालक संदीप शर्मा व दीपक राठौर शामिल रहे।

युवक ने दरवाजा बंद कर लगाई फांसी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: अमाऊं में एक युवक ने कमरा बंद कर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस दौरान उसकी पत्नी काम पर गई हुई थी और बेटा पड़ोस में खेलने गया था। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया जिसे शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

शेर सिंह।

▸▸ **किराए के मकान में रहता था शाहजहांपुर का शेर सिंह**

मूलरूप से मिघौल गांव, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला शेर सिंह (32) पुत्र काशीराम पिछले आठ साल से अमाऊं में किराए के मकान में अपनी पत्नी मधु और नौ वर्षीय बेटे गोलू के साथ रह रहा था। शुक्रवार को जब उसकी पत्नी मधु काम पर गई हुई थी और बेटा पड़ोस में खेलने गया था उसी समय शेर सिंह ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। इसका पता तब चला जब उसकी पत्नी मधु काम से लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा खटखटाने पर नहीं खुला तो उसने खिड़की से झांक कर देखा तो वह अंदर का दृश्य देखकर कांप उठी। उसने चीख पुकार के साथ आसपास के लोगों को बुलाया। जिसकी सूचना थाने को दी गई। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लटके युवक को नीचे उतरवाया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था जबकि उससे छोटे जितेंद्र, ननकू और मोहित गांव में ही रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में रहेगा स्ट्रांग रूम

चुनाव संपन्न कराने के बाद लौटी सभी पोलिंग पार्टियां, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम हुए सील

मतदान कराकर शनिवार की तड़के अल्मोड़ा पहुंचीं पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न हो गया है। अल्मोड़ा जिले की सभी छह विधानसभाओं की 920 और पिथौरागढ़ जिले की 598 पोलिंग पार्टियां सकुशल मतदान कराने के बाद वापस स्ट्रांग रूम लौट गई हैं और सभी ने अपनी अपनी ईएमवी मशीनें जमा करा दी हैं। दोनों जिलों में स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए वहां अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस की तैनाती की गई है। सुरक्षा के लिहाज से स्ट्रांग रूम सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि जिले में लोक सभा चुनाव सुरक्षित और सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया है। सभी पोलिंग पार्टिया सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम पहुंच चुकी है। सामान्य प्रेक्षक सत्यप्रकाश एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फलसीमा में बनाए गए स्ट्रांग रूम को सभी ईवीएम मशीनों को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा चुनाव को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी हैं। इध पिथौरागढ़ जिले में भी शुक्रवार की शाम से ही पोलिंग पार्टियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि जिले की 611 पोलिंग पार्टियों में से शनिवार शाम चार बजे तक 598 पोलिंग पार्टियां पिथौरागढ़ में बनाए गए स्ट्रांग रूम तक पहुंच गई हैं।

जबकि शेष तेरह पार्टियों का आना अभी बांकी है। उन्होंने बताया कि देर रात तक सभी पोलिंग पार्टियां स्ट्रांग रूम तक पहुंच जाएंगी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का जायजा भी लिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, सभी विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी समेत अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

अल्मोड़ा में स्ट्रांग रूम को सील कराते जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर।

जंगल की आग के बीच ईवीएम संग सुरक्षित लौटी पोलिंग पार्टी

▸▸ रात के समय जागेश्वर के पत्युड़ी बूथ से लौट रही थी टीम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शुक्रवार को अल्मोड़ा जिले के 920 मतदान केंद्रों पर मतदान सम्पन्न हुआ।

जिले की जागेश्वर विधानसभा में भी पत्युड़ी गांव में भी एक मतदान केंद्र बनाया गया था। जहां चुनाव से एक दिन पहले पोलिंग पार्टी पहुंच गई थीं। शुक्रवार को चुनाव कार्मिकों की इस टीम ने बूथ पर मतदान कराया और मतदान समाप्त होने के बाद टीम रात को ही बूथ से अल्मोड़ा की ओर रवाना हो गई, लेकिन बूथ से कुछ दूरी आगे पर ही गांव के जंगल में भीषण आग लगी हुई थी और सड़क को जाने वाला मार्ग जंगल होकर गुजर रहा था। ऐसे में मतदान कार्मिकों के सामने स्वयं के साथ साथ ईवीएम मशीनों का सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी भी थी। टीम के सदस्यों ने अपनी सूझबूझ कर परिच दिया और बड़ी मशक्कत के साथ धधकते हुए जंगल से सुरक्षित ईवीएम मशीन लेकर सड़क तक पहुंच गए। रात में ही वाहन की सुविधा से मतदान कर्मी अल्मोड़ा पहुंचे और उन्होंने ईवीएम मशीन को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा कराया। टीम की इस सूझबूझ पर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने टीम के सदस्यों की सराहना की है।

जंगल की आग से बचकर आते जागेश्वर विधानसभा के पत्युड़ी बूथ के मतदान कर्मी।

शपथ ली 72% ने, वोट पड़े मात्र 54.22 फीसदी

▸▸ स्वीप के तमाम प्रयासों के बावजूद कम मतदान होना बना चिंता का विषय

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव संपन्न तो हो गए। परंतु जागरूक मतदाता अब कम मतदान के के कारणों पर चर्चा कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का दावा था कि इस बार बागेश्वर में 72.8 फीसदी मतदाताओं ने मतदान का संकल्प लिया है साथ ही आयोग का अनुमान था कि इस बार बागेष्वर जनपद में 72.14 फीसदी मतदान का लक्ष्य पूर्ण होगा।

72. 8 फीसदी मतदाताओं द्वारा स्वीप टीम के सामने षपथ लेने वाले मतदाता भी निर्वाचन आयोग को धोखा दे दिया। जो कि चर्चा का विशय रहा। अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर जनपद में स्वीप टीम ने कई स्थानों का भ्रमण किया। पैराग्लाइडिंग से लेकर झील में नाव की सवारी करके मतदाताओं को जागरूक किया। कई स्थानों में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए प्रेरित करने व स्वयं मतदान करने की षपथ दिलाई परंतु षुक्रवार को यह षपथ झूठी निकली। स्वीप के मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए नगर में इस तरह से प्रचार किया जा रहा था कि इस बार लोगों की चर्चा थी कि स्वीप टीम का प्रचार इस बार भाजपा व कांग्रेस के चुनाव प्रचार से अधिक हो रहा है। परंतु षुक्रवार को जनपद में मतदान संपन्न होने के बाद जब मत प्रतिषत सामने आया तो यह चौंकाने वाला था।

क्योकि स्वीप टीम नें प्रषासन व निर्वाचन विभाग को रिपोर्ट सौंपी थी कि उन्होंने 72.8 फीसदी मतदाताओं को मतदान की षपथ दिलाई है। परंतु जनपद में मतदान इसकी अपेक्षा काफी कम हुआ। इससे जनपद में तरह तरह की चर्चाएं हैं।

कम मतदान पर जताई चिंता

स्वतंत्र पत्रकार व समाजसेवी हरीश जोशी व प्रधानाचार्य कैलाश अंडोला ने कम मतदान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह काफी नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनावों में जितना भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार नहीं किया तथा बैनर पोस्टर नहीं लगाए उससे अधिक स्वीप कार्यक्रम में नगर में पोस्टर आदि कार्यक्रम किए। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए। जिससे मतदाता जागरूक नहीं हो सका।

बगेश्वर में 381 पोलिंग पार्टियों ने जमा की ईवीएम

▸▸ सीसीटीवी की रहेगी निगरानी

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जनपद की दोनों विधानसभाओं की सभी 381 पोलिंग पार्टिया सकुशल मतदान कराने के बाद वापस लौट गई है। पोलिंग पार्टियों का आने का सिलसिला शुक्रवार देर शाम से शनिवार की सुबह तक चलता रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल वीडी पांडेय डिग्री कालेज स्ट्रांग रूम में मौजूद रही। राजनैतिक दलों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को आज सुबह सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रहेगी। जिले में शाम 7 बजे की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 54.23 फीसदी मतदान प्रतिशत रहा। जिसमें महिला 60.57 फीसदी और पुरुष 48.10 प्रतिशत रहा। विधानसभा कपकोट की बात की जाय तो यहां महिला मतदान 58.79 फीसदी एवं पुरुष मतदान 48.27 प्रतिशत कुल 53.44 फीसदी रहा। इधर विधानसभा बागेश्वर में महिला मतदान 62.08 प्रतिशत और पुरुष मतदान 47.96 फीसदी कुल 54.90 प्रतिशत रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में सभी पोलिंग पार्टिया स्ट्रांग रूम पहुंच चुकी हैं। ईवीएम मशीनों को जमा कराने के बाद मतदान में लगे सभी कार्मिक सुरक्षित रूप से वापस अपने गंतव्य जा चुके हैं।

राजनीतिक दलों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस की तैनाती की गई है। 378 पोलिंग टीमें देर रात को स्ट्रांग रूम पहुंच गई थी। जबकि दूरस्थ की तीन मतदान टीमें 20 अप्रैल की सुबह स्ट्रांग रूम पहुंची। इस दौरान एसपी अक्षय कोंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एनएस नबियाल, एआरओ बागेश्वर मोनिका, एआरओ कपकोट अनुराग आर्य, राजनैतिक पार्टी से बीजेपी, कांग्रेस आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बागेश्वर महाविद्यालय में ईवीएम के स्ट्रांग रूम को सील करते अधिकारी।

निर्वाचन में लगी बस का ब्रेक फेल, बाल-बाल बचे यात्री

टनकपुर/चम्पावत : जिला मुख्यालय से18 किलोमीटर दूर एक बस का ब्रेक फेल होने से बस पहाड़ी में टकरा गई। बस में सवार निर्वाचन में लगे 35 लोग बाल बाल बचे। शनिवार को निर्वाचन ड्यूटी से लौट रही बस टनकपुर डिपो की बस यूके 04 पीए1117 धौन और स्वाला के बीच में ब्रेक फेल होने से पहाड़ी में टकरा गई। बस में सवार निर्वाचन में लगे 35 कर्मी बाल-बाल बच गए। चालक की समझदारी से बस में सवार लोग बच गए। अगर बस दूसरी तरफ जाती तो 200 मीटर नीचे खाई में गिरती। बस चालक दीपक सिंह ने बताया कि बस का अचानक ब्रेक नहीं आने से बस पहाड़ी में टकरा गई।

ब्रेक फेल होने पर पहाड़ से टकराई बस।

वोट देकर आ रही महिला का लूट लिया मंगलसूत्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ चीनाखान के नौघर का मामला पुलिस टीम जांच में जुटी

अमृत विचार : जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में बेखौफ हो चुके बदमाशों का हौसला लगातार बुलंद होता जा रहा है। शुक्रवार को मतदान कर वापस लौट रही एक महिला को नगर के चीनाखान के पास नौघर नामक स्थान पर एक बदमाश ने दबोच लिया और उसका मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। जिसके बाद महिला ने पुलिस को आपबीती सुनाई और इस मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

शुक्रवार को ढूंगाधारा निवासी एक महिला प्राथमिक विद्यालय एडम्स में बनाए गए मतदान केंद्र में अपना वोट डालकर वापस लौट रही थी। चीनाखान में नौघर के पास महिला को अकेला देखकर एक बदमाश महिला के गले से सोने के मंगलसूत्र को लूट कर फरार हो गया। महिला शोर न मचा सके इसके लिए बदमाश ने पहले महिला का गला दबाया और एक तोले के सोने के मंगलसूत्र को लेकर वहां से फरार हो गया। डरी सहमी महिला के रोने की आवाज सुन आसपास के लोग वहां एकत्र हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद महिला ने पुलिस कर्मियों को आपबीती सुनाई। चौकी प्रभारी एनटीडी रमेश नेगी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज एकत्र की गई है। जिसमें एक युवक लूटपाट के बाद भागता हुआ दिखाई दे रहा है। आरोपी की धरकपड़ के प्रयास जारी हैं।

सभी प्रत्याशियों ने जताया मतदाताओं का आभार

बैरती (अल्मोड़ा) : लोकसभा चुनावों के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाने के बाद इस संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों ने सभी मतदाताओं को विशेष साधुवाद के साथ उनका आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, भाजपा के अजय टम्टा, उपपा की किरन आर्या, बसपा के नारायण राम, पीपीआईडी के प्रमोद कुमार, बहुजन मुक्ति पार्टी के ज्योति प्रकाश तथा निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन प्रसाद ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र में शांतिपूर्वक मददान संपन्न होने पर सभी लोगों ने चुनाव संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले मतदान कार्मिकों एवं पुलिस कर्मियों को भी बधाई दी है।

सीएमएस से खफा डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार

चिकित्सकों के आंदोलन के चलते अस्पताल में परेशान मरीज। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

▸▸ उत्पीड़न का लगाया आरोप सीडीओ के आश्वासन पर माने चिकित्सक

अमृत विचार : जिला चिकित्सालय में शनिवार को चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार किया तथा सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा का घेराव किया।

उनका आरोप है कि सीएमएस द्वारा मेडिकल व पैरा मेडिकल स्टाफ का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने सीएमएस को ज्ञापन सौंपा तथा कार्य व्यवहार में परिवर्तन लाने की मांग की। बाद में सीडीओ द्वारा जांच करके कार्रवाई के आश्वासन के बाद चिकित्सक शांत हुए। शनिवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व अन्य स्टाफ ने सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि सीएमएस द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। आरोप लगाया कि चिकित्सालय में लगे कैमरे का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा इसका संचालन रविंद्र अवस्थी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवस्थी द्वारा चिकित्सकों के कार्य में हस्तक्षेप किया जा रहा है। आरोप लगाया कि अकारण ही कई चिकित्सकों व स्टाफ का वेतन रोका जा रहा है जिससे उनका उत्पीड़न हो रहा है उन्होंने रूका हुआ वेतन दिए जाने की मांग की। चिकित्सकों ने मांग की कि तीन चिकित्सकों की कमेटी बनाई जाए जो कि वित्त के अलावा अन्य मामलों में सहमति प्रदान करे इसके बाद ही कार्यवाही की जाए। इस दौरान पीएमएस संघ के अध्यक्ष डॉ. गिरजा शंकर जोशी, डॉ. राजीव उपाध्याय, डॉ. डीपी शुक्ला आदि चिकित्सक उपस्थित थे। बाद में मुख्य चिकित्साधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी जांच के लिए सीएमओ अनुपमा हयांकी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी देवेश चौहान को आदेश दिए गए हैं।

अनुशासन को नहीं पचा पा रहे कुछ चिकित्सक : सीएमएस

बागेश्वर : सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा ने डॉक्टरों के आरोपों को निराधार बताया है। कहा कि उनके द्वारा सभी स्टाफ से अपने ड्रेस कोड में रहने व शालीनता के कपड़े पहनने के आदेश दिए। परंतु कुछ चिकित्सक इसका पालन नहीं कर रहे हैं। जिस पर उनको नियमों का पालन करने को कहा गया। इसके अलावा एक महिला चिकित्सक बिना सूचना के अवकाश में चली गईं तथा पोन स्विच ऑफ कर लिया। जिस पर उनका स्पष्टीकरण लिया गया है। इसके अलावा एक अन्य चिकित्सक के इमरजेंसी ड्यूटी से गायब रहने पर कई बार समझाया इसके बाद भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया। जिस पर उसका स्पष्टीकरण लिया गया। सीएमएस ने कहा कि उनके द्वारा समय समय पर चिकित्सकें को मरीजों को बाहर की दवाइयां न लिखने तथा बाहर से रक्त व अन्य परीक्षण न कराने के निर्देश दिए जाते रहे हैं जिसे वे पचा नहीं पा रहे हैं तथा अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।

वोट डालने में आगे रहीं महिला मतदाता

▸▸ चम्पावत जिले में 55.45 प्रतिशत महिलाओं और 47.47 प्रतिशत पुरुषों ने मताधिकार का उपयोग किया

▸▸ जिले में 51.29 प्रतिशत वोट पड़े, 206753 में से 106037 लोगों ने किया मतदान

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार : 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 के लोकसभा चुनाव की अपेक्षा 4.88 प्रतिशत कम वोट पड़ा। इस बार 206753 में से 106037 लोगों (51.29 प्रतिशत) ने वोटिंग की। महिला मतदाता वोट करने में पुरुषों से काफी आगे रहीं।

महिलाओं ने चम्पावत जिले में 55.45, जबकि पुरुषों ने 47.47 प्रतिशत ही मतदान किया। 98760 महिलाओं में से 54769 महिलाओं ने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं 107993 पुरुषों में से महज 51268 ने ही वोट डाले। चम्पावत विधानसभा क्षेत्र में 56.38 प्रतिशत (98617 वोटों में से 55604) और लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में 46.64 प्रतिशत (108136 में से 50433) ने मत डाला। 2019 के लोकसभा चुनाव में 193863 वोटरों में से 108901 (56.17 प्रतिशत) ने वोट डाला था।

इधर 19 अप्रैल को हुए मतदान के बाद सभी पोलिंग टीम वापस आ गई हैं। 344 बूथों में से आखिरी टीम शनिवार अपरान्ह में पहुंची। सभी ईवीएम और वीवीपैट को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में स्ट्रांग रूम में सील किया गया। त्रिस्तरीय सुरक्षा अर्धसैनिक बल, पीएससी और पुलिस की त्रिस्तरीय सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रहेगी। 24 घंटे विभिन्न विभागों के अधिकारियों के जरिए सुरक्षा की जा रही है।

प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त चम्पावत के लीड बैंक अधिकारी व नोडल माइक्रो ऑब्जर्वर अमर सिंह ग्वाल की मौजूदगी में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सम्मुख दोनों विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार स्क्रूटनी की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम नवनीत पांडेय, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रिंकू बिष्ट और आकाश जोशी के अलावा भाजपा के प्रतिनिधि रोहित बिष्ट व कांग्रेस के प्रतिनिधि जगदीश जोशी आदि मौजूद रहे।

चम्पावत में स्ट्रांग रूम के पास जानकारी हासिल करते जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी। ● अमृत विचार

शनिवार को भी वाहनों की कमी से जूझते रहे यात्री

अल्मोड़ा : चुनाव ड्यूटी में लगे वाहनों के शनिवार को भी न लौटने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज की नियमित सेवाओं के अलावा केमू के विभिन्न रूटों पर भी बसों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई। जिस कारण शनिवार को भी जिले में यातायात व्यवस्था चरमराई रही। इमरजेंसी में बड़े नगरों की यात्रा करने वाले यात्री घंटों स्टेशनों पर वाहनों का इंतजार करते रहे। लेकिन कुछ जगहों को छोड़ अन्य स्थानों के लिए बसों का संचालन नहीं हुआ। मजबूरी में यात्रियों को महंगे दामों पर टैक्सी बुक कर गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी शनिवार को यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी। सुबह के समय कुछ वाहन यात्रियों को लेकर पहाड़ की ओर चढ़े। लेकिन उसके बाद दिन भर वाहनों की आवाजाही ठप रही। जिस कारण जिले के आतंरिक मार्गों पर पैदल सफर कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

मां पूर्णागिरि धाम में नेपाल के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी

▸▸ टनकपुर बनबसा सीमा खुलने पर नेपाल के सिद्धनाथ मंदिर में भी उमड़े भारतीय श्रद्धालु

संवाददाता टनकपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बाद भी इस समय मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं इस समय पड़ोसी मित्र देश नेपाल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम दर्शन को आ रहे हैं। इधर लोकसभा के प्रथम चरण के हुए मतदान को देखते हुए टनकपुर बनबसा सीमा तीन दिन के बाद खुलने पर नेपाल के महेंद्रनगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर के लिए भी भारी संख्या में भारतीय श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

19 अप्रैल को लोकसभा के प्रथम चरण के हुए मतदान को देखते हुए मां पूर्णागिरि धाम में पिछले तीन दिनों तक श्रद्धालुओं की आवाजाही काफी कम रही लेकिन मतदान समाप्त होने के बाद से एक बार फिर से मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही काफी बढ़ गई है।इस समय पड़ोसी मित्र देश नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं। ज्यादातर नेपाल के श्रद्धालु ब्रह्मदेव मंडी के रास्ते से टनकपुर होकर पहुंच रहे हैं। इस समय नेपाल के काठमांडू, कैलाली, धनगढी, महेंद्र नगर, बैतडी,पोखरा, डोटी, डडेलधूरा आदि विभिन्न क्षेत्रों से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं। नेपाल से ज्यादातर महिलाओं, पुरुषों को बच्चों के साथ टोली के रूप में पहुंच रहे हैं। इधर उत्तर प्रदेश से भी इस समय विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं साथ ही टनकपुर के शारदा नदी में भी स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एकाएक श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने पर इस समय पूर्णागिरि मेला क्षेत्र और नेपाल के सिद्धनाथ मंदिर क्षेत्र में भी मां पूर्णागिरि धाम और सिद्धनाथ बाबा की जय जयकारों से गूंज उठा है।

मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जाते नेपाल से आईं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा में मतदान में महिलाओं ने मारी बाजी

6,93,406 में से 2,93,352 पुरुष और 6,54,904 में से 3,36,324 महिलाओं ने किया मतदान

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वर्ष 2024 के लोकसभा निर्वाचन में भले ही अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावों की अपेक्षा कम रहा।

लेकिन इस बार भी चुनाव के दौरान मतदान में महिलाओं ने मैदान मार लिया। अल्मोड़ा लोकसभा के चार जिलों में कुल 6,93,406 पुरुष मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से कुल 2,93,352 पुरुषों ने ही अपने मतदान का प्रयोग किया। जबकि लोकसभा में पंजीकृत 6,54,904 महिलाओं में से 3,36,324 महिलाएं मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकली। इस लोकसभा सीट पर पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत जहां 42.31 प्रतिशत पर सिमट गया। वहीं महिलाओं ने करीब 51.36 प्रतिशत मतदान कर बढ़त हासिल की। लोकसभा के अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां की छह विधानसभाओं में महिला और पुरुष मतदाताओं के मतदान का कुल प्रतिशत 45.43 रहा। जिले की द्वाराहाट विधानसभा में पुरुष मतदाताओं ने 39.35 और महिलाओं ने 53.13 प्रतिशत मतदान किया। सल्ट विधानसभा में 29.12 प्रतिशत पुरुष और 39.63 प्रतिशत महिला, रानीखेत विधानसभा में 48.19 प्रतिशत पुरुष और 66.67 प्रतिशत महिला, सोमेश्वर विधानसभा में 42.49 प्रतिशत पुरुष और 57.16 प्रतिशत महिला, अल्मोड़ा विधानसभा में 49.90 प्रतिशत पुरुष और 57.19 प्रतिशत महिला व जागेश्वर विधानसभा में 40.58 प्रतिशत पुरुष और 52.34 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। पिथौरागढ़ जिले में महिला और पुरुष मतदाताओं के मतदान का कुल प्रतिशत 42.76 रहा। जिले की धारचूला विधानसभा में 32.49 प्रतिशत पुरुष व 31.86 प्रतिशत महिला, डीडीहाट विधानसभा में 47.35 प्रतिशत पुरुष और 48.25 प्रतिशत महिला, पिथौरागढ़ विधानसभा में 48.99 प्रतिशत पुरुष और 51.16 प्रतिशत महिला व गंगोलीहाट विधानसभा में 36.36 प्रतिशत पुरुष और 44.11 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया।

चंपावत जिले में पुरुष और महिलाओं के मतदान का कुल प्रतिशत 51.32 रहा। जिले की चंपावत विधानसभा में 59.47 प्रतिशत पुरुष और 56.20 प्रतिशत महिला व लोहाघाट विधानसभा में 41.91 प्रतिशत पुरुष और 51.84 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया। बागेश्वर जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं का कुल प्रतिशत 54.21 रहा। बागेश्वर विधानसभा में 47.80 पुरुष और 62.14 प्रतिशत महिला और कपकोट विधानसभा में 48.36 प्रतिशत पुरुष और 58.65 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर पुरुष-महिला मतदान की स्थिति

विस	कुल पुरुष मतदाता	मतदान किया	कुल महिला मतदाता	मतदान किया	कुल मतदान प्रतिशत
द्वाराहाट	45275	17816	45993	24435	46.29
सल्ट	50427	14684	47386	18780	34.21
रानीखेत	40680	16184	38416	18514	43.87
सोमेश्वर	45067	19149	42764	24445	49.63
अल्मोड़ा	45366	22637	42577	24348	53.43
जागेश्वर	49360	20028	44717	23407	46.17

राजभवन देहरादून व आसपास हैं पक्षियों की 180 प्रजातियां

▸▸ राज्यपाल ने शनिवार को राजभवन परिसर में की बर्ड वाचिंग

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : जैव विविधता से भरपूर उत्तराखंड में पक्षियों का अलग संसार है। यहां विभिन्न प्रकार के पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। वहीं, राजभवन एवं इसके आस-पास के क्षेत्र में पक्षियों की लगभग 180 से अधिक प्रजातियां दिखाई देती हैं।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार प्रातः राजभवन परिसर में बर्ड वॉचिंग की। इस दौरान पीसीसीएएफ डॉ. धनंजय मोहन और निदेशक राजाजी पार्क, साकेत बड़ोला मौजूद रहे। बर्ड वाचिंग के दौरान उन्होंने कई पक्षियों का देखा जिनमें ओरियंटल पाइड-हॉर्नबिल, मैग्पी-रोबिन, बुलबुल, ग्रे ट्रैपी, एलक्जैंडरिन पैराकीट, वुडपैकर आदि प्रजातियां थी। उन्होंने कहा कि पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को देखकर अलग ही आनंद की अनुभूति हुई है। राज्यपाल ने कहा कि पक्षियों की अलग-अलग चहचहाहट और क्रियाकलाप मन को प्रफुल्लित और आकर्षित करने वाला रहा। अन्य स्थानों पर जहां पक्षियों के दीदार मौसम पर निर्भर हैं, इस परिसर में वर्ष भर पक्षियों का बसेरा रहता है। पक्षियों की अविश्वसनीय विविधता से समृद्ध, उत्तराखंड पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों का घर है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के अनमोल खजाने से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड की जैव विविधता अलग ही है जिसका प्रचार-प्रसार किया जाना जरूरी है।

राजभवन में बर्ड वॉचिंग करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह।

चुनाव समाप्त होने पर खुले अंतरराष्ट्रीय पुल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान होने के बाद अब अंतर राष्ट्रीय सीमा से लगे पुलों को खोल दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर करीब 11 पुल हैं।

जिन्हें लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्धारित समय पर बंद कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि 55वीं वाहिनी के अंतर्गत भारत नेपाल बार्डर पर करीब आठ पुल हैं। जिनमें से शुक्रवार को चुनाव समाप्त होने के बाद करीब छह बजे के आसपास झलाघाट, जौलजीवी, बलुवाकोट और 11 वीं वाहिनी के अंतर्गत आने वाले धारचूला पुल को खोल दिया गया था। जिसके बाद पचास से अधिक यात्री नेपाल गए और वहां से भी कुछ लोग भारत आए। उन्होंने बताया कि शनिवार को शेष बचे सभी पुलों को भी पूर्व की तरह आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। जिसके बाद अब दोनों देशों के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। इन पुलों के बंद होने के बाद से दोनों देशों के कई इलाकों में पूरी तरह सुनसानी छा गई थी। व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक ने बताया कि पुलों के खुलने के बाद अब स्थिति पूर्व की तरह सामान्य हो गई है।

कसारदेवी, फलसीमा में धधकी आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बीते शुक्रवार की देर शाम नगर से लगे कसारदेवी और फलसीमा के जंगलों में भीषण आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और वह लोकसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के आसपास तक पहुंच गई।

आनन फानन में इसकी जानकारी फायर विभाग के कर्मचारियों को दी गई। जिसके बाद फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जंगल की आग को बुझाया। शुक्रवार को अधिकांश वन कर्मी चुनाव ड्यूटी पर थे। इस दौरान देर शाम अचानक फलसीमा और कसारदेवी के जंगल आग से धधकने लग गए। आग ने इतना विकराल रूम धारण कर लिया वह फलसीमा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बनाए गए स्ट्रांग रूम के पास स्थापित जेनरेटर तक पहुंच गई। आनन फानन में स्ट्रांग रूम के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन और वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद फायर सर्विस के लीडिंग फायरमैन किशन सिंह के नेतृत्व में टीम अग्निशमन वाहन लेकर मौके पर पहुंची।

जहां फायर कर्मियों ने मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर होजरील की सहायता से रुक रुक कर आग को बुझाने आरंभ किया। लेकिन जंगल की आग ने इतना विकराल रूप धारणा कर लिया था कि टीम को फायर स्टेशन से दूसरी गाड़ी मंगानी पड़ गई।

दोनों गाड़ियों द्वारा पंपिंग कर होजरील की सहायता से स्ट्रांग रूम के आस पास की आग को बड़ी मशक्कत के बाद बुझाने में फायर कर्मी सफल हो सके और बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर एडीएम अल्मोड़ा एवं प्रशासन की अन्य लोग वहां मौजूद थे। आग को बुझाने में जिला आपदा प्रबंधन एवं वन विभाग की सहायता भी ली गई। फायर की टीम में हिशन सिंह, हरीश राम, हरि सिंह, मुकेश सिंह, विपिन बड़ोला, प्रकाश पांडे, देवेंद्र गिरि, धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

फलसीमा के जंगलों की आग बुझाते फायर कर्मी। ● अमृत विचार

भड़काऊ भाषण देने में सपा विधायक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा कहने के मामले में सपा विधायक अताउर रहमान के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

देवरनिया के भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मामले की शिकायत की थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आचार संहिता लागू होने के दौरान माहौल खराब करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। रहपुरा गनीमत निवासी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 16 अप्रैल को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन का नामांकन हुआ था। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र पर हुई सभा में बहेड़ी से सपा विधायक अताउर रहमान ने सार्वजनिक रूप से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा बताया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा नेताओं की अक्ल पर पत्थर पड़ गये हैं, जो लुटेरों को टिकट दे दिया है। इस दौरान कब्रिस्तान और श्मशान की जमीनों पर कब्जा करने का भी जिक्र किया गया। इस पूरे मामले का वीडियो वायरल हो गया।

अताउर रहमान।

जानवरों ने नष्ट की गेहूं की फसल

▸▸ कांडा में आवारा जानवरों का आतंक बढ़ने से किसान परेशान

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जनपद में आवारा जानवर जी का जंजाल बन चुके हैं। हाल यह है कि आवारा जानवर दिन में ही खेतों में जाकर फसल को चट कर रहे हैं जिससे काश्तकारों की साल भर की मेहनत में पानी फिर रहा है। काश्तकारों ने प्रशासन से काश्तकारों को मुआवजा प्रदान किए जाने तथा आवारा जानवरों से निजात दिलाने की मांग की है।

जनपद के नगर समेत कांडा क्षेत्र में आवारा जानवरों का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग पांच दर्जन से अधिक आवारा जानवर घूम रहे हैं जो कि यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। कई बार ये जानवर झुंड में बाजारों में घूमते हैं तो यहां राहगीरों का चलना मुश्किल हो जा रहा है। कई बार जानवरों का झुंड खेतों में जाकर फसल को चट कर रहा है। ग्रामीण सुंदर सिंह, योगेश कुमार, नवीन चंद्र, सुषमा देवी, गंगा नगरकोटी ने बताया कि कई बार प्रशासन से इस संबंध में उचित कदम उठाने की अपील की जा चुकी है परंतु उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कहा कि फसल चट करने से उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर रहा है। उन्होंने प्रशासन से आवारा जानवरों के आतंक से निजात दिलाने के साथ ही मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है।

कांडा के खेतों में घुसा आवारा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

स्क्वैश खिलाड़ी कोच के बिना कैसे दिखाएंगे दम

▸▸ 45 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ स्क्वैश कोर्ट

▸▸ विभाग की अनदेखी से सालों बाद भी नहीं शुरू हो पाया कोर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के मिनी स्टेडियम में 45 लाख रुपये की लागत से निर्माण हुआ स्क्वैश कोर्ट वर्तमान समय में खेल विभाग की अनदेखी के चलते दुर्दशा का शिकार हो चुका है।

स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में बने स्क्वैश खेल के 3 कोर्ट में विगत कई सालों से ताले लटक रहे हैं। वहीं स्पोर्ट्स स्टेडियम में आने वाले स्क्वैश के खिलाड़ी खुद ही अपने आप से अभ्यास करने को मजबूर है। कई साल बीत जाने के बाद भी खेल विभाग इन खिलाड़ियों को एक कोच तक उपलब्ध नहीं करा पाया है। लाखों रुपये की लागत से तैयार हुआ स्क्वैश कोर्ट पर ही सवाल उठने लगे है। बता दें कि उत्तराखंड में वर्ष 2024 में 38वें राष्ट्रीय खेल में स्क्वैश के खेल को भी शामिल किया गया है।

इन राष्ट्रीय खेल के आयोजनों में हल्द्वानी शहर भी मुख्य रूप से शामिल किया गया है वहीं पूरे प्रदेश में एकमात्र स्क्वैश कोर्ट का निर्माण हल्द्वानी के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया है, लेकिन बीते 5 साल से अधिक का समय बीत गया है इसके बाद भी स्क्वैश कोर्ट सुचारू रूप से खिलाड़ियों के लिए नहीं खुल सका है। खेल विभाग अब तक एक स्क्वैश का परिपक्व खिलाड़ी नहीं तैयार कर पाया है।

खेल शिविरों में नहीं शामिल स्क्वैश खेल

हल्द्वानी : नए सत्र के खेल शिविरों के लिए खेल विभाग ने विज्ञप्ति भी जारी कर चुका है। इसके लिए बीते 4 मार्च का विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों का साक्षात्कार भी करा चुका है लेकिन अभी कोचों की अंतिम सूची नहीं जारी की गई है वहीं शिविरों में सक्वैश खेल को विभाग ने शामिल करना भी मुनासिब नहीं समझा।

वर्तमान में स्क्वैश के लिए न तो खिलाड़ी ही उपलब्ध है न ही प्रशिक्षक है। फिलहाल स्क्वैश खेल के लिए कोई भी इच्छुक खिलाड़ी आता है तो उनके लिए कोर्ट खोला जाता है।

–वरूण बेलवाल, प्रभारी जिला खेल अधिकारी

प्रकाश जोशी ने बैठक कर कार्यकर्ताओं का जताया आभार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने मतदान के अगले दिन आराम करने की जगह कार्यकर्ताओं से मिलने में समय दिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनता का आभार जताया।

प्रकाश पिछले 20 दिनों से चुनाव की वजह से व्यस्त थे। कम समय में ही उन्होंने पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा प्रत्याशी की अपेक्षा उनका टिकट काफी देरी से जारी हुआ था। जिसके बाद उन्हें चुनाव प्रचार में काफी व्यस्त रहना पड़ा। शनिवार को प्रकाश जोशी अपने आवास पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंन कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत का ही परिणाम है चुनाव में कांग्रेस को भारी समर्थन मिला है। उन्होंने जनता का भी आभार जताया और कहा कि जनता ने उन्हें भरपूरे प्यार दिया है।

वर्ग पहेली-46

बाएं से दाएं

1. जिसे किसी चीज़ की लत हो, अभ्यस्त, व्यसनी।
2. 1. दरवाज़े के दोनों कपाटों के मध्य फ़र्श पर लगाई गई लकड़ी, देहरी, ड्योढ़ी, चौखट 2. नपुंसक, नामर्द 3. गूलर नाम का एक फल तथा उसका वृक्ष 4. एक प्राचीन जाति 5. एक प्रकार का कोढ़।
4. 1. कोमल, नाज़ुक, मुलायम 2. मनोहर, सुंदर, सुहावना, बहुत अच्छा, उत्तम 3. दक्ष, होशियार, चतुर, प्रवीण।
6. दक्षता।
9. (पुराण) सात पाताल लोकों में से एक।
10. 1. गले लगाना, आलिंगन करना 2. छूना, पकड़ना 3. मिलने पर उपहार देना।

ऊपर से नीचे

1. हर्ष
2. 1. भारी उलटफेर, उलट-पुलट, क्रमभंग 2. हलचल।
3. रचयिता, रचना करने वाला।
5. 1. सौरमंडल के ग्रहों में सातवां ग्रह 2. सप्ताह का आख़िरी दिन, शनिवार।
7. टीन का गिलास जिसपर चमकदार रोगन या लुक लगाया गया हो; टीन का पात्र जिसपर चीनी मिट्टी आदि की कलई हो।
8. 1. आसवन करने की क्रिया 2. काढ़ा 3. प्रसव।



वर्ग पहेली -45 का हल

1 फुँ	क	ना	■	2 फ़	रे	बी
■	■	■	■	रा	■	■
■	■	3 ज़	■	मो	■	4 चु
5 अ	6 म	र	7 को	श	■	ल
■	8 स	र	ला	■	■	चु
■	नू	■	9 ह	य	शा	ला
10 चो	ई	■	ट	■	■	ना

सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			3			4
	2		7		9			1
	6			4			9	
	3				5	7		
		7				2		
6		4	8				5	
	7			5			8	
5			2				3	
	4			1		6		

सुडोकू -124 का हल

9	3	5	6	4	2	1	7	8
1	6	4	8	3	7	5	2	9
8	2	7	9	1	5	4	6	3
5	7	6	3	2	8	9	1	4
2	1	9	5	6	4	8	3	7
4	8	3	1	7	9	6	5	2
3	9	2	4	5	1	7	8	6
7	4	1	2	8	6	3	9	5
6	5	8	7	9	3	2	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22 अप्रैल 01.11 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 17.08 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज शत्रु आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी। आपको क्रोध करने से बचना चाहिए। अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है। संतान को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

मिथुन — आज मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी।

कर्क — आज रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

सिंह — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। गुरु तुल्य लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

कन्या — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे।

तुला — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

वृश्चिक — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य की समस्याओं का निवारण हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

धनु — आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

मकर — आज दोस्तों के साथ मनोरंजन भरा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचार जन्म लेंगे। अजनबियों पर भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। ऑनलाइन लेन-देन आपको सावधानी पूर्वक करना चाहिए। वैवाहिक जीवन को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से ज्यादा शेयर न करें।

मीन — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा, जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कौन करे कुर्बानी — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 07.04

SONY MAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 09.56
- एनिमल — रात : 09.06

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.46
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- वीरे दी वेडिंग — सुबह : 10.15
- दिल धड़कने दो — रात : 07.15

colors CINEPLEX
- मासूम — सुबह : 09.00
- ओएमजी 2 — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात :09.06 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

वैदिक से आधुनिक काल तक लोक प्रशासन

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लंबा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है,लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुंब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुंब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि ''समिति जनसाधारण की

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामचरित मानस में भी आदर्श राज व्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं।

संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिंधु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। संपूर्ण सिंधु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है।

चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोनमुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी।

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहां से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है।

प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए।

व्यक्ति-व्यक्ति के साथ न्याय बनाम समूहों का ध्रुवीकरण

आगामी 4 जून देश के भविष्य का निर्धारण करने वाला एक अहम दिन है। बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को न्याय चाहिए। उसे व्यक्ति के रूप में न देखकर (जो वह गुप्त मतदाता के रूप में है,जिस पर जनतंत्र का शीराजा खड़ा है) किसी समूह से जोड़ देने पर न्याय की भावना पृष्ठभूमि में चली जाती है,लेकिन सत्तालोलुप को इसमें तात्कालिक लाभ नजर आता है और वह जोर-शोर से इसको बढ़ावा देता है। इसी को वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। यह एक भेदकारी राजनीति है जो वर्ग-संघर्ष की सहधर्मी है। उसी का आयात है और सशस्त्र संघर्ष के लिए मुफीद हो सकती है, किंतु मताधिकार के प्रयोग से शांतिपूर्वक सत्ता-परिवर्तन की जनतांत्रिक प्रक्रिया में बहुत भ्रम उत्पन्न करती है। बहुत स्वांग, बहुत रेटरिक, बहुत विचलन को जन्म देती है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस भेद और विग्रह की राजनीति का केवल एक रूप नहीं,इसके अनेक रूप हैं और सबके सब जनतंत्र के लिए घातक हैं। इतिहास की दुहाई देना ही गलत है,जो जहां है,वहां है। वहीं पैदा हुआ और इस पैदा होने पर उसका कोई वश नहीं था। पीछे क्या हुआ,इसके लिए वह कतई जिम्मेदार नहीं,पिता के अपराध का दंड पुत्र को नहीं दिया जा सकता। यह न्याय नहीं,आदिम बर्बरता है।

किसके पूर्वज कब,कहां से आए या नहीं आए,उन्होंने क्या सही किया,क्या गलत किया, ये सवाल ही सिरे से अप्रासंगिक हैं, उलझाने वाले हैं, भेदकारी हैं और व्यक्ति के रूप में नागरिक के साथ न्याय निष्पादन में बाधा खड़ी करते हैं। शासक के लिए विहित कार्य के निष्पादन के मूल कर्तव्य से बचकर कदाचार में लिप्त होने की खिड़की भी खोलते हैं। यदि किसी भी समूह के हर व्यक्ति में हम यह प्रतीति नहीं उत्पन्न कर पाए कि उसके साथ जो भी होगा न्याय

रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं।

होगा,भले ही वह उसके तात्कालिक व्यक्तिगत हित में न हो,समग्रता में यह उसके साथ तात्विक रूप से न्याय ही है,हम जनतंत्र को कमजोर करेंगे। इसके फलस्वरूप अंततः किसी के साथ न्याय नहीं हो पाएगा।

समाज और देश व्यक्तियों के योग से ही बनते हैं। जब किसी के साथ अन्याय होता है, जो किसी अन्य के साथ पक्षपात में निहित होता है तो वह पूरी व्यवस्था के स्वास्थ्य और स्थिरता को अनिवार्य रूप से प्रभावित करता है। फिर तो सब कुछ शासक वर्ग की मनमानी पर निर्भर हो जाता है और अंततः जिसको जो मिल रहा है, उसके भी लाले पड़ जाते हैं।

दूषित जनतंत्र में केवल दो वर्ग बन जाते हैं-शासक और शासित। शासक तरह-तरह की रेटरिक के बावजूद बड़ी पूंजी की गोद में जाकर बैठ जाता है और वही सब करता है,जो उसे नहीं करना चाहिए और उससे सर्वथा विरत हो जाता है,जो उसे करना चाहिए। रेटरिक के भिन्न-भिन्न नैरेटिव के बावजूद सबकी समान परिणति इसी में होती है। यह जनतंत्र नहीं,धनतंत्र है।

अंततः मतदाता के रूप में व्यक्ति ही ठगा जाता है। व्यवस्था में उसका विश्वास चिटक जाता है और वह आड़े-तिरछे रास्ते खोजने को विवश हो जाता है। एक बार विचलन शुरू हुआ तो क्रिया-प्रतिक्रिया से उसकी व्याप्ति बढ़ती जाती है और अंततः चीजें बेकाबू हो जाती हैं।

प्रथम चरण में कम वोटिंग से दलों में चिंता

चुनावों में मतदान के स्तर को अक्सर लोकतंत्र के स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में देखा जाता है। प्रथम चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुए मतदान में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। देखा गया है कि इस बार मतदान में पिछले चुनावों 2014 और 2019 के चुनावों के मुकाबले लोगों में कम उत्साह दिखा,कम लोग मतदान केंद्र तक पहुंचे। मतदाता उदासीनता का तात्पर्य चुनाव में मतदान करने के योग्य लोगों के बीच उदासीनता से है। ऐसा तब हो सकता है जब मतदाताओं का चुनावी प्रक्रिया से या राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मोहभंग हो जाता है या जब उन्हें नहीं लगता कि उनका वोट मायने रखेगा या जब उन्हें अपने आसपास के मुद्दों की ज्यादा परवाह नहीं है। सबसे अधिक 79.90 फीसदी मतदान त्रिपुरा में हुआ,जहां दो लोकसभा सीटों में से एक पर वोट पड़े। दूसरे नंबर पर 77.57 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। यहां 42 में से तीन सीटों पर मतदान हुआ। पुदुचेरी, असम और मेघालय की दो सीटों पर भी 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों पर 62.19 फीसदी वोट पड़े। उत्तर प्रदेश में 57.61 फीसदी वोट पड़े। छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ। यहां 40 सीटों में चार पर वोट डाले गए और 47.49 फीसदी ही मतदान हुआ। पहले चरण तमिलनाडु की सभी 39, उत्तराखंड की सभी पांच,

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां, रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है।

अंडमान-निकोबार 1, अरुणाचल प्रदेश 2, लक्षद्वीप की एक,मेघालय की दो,मिजोरम 1,नगालैंड 1, पुडुचेरी 1 और सिक्किम की एक लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़े।

2019 में पहले चरण में लगभग 70 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार देश के किसी भी हिस्से में मतदान का प्रतिशत 80 तक नहीं पहुंच सका है। हैरानी का बात ये रही कि पिछले कुछ दिनों में सियासी रुप से सबसे हलचल वाले राज्य बिहार में सबसे कम मतदान देखने के लिए मिला। यहां केवल 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 पार को लेकर ये माना जा रहा था कि हिंदी पट्टी के राज्यों यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पार्टी पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति में है,इसलिए उम्मीद ये की जा रही थी कि इन राज्यों में बीजेपी को उम्मीद से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे,लेकिन मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद इन इलाकों पर टिकी बीजेपी को नुकसान का मुंह देखना पड़ सकता है।

पिछले चुनावों के मुकाबले बीजेपी इस बार दक्षिण के राज्यों में ज्यादा एक्टिव है। पीएम मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के पहली पंक्ति के नेता लगातार रैलियां,रोड शो और सभाएं कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी ने इस बार अपने लिए जो 400 पार का टारगेट रखा है,उसके लिए जरूरी भी है कि दक्षिण के राज्यों से उन्हें सीटें मिले,लेकिन सवाल ये है कि किया मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी ने उत्तर के राज्यों में कम ध्यान दिया है या यहां मतदाताओं को रिझाने में कहीं कोई कमी रह गई है। उत्तर प्रदेश आज के समय में बीजेपी का सबसे मजबूत गढ़ है। यहां पार्टी 80 में 78 सीटें जीतने का दावा कर रही है। यूपी में पहले चरण में जिन क्षेत्रों में चुनाव हुए उसमें करीब 57 प्रतिशत वो पड़े,जबकि पिछले चुनाव में इन्हीं सीटों पर 67 प्रतिशत तक मतदान हुए थे। बिहार में जिन चार लोकसभा सीटों जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा मे पोलिंग हुई, उसमें लगभग 47 प्रतिशत मतदान हुआ,जबकि इन्हीं सीटों पर पिछले चुनाव में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग में 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं,जबकि पिछले चुनाव में यहां 75 प्रतिशत वोट पड़े थे। राजस्थान में पहले चरण में केवल 50 प्रतिशत मतदान की खबर है,जबकि 2019 में यहां 64 प्रतिशत वोट पड़े थे। कम मतदान को लेकर अक्सर एक थ्योरी दी जाती है कि अगर वोटिंग प्रतिशत कम रहता है तो इसका मतलब है कि जनता सत्ता में बदलाव नहीं चाहती है। पिछले चुनावों में ये देखा गया है कि जब-जब बंपर वोटिंग हुई है, जनता घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंची है,सत्ता में परिवर्तन देखने के लिए मिला है। कहा जाता है कि जब जनता सरकार बदलना चाहती है तो अधिक मतदान होते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले 12 चुनावों के बारे में अगर देखा जाए तो ये देखा गया है कि सात बार जब-जब मतदान प्रतिशत बढ़े हैं,चार बार सत्ता में परिवर्तन हुआ है। वहीं पांच बार जब-जब मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है तो चार बार सत्ता बदली है।

ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत

फलित ज्योतिष शास्त्र की मूल धारणा है कि किसी जातक का व्यक्तित्व,उसके जीवन की घटनाएं और उसके द्वारा चुने गए रास्ते के निर्णायक वे ग्रह और नक्षत्र हैं,जो जातक के जन्म के समय एवं स्थान में प्रभावी रहे हैं और जिनकी गति और स्थिति गणितीय ज्योतिष से जानी जा सकती है।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इससे अलग हटकर कई बातें हैं। सबसे पहले, कर्म और कर्मफल का सिद्धांत (स्टैंडर्ड वर्सन) कहता है कि मनुष्य के इस जीवन के कर्म और पूर्वजन्म के संचित कर्म मिलकर उसके जीवन के रास्ते और घटनाओं को तय करते हैं। कर्म का एक हिस्सा जमा भी होता रहता है,जो अगले जन्म में प्रारब्ध बनता है। प्रारब्ध को अदृष्ट भी कहा गया है,जिसे देखा नहीं जा सकता।

दूसरे यह भी सर्वमान्य सत्य है कि जीव के गर्भ में आने के साथ ही उसके शरीर और भविष्य भी निर्णीत होने लगते हैं। फिर भी ज्योतिष जन्म को ही रेफरेंस प्वाइंट मानता है। जन्म के पहले के संचित कारणों से जन्म के बाद के जीवन को स्वतंत्र मानना कहां तक तर्कसंगत है यह जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के जीवन की कुछ नगण्य घटनाओं के बटरफ्लाई इफैक्ट को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

तीसरे ज्योतिष और कर्मफल सिद्धांत दोनों ही व्यक्तिवादी हैं,लेकिन यह अनुभव आधारित सत्य है कि समाज और सिब्लिंग्स का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर होता है।

इन सारी बातों को एक साथ देखें तो विरोधाभास स्पष्ट हो जाता है। इस का एकमात्र हल है कॉस्मिक डिटरमिनिज्म। इसमें यह मानना होगा कि जातक के गर्भ में आने से जन्म तक और आगे जन्म की जगह और समय भी उसके प्रारब्ध पर निर्भर होता है। उसके माता-पिता,भाई-बहन, दोस्त-समाज सभी उसके प्रारब्ध पर निर्भर करते हैं। सभी घटनाएं,विश्व स्तर भी,उसके प्रारब्ध के वशीभूत हैं।

अब लोग तो करोड़ों हैं। इस सिस्टम का सिमुल्टेनियस फॉरमुलेशन और सोल्यूशन करना आदमी के वश का नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसका लोकल सोल्यूशन हो सकता है जिसमें बड़ी गलतियों की संभावना है। यह मुद्दा सोचने का है।

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रेः धर्म की खेती

कुरुक्षेत्र को न जाने कब से धर्मक्षेत्र कहा जाता रहा है? भगवद्गीता का प्रारंभ ही यहां से होता है-धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। इस संदर्भ में एक मिथक-कथा है। मिथक-कथा अवश्य ही कहानी होती है,कहानी अर्थात् जो कही जाती है। कहानी कहने की बात है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक कथा इतिहास की घटना जैसी लगती है और उसकी कहने की एक परंपरा भी होती है,आत्मीय परंपरा। अपने बड़ों से सुनने की परंपरा। अपने बड़े तो आस्था के भी केन्द्र होते हैं। अपने बड़ों की परंपरा गलत कैसे हो सकती है? एक बात तो अपने और दूसरी बात बड़े। इसलिए उनकी कहन के प्रति एक विश्वास भी होता है कि यह बात गलत नहीं हो सकती। गलत तो नहीं है,किंतु फिर भी मिथक कथा इतिहास की घटना नहीं होती। उसका सच उन घटनाओं की गहराई में निहित होता है तो धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की भी एक मिथक कथा है कि युवराज कुरु ने भगवान शिव की तपस्या की और वरदान के रूप में कुछ समय के लिए नंदी प्राप्त कर लिया धर्म का वाहक।

सोने का हल बनवाया और पांच-पांच योजन परिक्षेत्र को जोतने लगे। देवराज इन्द्र आए-राजन। यह क्या कर रहे हैं? कुरु ने कहा कि धर्म की खेती करूंगा। इन्द्र चले गए। विष्णु आए। बोले-राजन्। बीज कहां से लाओगे? कुरु ने कहा-प्रभु। मेरा शरीर और मन,हाथ-पैर-जंघा और सिरः ये ही बीज हैं। इनसे तप,सत्य, दान, प्रीति, और ज्ञान की खेती होगी। तप,सत्य,दान, प्रीति और ज्ञान-मिथक-कथा ने कितने बड़े सच को उजागर किया है। कुरुधम्म जातक में कुरुधर्म की कथा है।

अष्टशक्तियों की अवधारणा का निहितार्थ

शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड का कार्य व्यापार संचालित होता है। किसी भी प्राणी,किसी भी प्रणाली,किसी भी व्यवस्था के क्रियाशील, प्रवृत्तिशील या सक्रीय होने के लिए शक्ति या ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसी सनातन सत्य पर आधुनिक विज्ञान का क्वांटम सिद्धांत आधारित है,यही सत्य ब्रह्मसूत्र में उद्घाटित किया गया है कि शक्ति के बिना परमेश्वर सृष्टा हो ही नहीं सकते। अध्यात्म अतीन्द्रिय चेतना के विकास का विज्ञान है,जो चेतन प्राणी को उसकी शक्ति का दिग्दर्शन कराती है।

आधुनिक विज्ञान वह अध्यात्म है जिसने प्रमाणित किया की संपूर्ण ब्रह्मांड और उसमे उपस्थित जड़-चेतन का अस्तित्व ताप,प्रकाश, ध्वनि, चुंबकत्व, विद्युत, ब्रह्मांडीय विकिरण, रेडियोधर्मी विकिरण और जीवनी शक्ति का कार्य व्यापार है। आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा-शक्ति के वृहद रूप में रूपांतरित होते रहते हैं। शास्त्रों में अष्टशक्तियों का उल्लेख आता है,जो अपने वाहनों से शक्ति का संचरण, संप्रेषण करती हैं। प्रथम शक्ति-ब्राह्मी है जिसके संबंध में कहा गया है -ब्राह्मी हंस समारूढ़ा। ब्राह्मी शक्ति का वाहन हंस है, वाहन का तात्पर्य माध्यम है जिससे ऊर्जा-शक्ति का संचरण होता है। हंस

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

आइंस्टीन ने ऊर्जा शक्ति को ही अंतिम तत्व कहा जिसका रूपांतरण भौतिक द्रव्य में होता रहता है और भौतिक द्रव्य अपने भौतिक अस्तित्व को समाप्त कर ऊर्जा शक्ति के वृहद् रूप में रूपांतरित होते रहते हैं।

जीवात्मा है,ब्राह्मी शक्ति से सृष्टि का सृजन होता है,यही क्रिया शक्ति है। जीवात्मा ही सृष्टि शक्ति का परिचालक है। दूसरी शक्ति है-माहेश्वरी। कहा गया है-माहेश्वरी वृषारूढ़ा। माहेश्वरी लय शक्ति है जिसका वाहन वृष या धर्म है,जो शास्त्रीय विधि विधान है। माहेश्वरी ही ज्ञानशक्ति है, जो धर्म के आश्रय से लय की और अग्रसर होता है। लय, सृजन से जुड़ा है प्रकृति में लय सृजन प्राकृतिक नियमों ऋतु के अनुसार होता रहता है।

तीसरी शक्ति है-कौमारी जिसके लिए कहा गया है-कौमारी शिखिवाहना। कौमारी चैतन्य शक्ति है जिसके संचरण का माध्यम है मयूर। मयूर सर्पभक्षी होता है। टेढ़ी चाल चलने वाले को सर्प कहते हैं,जो आसुरी भाव का द्योतक है। मयूरधर्मी जीवात्मा ही चेतनशील रह सकेगा। चौथी शक्ति है-वैष्णवी जिसके लिए कहा गया है-वैष्णवी गरुणासना। वैष्णवी पालन करने वाली शक्ति है,इस शक्ति का संचरण गरुण द्वारा होता है। गरुण वेदरूप हैं,जो ज्ञान और कर्म दो पंखों के सहारे गति करते हैं। गरुण का प्रतीक कुटिल तत्वों के नाशकर्ता के रूप में भी है। गरुणभाव से कुटिल तत्वों का विनाश करते हुए ज्ञान और कर्म से पालन शक्ति का संचरण संभव है।

पांचवी शक्ति है वाराही। वाराह का अर्थ काल होता है- काल अर्थात् टाइम स्पेस। मिथक है कि वाराह ने पृथ्वी को पाताल से अपने दांतों से निकला। इसका प्रतीकार्थ है,सृष्टि का कारण काल शक्ति है इसका कोई वाहन नहीं है। काल स्वतः ही आधाररूपा है।

षष्टम शक्ति नृसिंही है। नृ का तात्पर्य व्यक्ति से है और सिंह श्रेष्ठता का बोधक है। श्रेष्ठ शक्ति ब्रह्मविद्या है,जो हिरण्यकशिपु को समाप्त करता है। हिरण्य आत्मतत्व का वाचक है,कशिपु वह अहम है,जो आत्मा को ढक लेता है, इसका शमन ब्रह्मविद्या की शक्ति से होता है।

सप्तम शक्ति है ऐन्द्री। ऐन्द्री गजसमारूढ़ा। ऐन्द्री शक्ति का वाहन ऐरावत गज है,जो विशिष्ट गति से गतिमान होता है-ऐन्द्री, इंद्र की शक्ति है,इंद्र मेघराज हैं जिनकी शक्ति प्रकृति की तड़ित शक्ति है। अष्टम शक्ति है-चामुंडा। चंड और मुंड प्रकृति और निवृत्ति के प्रतीक हैं। चामुंडा शक्ति प्रकृति और निवृत्ति का विनाश करने वाली प्रलय शक्ति है जिसके लिए किसी आलंबन की आवश्यकता नहीं है।

तीर्थंकर महावीर के अहिंसा सिद्धांत का संदेश

'अहिंसा' शब्द के आशय का प्रथमतः जो बोध होता है,वह किसी प्रकार की मार-काट या किसी को क्षति पहुंचना परिलक्षित होता है,लेकिन इस शब्द की गहराई में उतरने पर लगता है कि इसका मूल भाव 'अमृत-मय जीवन' जीना है,क्योंकि हिंसक कार्य करने का जब भाव मन में जागृत होता है तब बाहरी जगत से पहले आंतरिक जगत पर उसका कुप्रभाव पड़ता है। अंतर्जगत में तो मां के गर्भ के नौ माह के दौरान स्नेह-प्रेम से भरा अमृत तत्व पीने को मिलता रहा है। इस अमृत को भूलकर जब विनाशशील वाह्य जगत में भौतिक आकर्षण के प्रति मन का लगाव होता है तो यह जहर पीने के समान होता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मग्रंथों में जितने महानायक और आदर्शपुरुष हुए हैं,उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हिंसा के खिलाफ वे कितनी मजबूती के साथ खड़े हुए है। महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण की भूमिका का मूल्यांकन किया जाए तो यह साफ दिखता है कि वे हिंसा के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। वास्तव में मुरली बजाने एवं खेत-खलिहान तथा यमुना-तट पर रासलीला करने वाले श्रीकृष्ण युद्ध करे,यह संभव ही नहीं। इसके लिए महाभारत के पात्रों एवं घटनाओं को वाह्य जगत नहीं,बल्कि आंतरिक जगत से संबद्ध करना पड़ेगा। महाभारत के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः,मामकाः पाण्डवाश्चैव किम् कुर्वत् धनन्जयः' के साथ अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक 'यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' श्लोक का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 'अहिंसा' के मूल स्वभाव का दिग्दर्शन होने लगता है। प्रथम श्लोक अंधत्व है, अपना-पराया का भाव है तो अंतिम श्लोक श्रीकृष्ण जैसा विवेक, संविधान एवं अर्जुन जैसा कार्यपालक प्रवृत्ति का सूचक है।

दरअसल मनुष्य के लिए सामाजिक विद्वानों ने 'मैन इज ए सोशल एनिमल' मुहावरे का प्रयोग किया है। इसका अर्थ 'मनुष्य एक सामाजिक पशु है' निकलता है। वास्तव में मन की प्रवृत्तियां ही पशु रूप में विद्यमान हैं। चींटी से लेकर शेर तक की प्रवृत्ति मन में विराजती है। जब भी पशु प्रवृत्ति जागृत होती है तब माननीय बनाने वाले मन को पीड़ा तो होती ही है। पीड़ा के उत्पन्न होते ही हिंसा का भाव जागृत होने लगता है। धर्मग्रंथों में भूत-प्रेत तथा पिशाच का उल्लेख किया गया है। मन में आंतरिक प्रीति को छोड़कर वाह्यप्रीति के प्रति लालसा भ्रांति-प्रवृत्ति है। इसे ही भूत-प्रेत कहा जा सकता है।

हिंदी साहित्य के विद्वान मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी शब्द सागर में पिशाच का अर्थ खून-पीने वाले राक्षस से किया है। मन में उत्पन्न होने वाले काम-क्रोध, मद-लोभ के भाव तत्क्षण खून पीने लगते हैं। कोई भी युग रहा हो,उसमें दैत्यों का उल्लेख मिलता है। ये सारे दैत्य आंतरिक से लेकर वाह्य जगत में प्रकृति को क्षति पहुंचाने वाले भाव और आचरण ही कहे जा सकते हैं।

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन अहिंसा के खिलाफ सत्याग्रह का ही रहा है। मन की सत्ता में कुविचारों के भाव जागृत न हों,इसके लिए उन्होंने साधना की। महल छोड़कर उनकी साधना का आशय पंचभौतिक शरीर रूपी महल को सुख पहुंचाने से मोह छोड़कर आत्मा को ईश्वरत्व की श्रेणी में रखने की साधना है। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत' आदर्श वाक्य का यही संदेश है कि जो प्रवृत्ति आत्मा के उच्च स्वरूप को बाधक पहुंचाए,उस कार्य से विरत रहना चाहिए।

भाजपा ने 2019 में जीती थीं 25 सीटें, इस बार जद (एस) के साथ मिलकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की कोशिश

कर्नाटक में खरगे के साथ कांग्रेस सरकार की हांडी पर चढ़ेगी गारंटी

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से14 सीटों पर मतदाता 247 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डालकर करेंगे। राज्य की शेष 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। इस बार सबसे ज्यादा 29 उम्मीदवार बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर हैं, जबकि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे कम नौ उम्मीदवार मैदान में हैं।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की गृह राज्य होने के साथ कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जो अपनी गारंटी के कारण सत्ता में आई थी। ऐसे में कांग्रेस पर जहां विधानसभा चुनाव जैसी सफलता दोहराने का भारी दबाव है, वहीं भाजपा एक बार फिर 2019 की तरह राज्य में भगवा लहर बनाने के लिए राम मंदिर, मोदी की गारंटी, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार दे रही है।

कर्नाटक में 14-14 सीटों पर होने वाले दो चरणों के पहले चुनाव में जिन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, उनमें भाजपा से तेजस्वी सूर्या, सोमन्ना, डॉ. सीएन. मंजूनाथ और पीसी मोहन जबकि कांग्रेस से डीके सुरेश, मंसूर अली खान, केवी गौतम और सौम्या रेड्डी तथा जनता दल (एस) से पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी प्रमुख हैं। भाजपा इस बार जनता दल (एस) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि जनता दल (एस) तीन सीटों पर मैदान में है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हावेरी से, जगदीश शेट्टार बेलगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों नेता लिंगायत समुदाय से आते हैं। जनता दल (एस) से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी मांड्या से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

17 लोस क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

06 कांग्रेस ने महिलाओं को दिया है लोकसभा चुनाव का टिकट

02 भाजपा ने दिया है महिलाओं को लोकसभा चुनाव का टिकट

32.14 लाख मतदाताओं के साथ बेंगलूरू उत्तर देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है।

247 उम्मीदवार 14 सीटों पर हैं, इनमें 226 पुरुष और 21 महिलाएं हैं





मैसूर में राज परिवार बनाम आम आदमी के बीच दिलचस्प संघर्ष

मैसूर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रताप सिम्हा का टिकट काटकर पूर्व राजपरिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के एम लक्ष्मण वोक्कालिगा कर रहे हैं। मैसूर में लोग इसे राज परिवार बनाम आम आदमी की लड़ाई बता रहे हैं। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का विश्वासपात्र माना जाता है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। सिद्धारमैया मैसूर जिले की ही वरुणा विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा और जनतादल एस ने भी यहां ताकत झोंक रखी है।

10% मतदाता जिन्होंने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते प्रधानमंत्री

ये रहे प्रमुख मुद्दे

राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, जातीय समीकरण, सूखा, बेंगलुरू बम विस्फोट, भाषा विवाद

तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से मिल रही मजबूत चुनौती

बेंगलुरु दक्षिण 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां इस बार मुकाबला काफी रोचक है। इस सीट से भाजपा के तेजतर्रार युवा नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सौम्या रेड्डी मजबूत चुनौती दे रही हैं। 40 वर्षीय सौम्या परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी हैं और जयनगर की विधायक रह चुकी हैं। वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव में सौम्या को केवल 16 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा जबकि तीन पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में तेजस्वी सूर्या ने यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को 3.31 लाख मतों के अंतर से हराया था।

2.88 करोड़ लोग 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 14 सीटों पर करेंगे मतदान।

03 पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी), जगदीश शेट्टार (बेलगाम) और एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) से चुनाव लड़ रहे हैं

इन सीटों पर 26 को पड़ेंगे वोट

उडुपी, चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराज नगर, बेंगलुरु की चार सीटों के अलावा चिकबालापुर और कोलार में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे।

वोक्कालिगा, लिंगायत के साथ दलित व कुरबा वोटर आधी से ज्यादा सीटों पर निर्णायक

कर्नाटक में माना जाता है कि वोक्कालिगा और लिंगायत समाज का जिस पार्टी की तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी चुनाव में आगे निकलती है। राज्य में लिंगायत समुदाय की आबादी 17 फीसदी से अधिक है, जबकि वोक्कालिगा समुदाय की जनसंख्या करीब 12 फीसदी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक यह दोनों समुदाय मिलकर करीब एक दर्जन सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। इन दोनों समुदायों के अलावा 17 फीसदी दलित, 8 फीसदी कुरुबा और 7 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी कई लोकसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका में हैं।

विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग पैटर्न अलग

- 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीतकर भगवा फहराया था। कांग्रेस और जेडीएस एक-एक सीट पर सिमट कर रह गए थे। लेकिन पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कर्नाटक के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने वाले लगभग 10 फीसदी मतदाताओं का कहना है कि उन्होंने राज्य की भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को हटाने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए पहली पसंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का निशान कमल है।

- लिंगायत संत की चुनौती में फंसे भाजपा के दिग्गज केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी :

धारवाड़ लोकसभा सीट पर 2009 से केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी लगातार जीत रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें लिंगायत संत दिंगलेश्वर महास्वामी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 2019 के चुनाव में प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के विनय कुलकर्णी को दो लाख वोटों से हराया था। इस बार कांग्रेस ने युवा नेता विनोद आसुति को मैदान में उतारा है। लेकिन जोशी कांग्रेस से ज्यादा लिंगायत संत की चुनौती से परेशान हैं। लिंगायत भाजपा के वोटर माने जाते हैं।

2019 का यह था दलीय जनादेश

दल	प्राप्त सीट	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	25	1,80,53,454	51.4
कांग्रेस	01	1,12,03,016	31.9
जनतादल (एस)	01	33,97,229	9.7
निर्दलीय	01	13,67.841	3.9
अन्य	00	11,17,142	3.2

2014 में किस दल को कितनी सीटें, कितने वोट

दल	प्राप्त सीट	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	17	1,33,50,285	43.0
कांग्रेस	09	1,26,66,530	40.8
जनता दल (एस)	02	34,06,465	11.0
अन्य	00	11,32,068	3.6
निर्दलीय	00	4,83,513	1.6

पंजाब के चुनाव में बसपा बनाने में लगी चौथा कोण

- फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा सीट से भी पार्टी ने घोषित किए उम्मीदवार
- पिछले चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़कर बसपा ने पाए थे 3.52 प्रतिशत वोट

चंडीगढ़। पंजाब में इस बार के लोकसभा चुनाव पिछली बार 2019 से काफी अलग हैं। इस बार अधिकतर सीटों पर मुकाबला दो नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ शिरोमणि अकाली दल के साथ ही बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। 1996 के बाद यह पहली बार होगा कि एनडीए के सबसे पुराने घटकों में से एक बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो दिल्ली और हरियाणा में साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आप पार्टी के रास्ते भी पंजाब में अलग-अलग होंगे। 2022 का विधान सभा चुनाव अकाली दल और बसपा ने मिलकर लड़ा था, पर लोकसभा में दोनों के बीच बात नहीं बन पाई है।

पंजाब में पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने तीन सीटों पर लड़ा था और उसका वोट शेयर 3.52 प्रतिशत रहा था। इस चुनाव में वह पंजाब लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ चुनाव में मैदान में उतरी थी, जबकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 1.9 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था, तब पार्टी ने सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस बार बसपा पंजाब में होशियारपुर, फिरोजपुर, संगरूर, पटियाला और जालंधर सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शनिवार को पार्टी ने पंजाब के फरीदकोट और गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के केन्द्रीय समन्वयक विपुल कुमार ने कहा कि गुरबख्श सिंह चौहान और राज कुमार जनोत्रा क्रमशः फरीदकोट और गुरदासपुर से चुनाव लड़ेंगे।

पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। गुरबख्श सिंह चौहान फरीदकोट में बसपा जिला प्रमुख हैं, जबकि गुरदासपुर के उम्मीदवार राज कुमार जनोत्रा अखिल भारतीय महाशा एकता मंच के अध्यक्ष हैं। बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम ने गुरदासपुर से चार बार लोकसभा चुनाव लड़ा था। अब 30 साल बाद बसपा ने एक बार फिर महाशा समुदाय से गुरदासपुर में उम्मीदवार चुना है।

डिजिटल कैंपेनिंग में भाजपा व कांग्रेस ने खर्च किए 33 करोड़

- युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को लुभाने के लिए गूगल पर विज्ञापन की होड़

नई दिल्ली। राजनीतिक दल इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा फोकस नए और फर्स्ट टाइम वोटर्स पर कर रहे हैं। उन तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। यही वजह है कि उनके चुनाव प्रचार बजट का बड़ा हिस्सा डिजिटल कैंपेनिंग पर खर्च हो रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए भाजपा ने गूगल पर विज्ञापन में 14.7 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने इस प्लेटफॉर्म पर 12.3 करोड़ रुपये का प्रचार किया। तमिलनाडु में चुनाव लड़ने वाली द्रमुक ने गूगल विज्ञापन पर 12.1 करोड़ रुपये खर्च किया।

पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी एजेंडे, नीतियों, घोषणापत्र और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 36.5 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए गूगल और मेटा को प्रमुखता दी गई।

समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान बनातीं अभिनेत्री ईशा देओल। अमृत विचार

मथुरा की गलियों में मां के लिए घूमीं ईशा व अहाना

- बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर बेटियों ने मांगे हेमा के लिए वोट

मथुरा

अमृत विचार: प्रदेश की मथुरा लोकसभा सीट में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के साथ उनकी दोनों बेटियां अभिनेत्री ईशा देओल और अहाना देओल भी चुनाव प्रचार करने यहां पहुंचीं तो शाम को गृहमंत्री अमित शाह और जयंत चौधरी ने सभा को संबोधित किया। अभिनेत्री ईशा देओल ने शनिवार को बहन अहाना के साथ सबसे पहले वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद मथुरा की गलियों में घूम-घूमकर अपनी मां के लिए वोट मांगे। दोनों ने कहा कि मथुरा में विरासत और पर्यटन को संरक्षित किया गया है। इस जगह का बहुत विकास हुआ है। मथुरा के लोग चाहते हैं कि उनकी मां हेमामालिनी फिर जीतें और मथुरा में ही रहें। उन्हें अभी यहां के लिए बहुत कुछ करना है।

जयंत बोले, हेमा के साथ फिल्म बने '15 साल बाद'

- हेमा मालिनी के समर्थन में हुई सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हेमा मालिनी के साथ फिल्म की बात छेड़ी तो समर्थक खुश होकर शोर मचाने लगे। जयंत ने कहा, हेमा मालिनी का मैं भी बचपन से फैन हूं। 2009 में वह मेरे चुनाव प्रचार में आई थीं। फिर हम आमने-सामने चुनाव लड़े। 15 साल हो गए हैं, अगर मेरी और उनकी कोई फिल्म बने तो उसका टाइटल होता '15 साल बाद'। क्योंकि 15 साल बाद मैं हेमा जी के लिए प्रचार करने आया हूं।

सोशल मीडिया : प्रियंका ने बोला बेरोजगारी और महंगाई पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की नीतियों का जमकर बखान किया है। उन्होंने लिखा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस के पास है।

इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है।

बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये, 30 लाख सरकारी नौकरियां, एजुकेशन लोन माफी, भूमिहीनों को जमीन, शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप, एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी और हमारी ऐसी तमाम घोषणाओं को लेकर पूरे देश की जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद से देख रही है। जनता जीतेगी, कांग्रेस जीतेगी। भारत जीतेगा।

मोदी मैजिक

बेंगलुरू में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का उत्साह सिर चढ़कर बोला। महिलाओं ने जमकर मोदी का परिवार प्ले कार्ड लहराए।

सारण संसदीय सीट | बिहार के इस लोकसभा क्षेत्र में नई नहीं है लालू परिवार और राजीव प्रताप के बीच चुनावी जंग

रूडी की हो पाएगी हैट्रिक या रोहिणी आचार्य बनेंगी नई सांसद

चुनाव डेस्क

बिहार प्रांत की सारण लोकसभा सीट हॉट सीट के रूप में गिनी जा रही है। इस सीट पर जहां लालू प्रसाद यादव ने अपनी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी पर दांव खेला है। लगातार दो बार से इस सीट पर जीत दर्ज कर रहे रूडी की हैट्रिक हो पाएगी या पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में जुटीं रोहिणी उन्हें हराकर सांसद बनेंगी यह तो वक्त बताएगा लेकिन यहां मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है। यूं कहें तो इस बार रूडी के लिए भी जीत बहुत आसान नहीं दिख रही है क्योंकि लालू प्रसाद यादव लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

राजीव प्रताप रूडी।

रोहिणी आचार्य।

सारण संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। नामांकनकी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। फिलहाल मैदान में भाजपा और राजद उम्मीदवार ही दिखाई दे रहे हैं। नामांकन शुरू होने के बाद तय होगा कि यहां कोई और दल या निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में आते है या नहीं। पहले इस सीट का नाम छपरा था तब यह कांग्रेस की गढ़ हुआ करती थी। 1977 में पहली बार लालू प्रसाद यहां से सांसद बने। 1989 व 2004 में भी वे यहां से जीते। 2008 में परिसीमन के बाद इसका नाम सारण हुआ और 2009 में जब चुनाव हुआ तो लालू फिर यहां से सांसद बने। इससे पहले छपरा सीट पर 1996 और 1999 में राजीव प्रताप रूडी सांसद बने थे। 2014 और 2019 में वे मोदी लहर में भी जीते। इस बार उनका मुकाबला रोहिणी आचार्य से है। रोहिणी जहां लोगों को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा और जदयू का गठजोड़ स्वार्थ वाला है। पीएम मोदी संविधान बदलकर दलितों और पिछड़ों को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर देंगे तो रूडी डोर टू डोर कैंपेन में पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर शांत न हो इसका भी वे ख्याल रख रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार पर राजद और दो पर भाजपा काबिज है।

2019 का परिणाम

भाजपा प्रत्याशी
राजीव प्रताप रूडी – 4,99,342 मत

राजद के प्रत्याशी
चंद्रिका राय – 3,60,913 मत

राजपूत व यादवों के गढ़ में दलित-वैश्य भी नहीं कम

- इस संसदीय क्षेत्र में यादव और राजपूतों की संख्या बहुत ही ज्यादा है। इसके साथ ही वैश्य और दलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। लालू प्रसाद को लगता है कि वे 10 फीसद मुसलमानों के और यादव वोटों के सहारे यहां के रण को इस बार जीत लेंगे। हालांकि दलितों और राजपूतों में अच्छी पैठ के कारण ही रूडी ने 2014 में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी तो 2019 में उनके समधी को यहां से हराया था।

एक नजर

मध्य प्रदेश के बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

बैतूल (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के बस पलटने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी के बाद अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजे हुई। बस में 40 जवान सवार थे, जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड थे। ये छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। गंभीर घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में चल रहा है और चोटिल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में हो रहा है। रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने में बस पलट गई।

ओडिशा में नौका पलटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

भुवनेश्वर। ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शवों के मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को सात हो गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम नाव पलटने के तुरंत बाद तलाश अभियान शुरू करने वाले ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल तथा अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने महानदी से पांच और शव बरामद किए हैं। नदी के हीराकुंड जलाशय से पांच और शव बरामद किए गए। हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के थे। यह हादसा तब हुआ जब 50 लोग बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर में दर्शन कर नौका से लौट रहे थे।

बीएसएफ ने अमृतसर में आधा किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद किया

जालंधर। बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को बीएसएफ के खुफिया विंग को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खेप के साथ ड्रोन की सूचना मिली। बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सैनिकों ने एक पैकेट हेरोइन (वजन - 500 ग्राम) के साथ ड्रोन मिला। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी अमृतसर के नेस्था गांव से सटे खेत में हुई। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में हुई है।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकवादियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। विश्वसनीय जानकारी के बाद यह खोजबीन शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार मिले हैं। रियासी जिले की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी नापाक मंसूबे को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेठी के बाद वायनाड सीट भी हारेंगे साहबजादे: मोदी

कांग्रेस नेता को 26 अप्रैल के बाद करनी होगी किसी सुरक्षित सीट की तलाशी

नांदेड़, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि पता चलता है कि चुनाव के पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संदर्भ में कहा

● महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की प्रधानमंत्री ने की अपील

कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि आप देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। आपका (विपक्षी नेता) चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। आपको भी मतदाताओं से मतदान की अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को चुनाव परिणाम के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

नेहा हत्याकांड: कर्नाटक के गृह मंत्री ने छात्रा के परिजनों से मांगी माफी

● जी परमेश्वर ने नेहा और आरोपी फैयाज में रोमांटिक रिश्ते होने का संकेत दिया था

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है।

गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुई थी। फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए पश्चाताप व्यक्त किया है।

इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए, उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों में कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है? हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया। नेहा के पिता ने लगातार इस मामले को लव जिहाद के रूप में संदर्भित किया है।

उल्लेखनीय है कि हुबली शहर के कॉलेज परिसर में नेहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद छात्रों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए फैयाज का पीछा करके उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था। इस घटना के बाद लोग नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

कर्नाटक को जिहादी देश कहने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता नेता

बेंगलुरु। कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को जिहादी देश कहने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद कहा कि जब से सिद्दाधारमैया सरकार सत्ता में आयी है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। अशोक ने हत्याओं में 31 प्रतिशत की वृद्धि, डकैतियों में 41 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले वर्ष में 17 हजार साइबर अपराध के मामलों के पंजीकरण का हवाला देते हुए अपराध दर में वृद्धि की ओर इशारा किया।

सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए।

आबकारी नीति घोटाला

● सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश 30 अप्रैल को सुना सकते हैं फैसला

गवाह बनने के बाद रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय

नई दिल्ली। आप ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को करोड़ों रुपए की रिश्वत दी है।

हाईकोर्ट सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाला पर सुनाएगा फैसला

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प. बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की पीठ सोमवार को इस पर फैसला सुनाएगी।

गारंटी योजनाओं पर विजयेंद्र की टिप्पणियों के बाद निर्वाचन आयोग पहुंची कांग्रेस

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने शनिवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर सिद्धरमैया नीत सरकार की गारंटी योजनाओं पर प्रदेश भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के बयान पर कार्रवाई की मांग की।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कांग्रेस ने कहा कि मांड्या और चिक्कबल्लापुर में 17 अप्रैल की जनसभाओं में विजयेंद्र ने राज्य सरकार की पांच गारंटी की आलोचना की थी। इनमें गृहज्योति, गृहलक्ष्मी, युवानिधि, शक्ति योजना और अन्नभाग्य शामिल हैं। कांग्रेस ने पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने दलील दी कि इन गारंटी से राज्य सरकार दिवालिया हो गई। यदि कर्नाटक में भाजपा को वोट मिला तो वह चुनाव के बाद पांच गारंटी को रोक देंगे। विजयेंद्र ने मांड्या और चिक्कबल्लापुर के लोगों को धमकी भी दी। वियजेंद्र का बयान आदर्श आचार संहिता, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से विजयेंद्र पर कार्रवाई की मांग की है।

लोस चुनाव के तीसरे चरण के लिए महाराष्ट्र में 361 उम्मीदवारों ने नामांकन किया

मुंबई, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के लिए महाराष्ट्र में बारामती और सतारा निर्वाचन क्षेत्रों सहित 11 सीट के लिए 361 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, रायगढ़ सीट पर 28, बारामती में 51, उस्मानाबाद और लातूर में 36-36, सोलापुर में 41, माधा में 42, सांगली में 30, सतारा में 24, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में नौ, कोल्हापुर में 28 और हातकणंगले में 36 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। तीसरे चरण के लिए नामांकन का आखिरी दिन शुक्रवार था। बारामती सीट से मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार (राकपा) में मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से शाहू छत्रपति कांग्रेस के उम्मीदवार हैं जबकि सतारा सीट से उदयनराजे भोसले को भाजपा ने टिकट दिया है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर भाजपा उम्मीदवार हैं, जबकि सांगली में संजय काका पाटिल का मुकाबला पहलवान चंद्रहार पाटिल से है जो शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के प्रत्याशी हैं।

नाबालिग से गैंगरेप के जुर्म में दोषी युवक को उम्रकैद

पटना। पटना व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ गैंगरेप में एक युवक को उम्रकैद की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के शिवलोक को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका से अश्लीलता कर विडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर उसे दुकान में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-1000 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1175
चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 880

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	85850
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75900
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56500-56700
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	76,150
सोना रवा	76,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74800
सिल्वर (पक्की)	832 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	75,800
चांदी आभूषण	84,200

केंद्र का लक्ष्य देश को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण

घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह एलन मस्क के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक रद करने पर सवाल का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी

आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

सीतारमण ने कहा कि जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके।

अर्थव्यवस्था में गुजरात का योगदान 8.3%

अहमदाबाद। वित्त मंत्री ने कहा कि गुजरात जीडीपी में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है जबकि इसकी आबादी पांच प्रतिशत है। गुजरात को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का फायदा मिल रहा है। अहमदाबाद में गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) द्वारा आयोजित विकसित भारत एट 2047 में वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति सरकार आशावान और प्रतिबद्ध है। 2014 में मोदी सरकार आने से पहले देश में मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और पूंजी का पलायन हो रहा था। मोदी सरकार ने निर्णायक सुधारों से अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी और सबके प्रयास से आज भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है।

एनर्जीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज किए पेश

नई दिल्ली। सोलर सेल बनाने वाली कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। हैदराबाद स्थित कंपनी आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। प्रवर्तकों और निवेशकों की ओर से 2.82 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ से पहले 300 करोड़ तक के शेयर बड़े निवेशकों को जारी कर सकती है। यदि ऐसा किया जाता है, तो निर्गम का आकार कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय 1,428 करोड़ रुपये थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक यह आंकड़ा 2,017 करोड़ रुपये रहा।

आभूषण निर्यात 12.17 % घटकर 2.65 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में

● अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार से उद्योग प्रभावित

कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रह गया, जो 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था।

वेसुवियस भारत 1,000 करोड़ करेगा निवेश

नई दिल्ली। ब्रिटेन के वेसुवियस ग्रुप की योजना भारत में निवेश बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये करने की है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पैट्रिक आंद्रे ने विशाखापत्तनम में मोल्ड फ्लक्स विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करते हुए ये बात कही। कंपनी ने कहा कि भारत में आकर्षक वृद्धि और निवेश परियोजनाओं के आधार पर हम कुछ वर्षों में 500 करोड़ की अपनी पहले बताई निवेश योजनाओं से आगे बढ़ते हुए 1,000 करोड़ के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। वेसुवियस अपने विनिर्माण संयंत्रों की क्षमता का विस्तार करने के साथ-साथ तीन नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करके भारत में निवेश कर रहा है।

जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा : सीआईआई

कोलकाता, एजेंसी

● भारत में सेवा और विनिर्माण, दोनों ही क्षेत्रों में बड़े अवसर है मौजूद

प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त भारत का है। देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, और वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा कि जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है। सेवा और विनिर्माण, दोनों क्षेत्रों में बड़े अवसर मौजूद हैं।

विश्व बैंक ने जी-20 अध्यक्ष के तौर पर भारत की प्रशंसा की

वाशिंगटन। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान कई प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत ने 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रमुख मतभेदों को दूर करते हुए आम सहमति से 37 पेज के घोषणा पत्र को अपनाया और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर बताया कि वैश्विक स्तर के लिए प्रासंगिक कई मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जी-20 में भारत की अध्यक्षता की सराहना हो रही है। मौजूदा लोकसभा चुनाव से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल नहीं हो रही हैं।

देश की जीडीपी 3.7 लाख करोड़ डॉलर, 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ डॉलर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

● वर्तमान समय में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की उम्मीद के बीच 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में सर्राफ एंड पार्टनर्स के संस्थापक एवं प्रबंध पार्टनर मोहित सर्राफ ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जो 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। इसको पाने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। इस दिशा में काम जारी है लेकिन गति बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल कर सके। सोसायटी ऑफ इंडियल लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता से निटपाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और सरकार नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए लेकिन उनके स्थान पर तर्कसंगत कानून भी बनाये जाने की आवश्यकता है।

विनेश, रीतिका और अंशु को ओलंपिक कोटा

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

वहीं, अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलायें सीमा बिस्ला, विनेश, अंशु और सोनम मलिक शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। विनेश ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन

कोरियाई खिलाड़ी को हराने के बाद विनेश फोगाट। ● एजेंसी

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से

टोरंटो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नयाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है।

लड़कियों के खेलों को दें बढ़ावा : सचिन

रांची। चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए पहुंचे। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

दिल्ली के गेंदबाजों पर बरसे हेड

हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 267 का लक्ष्य, ट्रेविस ने 32 गेंदों में खेली 89 रनों की तूफानी पारी

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रैविस हेड (32 गेंदो पर 89 रन) और अभिषेक शर्मा (12 गेंदो पर 46 रन) के बीच 131 रन की तूफानी शतकीय साझीदारी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मुकाबले में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 266 रन बनाए।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए हैदराबाद ने पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की। हेड और शर्मा ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। इस साझीदारी को तोड़ने के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने अपने विश्वनीय गेंदबाज कुलदीप को गेंद थमायी और उन्होने अभिषेक का विकेट लेकर दिल्ली की धड़कनों को काबू कर लिया। अभिषेक ने मात्र 12 गेदों पर दो चौके और छह जानदार छक्के जड़े। कुलदीप ने अपने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर नए बल्लेबाज एडन मारक्रम (1) को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। लगातार दो विकेट गिरने से हैदराबाद के तेवर नरम पड़ गए और इस बीच शतक की ओर बढ़ रहे ट्रेविस हेड भी कुलदीप के अगले ओवर में उनका तीसरा शिकार बने जब ऑफ स्टांप से बाहर जा रही गेंद को पुल करने के प्रयास में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स ने आगे की ओर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपक लिया। पारी के दसवें ओवर में अक्षर पटेल ने क्लासन (15) को क्लीन बोल्ड आउट कर रनो की रफ्तार को पूरी तरह काबू में कर लिया।

इसके बाद नितीश कुमार रेड्डी (37) ने हालांकि कुछ अच्छे शाट्स खेल कर रन गति को बढाने का प्रयास किया मगर कुलदीप की नजरों से वह भी नहीं बच सके। आखिरी के ओवरों में शाहबाज अहमद (59 नाबाद) ने तेज गति से रन बटोरते हुए टीम के स्कोर को 250 के पार पहुंचाया। कुलदीप यादव 55 रन देकर चार विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार और अक्षर पटेल को एक एक विकेट मिला।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

125 रन पहले पॉवर प्ले में ठोंक कर ट्रैविस हेड और अभिषेक ने आईपीएल और टी20 क्रिकेट के इतिहास में बनाया रिकॉर्ड

46 रन महज 12 गेंदों में बनाकर अभिषेक शर्मा ने दिलाई मजबूत शुरुआत

हैदराबाद 266/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 5

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का स्टब्स बो कुलदीप	89	32	11/6
अभिषेक शर्मा का अक्षर बो कुलदीप	46	12	2/6
ऐडन मार्कराम का अक्षर बो कुलदीप	1	3	0/0
हेनरिच क्लासेन बो अक्षर	15	8	0/2
नीतिश कुमार रेड्डी का वार्नर बो कुलदीप	37	27	2/2
शाहबाज अहमद नाबाद	59	29	2/5
अब्दुल समद का नोर्किया बो मुकेश	13	8	1/1
पैट कमिंस रन आउट	1	1	0/0
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	0	0	0/0

गेंदबाजी : खलील 3-0-51-0, ललित 2-0-41-0, नोर्किया 3-0-31-0, कुलदीप 4-0-55-4, मुकेश 4-0-57-1, अक्षर 4-0-29-1

चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग

लखनऊ। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन' बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता।

42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना, अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उब रने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

खेल डायरी

स्वियातेक को हराकर रिबाकिना फाइनल में

स्टुटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री फाइनल में जगह बनाई। रिबाकिना ने स्वियातेक की लगातार तीसरी ट्राफी जीतने की उम्मीद तोड़ दी। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी रिबाकिना ने मैच के दौरान 10 ऐस जमाये जबकि 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए। रिबाकिना ने इस तरह दो घंटे 49 मिनट में जीत हासिल की। यह स्वियातेक के खिलाफ छह भिड़ंत में उनकी चौथी जीत है। अब फाइनल में रिबाकिना का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक और विम्बलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोयूसोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

ओनाकोया ने बनाया 60 घंटे शतरंज खेलने का रिकॉर्ड

न्यूयार्क। नाइजीरिया के शतरंज चैम्पियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला। ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिए पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 12 :40 बजे 60 घंटे तक शतंरज खेलते रहे।

कैस्पर रूड बार्सीलोना ओपन के फाइनल में

बार्सीलोना। कैस्पर रूड ने शनिवार को यहां बार्सीलोना ओपन में थॉमस मार्टिन ई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। नार्वे के इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 7-6 (6), 6-4 से जीत हासिल की। रविवार को खिताब के लिए अब उनका सामना सिटसिपास और डुसान लाजोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। रूड ने क्वार्टरफाइनल में मात्तेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की।

विश्व कप से युवाओं के लिए खुले रास्ते : नाइट

लंदन। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिए आगे आएं। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्वकप के लिए अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरुआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा। ईसीबी की राष्ट्रीय टेप-बॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि अगर युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उनके लिये चयन के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे। पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्रीय खेलों का स्तर काफी नीचे चला गया है, इसलिए उनका प्रदर्शन अधिक मायने रखता है।

मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की अप्रत्याशित जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन प्रतियोगिता के अंत में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में मनु शीर्ष पर रहीं, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

सूर्या की मदद करने के लिए डेविड, पोलार्ड पर जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।

आईपीएल ने कहा कि डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना, लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है।

धीमी ओवरगति पर राहुल-ऋतुराज की फीस कटी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल पर जुर्माना लगाया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है।

बॉलीवुड हलचल

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, हो गया है। इस फिल्म मे दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, मेरी हीरो...रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है।



अरमान के रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' में मेहमान बने कैलम स्कॉट

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक ने अपने रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' के दूसरे एपिसोड में अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ बातचीत की। अपनी असाधारण संगीत प्रतिभा के लिए मशहूर, गायक-गीतकार अरमान मलिक एप्पल म्यूजिक पर अपना रेडियो डेब्यू करने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उनके शो 'ओनली जस्ट बिगन' में संगीतकार सलीम मर्चेंट पहले अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसे दुनिया भर के प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। दूसरे एपिसोड में, अरमान मलिक के साथ अंग्रेजी गायक-गीतकार कैलम स्कॉट शामिल हुए, जिनके साथ उन्होंने अपने नए सिंगल 'ऑलवेज' के लिए सहयोग किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार, कैलम स्कॉट 'यू आर द रीजन', 'डांसिंग ऑन माई ओन', 'एट योर वर्स्ट' और अन्य हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। अरमान मलिक के साथ उनका नवीनतम गाना एक प्रेम गीत है जिसमें दोनों ने पियानो और ऑर्केस्ट्रा के साथ गायन किया है। रेडियो शो के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कैलम स्कॉट के साथ दिल को छू लेने वाली बातचीत से शुरुआत की और उनसे भारत और मुंबई में उनके अनुभव के बारे में पूछा।

खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी के सामने केकेआर नाम का पहाड़

कोलकाता, एजेंसी

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे।

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आ गया है। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।



जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी गुजरात

मुल्लांपुर। लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

कंगाल पाकिस्तान ने आईएमएफ के सामने फैलाए हाथ

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है।

हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए।

2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

3 बिलियन डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में होगा पूरा

आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

रोजगार के मोर्चे में राहत, फरवरी में ईपीएफओ से जुड़े 15.48 लाख सदस्य

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच रोजगार के मोर्चे पर सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। शनिवार 20 अप्रैल को जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा के मुताबिक फरवरी, 2024 में ईपीएफओ में 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं। डाटा के मुताबिक फरवरी के महीने में ईपीएफओ में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू ये है कि इसमें 18-25 उम्र के युवाओं का दबदबा रहा है, जो कुल नए सदस्यों का महत्वपूर्ण 56.36 फीसदी है।

सदस्यों में ज्यादातर युवा जुड़े

ईपीएफओ के डाटा से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा हैं। इसमें मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल डाटा ये भी दर्शाता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए हैं। दरअसल इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली थी और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले ऑर्गनाइजेशन में फिर से शामिल हो गए। इन्होंने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने जमा किए पैसों को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना है। इससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ।

पिछले साल की तुलना में हुई बढ़ोतरी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से नवंबर, 2023 में लगभग 13.95 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 7.36 लाख लोग युवा हैं। ईपीएफओ के आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अधिक है। ईपीएफओ आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2023 के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है। नए शामिल हुए सदस्यों में 18-25 वर्ष के युवाओं का आंकड़ा सबसे ज्यादा 57.30 फीसदी है।

2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं शामिल

पेरोल डेटा का विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, फरवरी महीने के दौरान कुल महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही है। उद्योग-वार डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि मासिक आधार पर उद्योगों में लगे प्रतिष्ठानों जैसे कंप्यूटर के निर्माण, मार्केटिंग सर्विसिंग और उपयोग में लगे प्रतिष्ठान, सड़क मोटर परिवहन, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, कपड़ा आदि में कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के डाटा के मुताबिक कुल शुद्ध सदस्यों में से, लगभग 41.53 फीसदी अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं (मैनपावर सप्लायर्स, सामान्य ठेकेदारों, सुरक्षा सेवाओं, विविध गतिविधियों आदि) से हैं।

एक नजर



यरूशलम में ईश्वर को लिखी सैकड़ों चिट्ठियां, ताकि जंग बंद हो

तेल अवीव। यरूशलम के अल अक्सा मस्जिद की पश्चिमी दीवार यहूदियों का पवित्र धार्मिक स्थान है। पश्चिमी दीवार को यहूदियों के पवित्र टेंपल माउंट का हिस्सा माना जाता है। यहां इस्लाम और ईसाई धर्म के पवित्र धार्मिक स्थल हैं। यहां लोगों ने जंग बंद करने के लिए ईश्वर को चिट्ठियां लिखी हैं।

ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर आत्मदाह वाले युवक की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर खुद को आग लगाने वाले युवक की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने कहा कि अस्पताल उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट पॉन्ड पार्क इलाके में पहुंचे व्यक्ति के पास कुछ पर्चे थे। व्यक्ति ने ये पर्चे इधर-उधर फेंके और फिर खुद को आग लगा ली। पुलिस ने कहा कि कुछ दिन पहले फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क आए व्यक्ति ने पार्क में घुसने के लिए सुरक्षा चौकियों पर कोई सेंधमारी नहीं की थी।

मणिपुर में मतदान केंद्रों पर गोलीबारी के मामले में 3 गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरंगकम्पु साजेब में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। इस घटना में शुक्रवार को एक व्यक्ति घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी गोलीबारी करने के बाद चार पहिया वाहन से मौके से फरार हो गए थे और उन्हें घटनास्थल से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

पंजाब के फाजिल्का में सवा दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का जिले से दो किलो 220 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। बीएसएफ जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने 2.220 किलोग्राम हेरोइन सफलतापूर्वक बरामद की है।

विश्व में तीसरे युद्ध की आहट, अब इराक पर ड्रोन से हमला, दो सैन्य अड्डे तबाह

अमेरिका और इजराइल का हमले से इनकार, तीन लोग घायल

बगदाद, एजेंसी

इराक के सैन्य अड्डों पर जबरदस्त हवाई हमले हुए हैं। ये हमले बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में आधी रात को एक अज्ञात विमान द्वारा किए गए, जिसमें दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी हुई है। हवाई हमले ड्रोन के जरिए किए गए और दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) की ओर से इस्तेमाल किए गए सैन्य अड्डे पर हुए हैं। इन हमलों में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जबकि घटनास्थल तबाह हो गया है।

इराकी अर्धसैनिक हश्द शाबी बल बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में ये हमला हुआ। हमले में दों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें में एक हश्द शाबी बलों का गोला-बारूद का गोदाम तबाह हो गया और दूसरा हमला टैंक मुख्यालय पर हुआ। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सूत्र ने कहा कि बगदाद से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व में मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में पुख्ता जानकारी अभी नहीं है।

इराक पर हमले को लेकर अमेरिका और इजराइल दोनों ने इनकार किया है। दोनों देशों ने कहा कि इसमें उनका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले अमेरिका ने ही ऐन-अल-असद हवाई अड्डे पर एक हमले को नाकाम किया था। यहां अमेरिका और अन्य देशों के सैन्य बल मौजूद हैं।

सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जा रही है जांच: इराक की सुरक्षा समिति

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए।

बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इजराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है। बता दें, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था।

म्यांमार: सेना व विद्रोही गुटों के बीच भड़का संघर्ष

बैंकाक, एजेंसी

- सीमावर्ती शहर में हुई हिंसक झड़प 1,300 लोगों का थाइलैंड पलायन

सीमावर्ती शहर में झड़प शुरू होने के बाद शनिवार को 1,300 लोग पूर्वी म्यांमार से भागकर थाईलैंड में प्रवेश कर गए हैं। करेन जातीय अल्पसंख्यक लड़ाकों ने पिछले हफ्ते म्यावाडी और उसके आसपास म्यांमार सेना की आखिरी चौकी पर कब्जा कर लिया, जो मोई नदी पर दो पुलों द्वारा थाईलैंड से जुड़ा है।

नवीनतम झड़पें सुबह शुरू हुईं, जब करेन गुरिल्लाओं ने म्यांमार सैनिकों के खिलाफ हमला बोल दिया

जो दूसरे थाई-म्यांमार मैत्री पुल के पास छिपे थे। थाई अधिकारियों ने बताया कि म्यावाडी के कई इलाकों में झड़पों के बाद शुक्रवार से लोगों ने पुल को पार करना शुरू कर दिया। म्यावाडी का पतन उस सेना के लिए बड़ा झटका है, जिसने 2021 में आंग सान सू की की चुनी सरकार से सत्ता छीन ली थी। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वह सीमा की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा- हम अपनी सीमाओं और अपने लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार हैं। साथ ही, अगर जरूरी हो तो हम मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भी तैयार हैं।

अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने वाली संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

- चीन की तीन समेत चार कंपनियां खतरनाक हथियार बनाने में कर रही थीं मदद

पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका ने लंबी दूरी और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी चीजों की आपूर्ति करने वाली चीनी और बेलारूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, चीन की तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड और बेलारूस की मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट समेत चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। ये कंपनियां उन गतिविधियों में लीन थी, जिससे खतरनाक हथियारों को बनाने में मदद मिल रही थी। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा मिसाइल बनाने में ये कंपनियां मदद कर रही थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका कोई भी गलत कदम को रोकने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। बता दें कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सहयोगी रहा है और इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों को उपलब्ध कराता रहा है। इनमें से एक कंपनी मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट ने पाकिस्तान के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए विशेष वाहन चेसिस की आपूर्ति की। विदेश विभाग की फैक्टशीट के अनुसार, ऐसी चेसिस का उपयोग पाकिस्तान के एनडीसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्च सपोर्ट उपकरण के रूप में किया जाता है, जो एमटीसीआर बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए जिम्मेदार है।

दोषियों को दी गई जमानत के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट पहुंची सौम्या की मां

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाई कोर्ट ने उम्र कैद के सजा पाए चारों को 12 फरवरी को दी थी जमानत

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ माधवी विश्वनाथन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया और दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक सभी को जमानत दे दी। दोषियों को राहत देते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। कपूर, शुक्ला और मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी ठहराया गया था और वे अब भी जेल में हैं। बता दें, सौम्या की 30 सितंबर 2008 को दक्षिणी दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या तब हुई, जब वह आफिस से घर लौट रही थीं।

माउंट रुआंग ज्वालामुखी फटा

जकार्ता: उत्तरी इंडोनेशिया के सुलावेसी में माउंट रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते सुनामी की चेतावनी और सर्वोच्च लेवल-4 का अलर्ट जारी किया गया। राख आसमान में 3 किमी तक फैल गई। मानाडो के सेम रातुलांगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा है। इससे हजारों विदेशी यात्री फंस गए हैं। 1100 किमी दूर मलेशिया के किनाबालू एयरपोर्ट की उड़ाने भी बाधित हुई है। ● एजेंसी

ताइवान की हवाई सीमा में चीन की घुसपैठ, कई क्षेत्रों में घुसे लड़ाकू विमान और ड्रोन

ताइपे, एजेंसी। चीन और ताइवान के बीच नए युद्ध को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच खबर है कि चीन ने ताइवान की हवाई सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान की एक न्यूज एजेंसी का कहना है कि उसके हवाई क्षेत्र में चीन द्वारा लड़ाकू विमानों और ड्रोन की सहायता से घुसपैठ की गई है। इनमें चीन के जे-16 लड़ाकू विमान, शानक्सी वाई-8 विमान और ड्रोन सहित 21 चीनी सैन्य विमान शामिल हैं। इनमें से 17 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य या उसके विस्तार की मध्य रेखा को पार कर लिया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट की गई है। इसमें बताया गया है कि ताइवान के क्षेत्र में चीन के जे-16, वाई-8 विमान और ड्रोन समेत पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 21 विमानों द्वारा घुसपैठ की गई है। इनमें से 17 विमानों ने मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में गश्त की।

उ. कोरिया ने सबसे खतरनाक क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल, एजेंसी

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है। उसने पश्चिमी तटवर्ती क्षेत्र से एक सुपर-लार्ज क्रूज मिसाइल वारहेड और एक नई एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का परीक्षण किया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के अनुसार, रणनीतिक क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3 के लिए तैयार वारहेड और प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इससे पहले दो फरवरी

को ऐसे ही परीक्षण किए थे, लेकिन उस समय क्रूज मिसाइल या विमान रोधी मिसाइलों के नाम नहीं बताए गए थे। केसीएनए ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण उत्तर कोरिया की नियमित सैन्य प्रगति गतिविधियों के तहत थे और आसपास की स्थिति से इसका कोई लेनादेना नहीं है।

सर्वेक्षण न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल ने किया सर्वे, दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी थी राष्ट्रपति की लोकप्रियता

बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा, ट्रंप से 1% ही पीछे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। न्यूयॉर्क टाइम्स सिएना पोल के सर्वे के मुताबिक बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में अंतर घटकर एक फीसदी रह गया है। जो दो माह पहले फरवरी में 5 फीसदी था।

लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? फरवरी में 48 फीसदी लोग ट्रंप के साथ और 43 फीसदी लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। लेकिन अब दोनों नेताओं में लोकप्रियता को लेकर मात्र एक फीसदी की अतंर रह गया है। बता दें इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों नेता एक बार फिर आमने-सामने नजर आ सकते हैं। हालिया हुए सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई।

जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया।

अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। हालांकि, चुनाव को लेकर सभी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के अनुसार ट्रंप राष्ट्रपति बाइडन से 0.8 प्रतिशत से आगे हैं।

बाइडन को वोट देने वाले डेमोक्रेट वोटर्स में लोकप्रियता बढ़ी

- राष्ट्रपति बाइडन लोकप्रिय होने के साथ डेमोक्रेट वोटर्स में भी ज्यादा पॉपुलर हुए हैं।

- 2020 में बाइडन को वोट देने वाले 89 फीसदी डेमोक्रेट्स का कहना है कि आज वोटिंग हो तो वे बाइडन को वोट देंगे, फरवरी में यह आंकड़ा 83 फीसदी ही था, जो अब 6 फीसदी बढ़ा है।
- ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में समर्थकों में लोकप्रियता घटी है। फरवरी में 97 फीसदी रिपब्लिकन साथ थे, जो अब 3 फीसदी घटकर 94 फीसदी बचे हैं।

अपराधों की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची सीबीआई

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अपराधों और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल के जिले के संदेशखालि पहुंची। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, संदेशखालि के सुंदरीखालि इलाके में पीड़ितों के घर पहुंचे कर उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की, उनके आरोपों के बारे जानकारी हासिल की है।

अधिकारी ने कहा कि टीम ने संदेशखाली थाने और जांच के संबंध में स्थानीय पुलिसकर्मियों से बात की है। उन्होंने बताया कि, हम महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के संबंध में ग्रामीणों से बात करने के लिए संदेशखालि में हैं। हम उनके आरोपों को लिख रहे हैं।'' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की पिछले सप्ताह सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। संदेशखालि में इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पांच जनवरी को कथित राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखालि पहुंचे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था।